राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 पाकिस्तान के मंसूबों पर पानी फेर रही भारत और अफगानिस्तान की दोस्ती.....

दक्षिण कोरिया : महाभियोग मुकदमे की पहली सुनवाई में शामिल नहीं होंगे यून सुक योल..... 12

वर्ष : 12 | अंक : 271 | पटना, मंगलवार, 14 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

महाकुंभ का भव्य शुभारंभ, पौष पूर्णिमा पर संगम की रेती पर आस्था का सैलाब

महाकुंभनगर/एजेंसी। दुनिया के सबसे बड़े सनातन समागम महाकुंभ का भव्य शुभारंभ सोमवार को पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के साथ हो गया। संगम की रेती पर बसे भव्य एवं सुरम्य अस्थायी जिले में लाखों श्रद्धालु अमृत स्नान के लिये बढ़े चले जा रहे थे। अधिकृत जानकारी के अनुसार भोर करीब सुबह तीन बजे से पतित पाविनी गंगा,श्यामल वर्ण यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों के संगम पर स्नान ध्यान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या सुबह साढ़े नौ बजे तक 60 लाख के आंकड़े को पार कर चुकी थी। आस्था के महासंगम में चहुंओर हर-हर गंगे के जयकारे गूंज रहे हैं। साधु संतों की उपस्थिति से वातावरण भक्ति रस से ओतप्रोत है। गरीब अमीर, जाति धर्म से परे आस्था का यह समागम देश की एकता और अखंडता का प्रतीक बन कर दुनिया भर में अपनी आभा फैला रहा है। महाकुंभ सनातन धर्म का सबसे बड़ा धार्मिक और आध्यात्मिक पर्व है। इसका आयोजन हर 12 सालों के बाद किया जाता है। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम तट पर श्रद्धालुओं का अद्भुत नजारा देखने को मिला। आधी रात से ही श्रद्धालु और कल्पवासी संगम तट पर जुटने लगे थे। हर-हर गंगे और जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों से पूरा मेला क्षेत्र गूंज उठा। विदेशी श्रद्धालुओं ने भी पावन स्नान किया। वैदिक पंचांग के अनुसार प्रथम स्नान स्नान के लिए सुबह 5.27 से लेकर सुबह 6.21 तक का सबसे शुभ माना गया है। लेकिन श्रद्धालु आधी रात के बाद से आस्था की डुबकी लगानी शुरू कर दी। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं तड़के से ही संगम स्नान के लिए पहुंचने लगे। आस्था का ऐसा आलम था कि सिर पर गठरी का

वजन भी उनके उत्साह को कम नहीं कर सका। संगम नोज, एरावत घाट और वीआईपी घाट समेत समस्त घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालु स्नान करते नजर आए। युवाओं में सनातन संस्कृति और आध्यात्मिकता के प्रति खासा उत्साह देखने को मिला। संगम स्नान और दान-पुण्य में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम तट पर पूजा-अर्चना और दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मेला क्षेत्र में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से चप्पे-चप्पे की निगरानी की जा रही है। डीआईजी और एसएसपी खुद चक्रमण कर रहे हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। आधी रात और सुबह तड़के से ही पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। पहले स्नान पर्व के दौरान इंद्रदेव ने भी अपनी कृपा बरसाई। एक दिन पहले रविवार को हुई हल्की बारिश के बाद ठंडी हवा और हल्की हवा के बीच श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान का आनंद लिया। संगम क्षेत्र में आस्था का ऐसा अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने सनातन संस्कृति और आस्था के प्रति गौरव की अनुभूति कराई।

महाकुंभ : करोड़ों लोगों के लिए खास दिन: मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को महाकुंभ की शुरूआत के दिन को भारतीय मूल्यों और संस्कृति को महत्व देने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक बहुत ही खास दिन बताया है। श्री मोदी ने एक्सपर एक पोस्ट में कहा, भारतीय मूल्यों और संस्कृति को महत्व देने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक बहुत ही खास दिन! आस्था, भक्ति और संस्कृति के पवित्र संगम में अनगिनत लोगों को एक साथ लाते हुए महाकुंभ 2025 प्रयागराज में शुरू हुआ। महाकुंभ भारत की शाश्वत आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है और आस्था और सद्भाव का उत्सव मनाता है। गौरतलब है कि महाकुंभ विश्व का सबसे बड़ा सार्वजनिक समागम और आस्था का सामूहिक आयोजन है, जो 12 वर्ष के अंतराल पर आयोजित होता है। इस समागम में मुख्य रूप से तपस्वी, संत, साधु, साध्वियां और सभी क्षेत्रों के तीर्थयात्री शामिल होते हैं। इस वर्ष महाकुंभ मेला प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

मुख्यमंत्री ने मकर संक्रांति और लोहड़ी पर्व की बधाई और शुभकामनायें दी

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मकर संक्रांति और लोहड़ी पर्व पर समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को अपनी बधाई और शुभकामनायें दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि मकर संक्रांति और लोहड़ी का पर्व लोगों के लिए सुख, शान्ति और समृद्धि लायेगा। मकर संक्रांति और लोहड़ी के पर्वों का सांस्कृतिक महत्व भी है। लोग इन पर्वों को हर्षोल्लास, पारस्परिक स्नेह एवं सौहार्द्र के साथ मनायें। मकर संक्रांति के पावन स्नान के बाद लोग चूड़ा, दही, तिलकुट खाते और खिलाते हैं, इससे परस्पर प्रेम और सद्भाव बढ़ता है। नये फसलों के घर आने की खुशी में लोहड़ी पर्व मनाया जाता है।

पीएम तीन नौसैनिक युद्धपोतों को राष्ट्र को करेंगे समर्पित

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को महाराष्ट्र का दौरा करेंगे और इस दौरान नौसेना डॉकयार्ड में तीन अग्रिम पंक्ति के नौसैनिक युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। उसके मुताबिक, प्रधानमंत्री इसके बाद नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन भी करेंगे। पीएमओ ने कहा कि तीन प्रमुख नौसैनिक युद्धपोतों को राष्ट्र को समर्पित किया जाना रक्षा विनिर्माण और समुद्री सुरक्षा में वैश्विक नेता बनने के भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है।

मोदी भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के 150वें स्थापना दिवस समारोह में लेंगे भाग

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के 150वें स्थापना दिवस समारोह में भाग लेंगे और इस अवसर पर मिशन मौसम की शुरूआत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी सभा को संबोधित भी करेंगे। पीएमओ ने कहा, देश को मौसम के लिए तैयार और जलवायु-स्मार्ट राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ प्रधानमंत्री मिशन मौसम की शुरूआत करेंगे। इस मिशन का उद्देश्य अत्याधुनिक मौसम निगरानी प्रौद्योगिकियों और प्रणालियों को विकसित करके, उच्च क्षमता वाले वायुमंडलीय अवलोकनों, अगली पीढ़ी के राडार और उपग्रहों और उच्च-प्रदर्शन वाले कंप्यूटरों को लागू करके मौसम के लिए तैयार और जलवायु-स्मार्ट राष्ट्र का लक्ष्य प्राप्त करना है।

नासिक भीषण सड़क हादसे में 6 की मौत

मुंबई। नासिक मुंबई हाईवे फ्लाईओवर पर टेम्पो और मिनी ट्रक की टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 5 लोग घायल हो गए, जिनमें से 2 की हालत गंभीर है। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना पर शोक जताया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नासिक-मुंबई राजमार्ग पर हुए हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस हादसे में मृतकों के परिवार वालों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी और घायलों का खर्च सरकार उठाएगी।

मुख्यमंत्री ने समस्तीपुर जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की

सभी क्षेत्रों व वर्गों के लिए किया जा रहा विकास का काम : नीतीश

बोलें- 2005 से पहले बिहार की हालत काफी खराब थी

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दूसरे चरण के दौरान सोमवार को समस्तीपुर जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं के संबंध में समस्तीपुर के समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षात्मक बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जो भी समस्याएं रखी हैं, उनका जल्द से जल्द निराकरण करें। मुख्य सचिव भी समस्याओं के समाधान को लेकर त्वरित कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति यात्रा के क्रम में हम जिन जिलों में जा रहे हैं वहां विकास कार्यों की जानकारी लेने के साथ ही जमीनी स्तर पर उसका जायजा भी लेते हैं। पिछले कैबिनेट की बैठक में प्रगति यात्रा के दौरान जो पहले घोषणाएं हुई हैं, उसकी मंजूरी दे दी गयी है। 24 नवंबर, 2005 से बिहार के लोगों ने हमलोगों को काम करने का मौका दिया। उस समय से हमलोग बिहार के विकास के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। सभी क्षेत्रों और सभी वर्गों के लिए लगातार विकास का काम किया जा रहा है। वर्ष 2005 से पहले बिहार की हालत काफी खराब थी। शाम के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डरते थे। अस्पतालों में इलाज का इंतजाम नहीं था, सड़कें जर्जर थीं। शिक्षा की हालत ठीक नहीं थी। प्रायः हिन्दू-मुस्लिम के बीच विवाद की खबरें आती थीं।

संपूर्ण बिहार में विकास का करा रहे हैं काम :

मुख्यमंत्री ने कहा कि संपूर्ण बिहार में विकास का काम हमलोग करा रहे हैं। बिहार का कोई भी इलाका

विकास से अछूता नहीं है। हमलोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल-पुलिया के निर्माण का काम बड़े पैमाने पर कराया है जिसके कारण बिहार के किसी भी कोने से पहले 6 घंटे में लोग पटना पहुंचते थे, अब उसे घटाकर 5 घंटे किया गया है। इसके लिए हर प्रकार से काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूल भवनों का निर्माण कराकर शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने का प्रयास किया गया है। बड़ी संख्या में सरकारी शिक्षकों की भी बहाली की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक माह में सिर्फ 39 मरीज इलाज कराने आते थे। अब 1 माह में औसतन 11 हजार से अधिक मरीज इलाज कराने पहुंच रहे हैं। पहले बिहार में सिर्फ 6 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे। अब उनकी संख्या बढ़कर 12 हो गई है। सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं।

12 लाख लोगों को सरकारी नौकरी व 34 लाख लोगों को दिया जाएगा रोजगार :

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसे बढ़ाकर 12 लाख किया गया है। अब तक 9 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दे दी गई है। इसके अलावा 10 लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अब तक 24 लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराया गया है। वर्ष 2025 में 12 लाख लोगों को सरकारी नौकरी तथा 34 लाख लोगों को रोजगार मुहैया करा दिया जाएगा। हमलोगों ने सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम किया है।

ये रहें मौजूद :

समीक्षा बैठक के दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री सह समस्तीपुर जिला के प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार, सूचना एवं जन-संपर्क मंत्री महेश्वर हजारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

मुक्तापुर-मोईन को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा

मुख्यमंत्री ने समस्तीपुर जिले के लिए की कई महत्वपूर्ण घोषणायें

मुक्तापुर-मोईन को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। समस्तीपुर-दरभंगा पथ पर मुक्तापुर में रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी का निर्माण कराया जायेगा। समस्तीपुर शहर के लिए छोटी बेझाडीह से मुक्तापुर में प्रस्तावित आरओबी तक बाईपास सड़क का निर्माण कराया जायेगा। समस्तीपुर शहर में गंडक नदी पर मगरदही घाट के पास पुराने जर्जर पुल के स्थान पर आरसीसी पुल का निर्माण कराया जायेगा। सरायरंजन में मेडिकल कॉलेज के लिए बाईपास का निर्माण कराया जायेगा। रोसड़ा-शिवाजीनगर पथ का चौड़ीकरण किया जायेगा। रोसड़ा नगर परिषद में बाईपास का निर्माण किया जायेगा। इससे लोगों को जाम की समस्या से निजात मिलेगी। शिवाजी नगर प्रखंड में शंकर घाट पर उच्चस्तरीय आरसीसी पुल का निर्माण किया जायेगा। इससे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। बलान नदी का गाद उड़ाही कराया जायेगा।इन सब कामों को करा दिया जायेगा और इसके अतिरिक्त समस्तीपुर जिले में और कोई भी जरूरत होगी, उसको भी कराया जायेगा। बिहार के हर क्षेत्र में काम हो रहा है, आगे और तेजी से काम होगा। समीक्षा बैठक में समस्तीपुर जिला के जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने प्रतीक चिह्न और हरित पौधा भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

5 पावर ग्रिड का निर्माण व 39 पावर उपकेंद्र बनाए गए

मुख्यमंत्री ने कहा कि समस्तीपुर जिले में विकास के कई कार्य किए गए हैं। यहां इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल संस्थान और छात्रावासों का निर्माण कराया गया है। साथ ही पॉलिटेक्निक संस्थान, महिला आईटीआई, सभी अनुमंडलों में आईटीआई, जीएनएम संस्थान, पारा मेडिकल संस्थान और जननायक कपूरी ठाकुर छात्रावास का भी निर्माण कराया गया है। वर्ष 2023 में सरायरंजन में श्रीराम जानकी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का उद्घाटन किया गया। समस्तीपुर जिला में कई पथों एवं पुलों का निर्माण कराया गया है। कल्याणपुर, विभूतिपुर और उजियारपुर में अनुसूचित जाति अंबेडकर कल्याण छात्रावास का निर्माण कराया गया है। बूढ़ी गंडक नदी पर बड़े पुल का निर्माण करा दिया गया है। 79 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कराया गया है। इस जिले में जो भी पंचायत सरकार भवन बचे हुए हैं जिलाधिकारी उसका शीघ्र निर्माण कराएं। यहां 5 पावर ग्रिड का निर्माण कराया गया है और साथ ही 39 पावर उपकेंद्र बनाए गए हैं। 60 डेडीकेटेड कृषि फीडर का निर्माण कराया गया और 25 हजार 288 इच्छुक किसानों को विद्युत कनेक्शन दिया गया है। 50 हजार 340 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है, जिससे 6 लाख 36 हजार जीविका दीदी जुड़कर अपना जीविकोपार्जन कर रही हैं। समस्तीपुर जिले के लिए इन सब कामों के अलावा और भी जिन कामों के संबंध में सुझाव आएंगे उस पर काम किया जाएगा।

कृषि मंत्री ने 28 सहायक निदेशक स्तर के पदाधिकारियों को दिया नियुक्ति पत्र

कृषि विभाग में शीघ्र होगी 1 हजार नए पदों पर बहाली : मंत्री

पटना। कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने सोमवार को कृषि भवन सभागार में कृषि विभाग के 28 सहायक निदेशक स्तर के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि सचिव संजय अग्रवाल ने की। कार्यक्रम के दौरान कृषि मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि विभाग में रिक्त पड़े 1 हजार नए पदों को यथा-शीघ्र भरा जाएगा और 2 हजार अतिरिक्त नई बहालियों का विज्ञापन विभिन्न पदों के लिए जल्द ही निकाला जाएगा। विभाग की कोशिश है कि हर प्रकार के सृजित पदों को भर दिया जाए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में कृषि उन्नति कार्यक्रम चलाएं जा रहे हैं। कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं को गति मिली है। आज किसानों का हित सर्वोपरी है। वहीं राज्य में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में किसानों का समेकित विकास हो रहा है।

कृषि मंत्री ने 28 सहायक निदेशक स्तर के पदाधिकारियों को दिया नियुक्ति पत्र

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने विभाग के बिहार कृषि सेवा कोटि-2 (कृषि अभियंत्रण) संवर्ग के 19 सहायक निदेशक स्तर के पदाधिकारियों एवं

बिहार कृषि सेवा कोटि-5 (पौधा संरक्षण) संवर्ग के 9 सहायक निदेशक स्तर के राजपत्रित पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। जो अपनी क्षमता का प्रदर्शन कृषि विभाग की बेहतरी एवं किसानों की उन्नति के लिए करेंगे। कृषि मंत्री ने आगे कहा कि पौधा संरक्षण के नवनियुक्त सहायक निदेशक से मेरी अपेक्षा होगी कि आप किसानों की फसलों की सुरक्षा हेतु जैविक उपायों के लिए प्रेरित करें। राज्य में फसलों को नुकसान पहुँचाने वाले कीट-व्याधियों तथा रोगों से बचाव के लिए किसानों को अनुशंसित मात्रा में उपादानों के उपयोग के बारे में जानकारी देंगे। वहीं राज्य सरकार की ओर से फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए इस वर्ष 75 प्रकार के कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है।

श्री पांडेय ने कहा कि इन पदाधिकारियों की नियुक्ति से कृषि विभाग को और अधिक बल मिलेगा और भविष्य में नये कीर्तिमान स्थापित करेगा। किसानों के आमदनी दोगुनी करने हेतु कृषि उत्पाद का प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन हेतु उपयोगी यंत्रों के बारे में किसानों को अवगत कराना आवश्यक है।

इस अवसर पर संजय कुमार अग्रवाल, सचिव, कृषि विभाग, आलोक रंजन घोष, प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य बीज निगम, वीरेंद्र यादव, विशेष सचिव, कृषि विभाग, नितिन कुमार सिंह, कृषि निदेशक, बिहार एवं अमिताभ सिंह, आप्त सचिव, कृषि मंत्री मौजूद रहें।

चीन सीमा पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील : सेना प्रमुख

जनरल द्विवेदी बोलें- सैनिकों की तैनाती में कमी नहीं

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि पूर्वी लद्दाख में चीन से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील बनी हुई है और वहां तैनात सैनिकों की संख्या में अभी कमी नहीं की जायेगी। सेना प्रमुख ने सेना दिवस से पहले यहां सोमवार को वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर वास्तविक स्थिति के संबंध में पूछे गये सवालों तथा इस संबंध में अपने आरंभिक वक्तव्य में कहा कि वहां स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष के अंत में दोनों देशों के बीच बनी सहमति के बाद कई मुद्दों का समाधान हुआ है। दोनों सेनाओं के सैनिकों की गश्त तथा चरवाहों की गतिविधि से संबंधित मुद्दों का समाधान हुआ है। उन्होंने कहा कि वहां पर सेना की तैनाती के मामले में भी संतुलन बनाकर रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए पूरी सक्षम है। जनरल द्विवेदी ने सवालों के जवाब में कहा कि अप्रैल 2020 के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगते क्षेत्रों में जो गतिरोध बना था। उस समय दोनों तरफ से निर्माण संबंधी गतिविधियां तथा कुछ और बदलाव किये गये हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए स्थिति पहले जैसी नहीं है। इस नये माहौल और बदलाव की स्थिति में नये सिरे से

समझ विकसित करने की जरूरत है जिससे कि दोनों पक्षों के बीच भरोसा मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच शीर्ष नेतृत्व से लेकर सेना के स्तर पर बातचीत निरंतर जारी है और कोर कमांडरों को छिटपुट विवादों को स्थानीय स्तर पर दूर करने की जिम्मेदारी दी गयी है। उन्होंने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सर्दी और गर्मी के मौसम के हिसाब से सैनिकों की तैनाती की जाती है। अभी सर्दी के मौसम और मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए वहां तैनात सैनिकों की संख्या में कमी नहीं की जायेगी और गर्मी के मौसम में स्थिति की समीक्षा के आधार पर निर्णय लिया जायेगा। जम्मू-कश्मीर की स्थिति के बारे में पूछे गये प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि घुसपैठ जारी है लेकिन स्थिति नियंत्रण में है। बंगलादेश के घटनाक्रम पर पूछे गये सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बंगलादेश हमारे लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। दोनों देश पड़ोसी हैं, हमें साथ रहना है और एक दूसरे को समझना है तथा किसी भी तरह की दुश्मनी एक दूसरे के हित में नहीं है।

कश्मीर देश का मुकुट व भारत का ताज है : मोदी

पीएम ने सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को किया संबोधित

उद्घाटन

प्रात : किरण

श्रीनगर/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर को भारत का ताज बताते हुये, क्षेत्र के लोगों को भरोसा दिया कि उन्होंने जो वायदे किये हैं, उन्हें निभाया जायेगा और राज्य के विकास के लिये हर काम समय से पूरा किया जायेगा। श्री मोदी सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन करने के बाद यहां आयोजित एक बड़ी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने कहा, आप पक्का मानिये, ये मोदी है, वादा करता है, तो निभाता है। हर काम का समय होता है, सही समय पर सही काम भी होने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, कश्मीर तो देश का मुकुट है भारत का ताज है। इसलिये, मैं चाहता हूं कि ये ताज और सुंदर हो, और समृद्ध हो। मुझे ये देखकर खुशी होती है कि इस काम

में मुझे यहां के नौजवानों, बुजुर्गों, बेटे-बेटियों का लगातार साथ मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने सोनमर्ग सुरंग को जम्मू-कश्मीर के लिये एक बड़ी सौगात बताते हुये कहा, आज मैं एक बड़ी सौगात लेकर आपके एक सेवक के रूप में आपके बीच आया हूं। कुछ दिन पहले मुझे जम्मू में आपके अपने रेल डिवीजन का शिलान्यास करने का अवसर मिला था। यह आपकी बहुत पुरानी मांग थी। आज मुझे सोनमर्ग सुरंग देश को और आपको सौंपने का मौका मिला है, यानी जम्मू-कश्मीर की, लद्दाख की एक और बहुत पुरानी मांग आज पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि सोनमर्ग सुरंग का वास्तविक निर्माण कार्य, उनकी सरकार ने 2015 में शुरू किया था और मुझे खुशी है कि इस सुरंग का काम हमारी ही सरकार में पूरा भी हुआ है। प्रधानमंत्री का सभा में स्वागत करते हुये, मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने राज्य में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिये उनका और चुनाव आयोग का आभार जताया। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का वायदा भी जल्द पूरा करेंगे। श्री मोदी ने कहा कि इस टनल से सर्दियों के मौसम में सोनमर्ग की कनेक्टिविटी भी बनी रहेगी और इससे सोनमर्ग सहित पूरे इलाके में पर्यटन उद्योग को नये पंख लगेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जम्मू-कश्मीर में रेल और सड़क सुविधाओं का और विस्तार होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, अब तो कश्मीर वादी रेल से भी जुड़ने वाली है। मैं देख रहा हूं कि इसको लेकर भी यहां जबरदस्त खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा, आज भारत, तरक्की की नई बुलंदी की तरफ बढ़ चला है। हर देशवासी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में जुटा है। यह तभी हो सकता है, जब हमारे देश का कोई भी हिस्सा, कोई भी परिवार तरक्की से पीछे न छूटे। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के सफर में, बहुत बड़ा योगदान, हमारे पर्यटन क्षेत्र का है। बेहतर संपर्क सुविधाओं के कारण, जम्मू-कश्मीर के उन इलाकों तक भी पर्यटक पहुंचेंगे, जो अभी तक अनछुये हैं। उन्होंने कहा कि बीते 10 सालों में जम्मू-कश्मीर में अमन और तरक्की का जो माहौल बना है

लोगों को वायदे पूरा करने का दिया भरोसा

संक्षिप्त खबरें

कुष्ठ आश्रम में चूड़ा दही तिलकुट, व वस्त्र एवं द्रव्य का वितरण किया गया

दानापुर नगर के अंतर्गत मकर संक्रांति के अवसर पर सर्वजन कल्याण समिति, अंबेडकर पथ पटना के द्वारा कुष्ठ आश्रम दानापुर में जाकर चूड़ा दही तिलकुट, व वस्त्र एवं द्रव्य का वितरण किया इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार उर्फ ट्विंकल जी महामंत्री मिथिलेश सिन्हा सतीश पासवान अनिल सिन्हा कृष्णा मुखर्जी सुधीर एवं नमन व अन्य सहयोगी उपस्थित थे

राष्ट्रीय स्वयंसेवक के द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया

दानापुर। नगर के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद के जयंती पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक द्वारा नगर के नौ अलग अलग स्थानो पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। सभी शिविरों पर सैकड़ो की संख्या में लोगो ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया। शिविर में मधुमेह, रक्तचाप समेत अन्य प्रकार के जांच व बीमारी का इलाज किया गया। चिकित्सकों ने लोगो के जांच के साथ आवश्यक सलाह एवं दवा आदि दिया। नगर के झखड़ी महादेव, गोलारोड, तकियापर, बिस्कूट फैक्ट्री मोड़, डीपीएस मोड, सगुना मोड़, समेत नौ अलग अलग स्थानो पर शिविर का आयोजन किया गया था।

लालू यादव के खिलाफ बोलने वालों को मिलेगा करारा जवाब

पटना सिटी (प्राकि)। शहीद भगत सिंह पर भाजपा के वरिष्ठ नेता आजाद गांधी का पुतला दहन किया गया। इसकी अध्यक्षता पटना पूर्वी युवा राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष पंकज रजक ने किया। उन्होंने कहा कि आजाद गांधी आज सामंतियों से मिल कर सबसे बड़े तानाशाह नरेंद्र मोदी को समाजवाद का नाम दे रहे हैं और राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को गाली देने का काम कर रहे हैं। उन्हें अपने बयान को ढंग से रखना चाहिए। ऐसा नहीं होने पर राज्यस्तरीय आंदोलन किया जाएगा। बिहार के हर क्षेत्र में आपका पुतला दहन कर विरोध किया जाएगा। श्री लालू यादव ने रामकृपाल यादव से लेकर श्याम रजक और भगवती देवी से लेकर मुन्नी रजक थतक को सड़क से उठा कर सदन में भेजने का काम किया। वे दलितो, वंचितों, गरीबों, अल्पसंख्याक के लिए भगवान हैं।युवा राष्ट्रीय जनता दल के उपाध्यक्ष कुंवर वल्लभ, कृष्ण झा, चंदन मेहता, लालबाबू गुप्ता, सौरभ जयसवाल, मंजीत यादव, रोहित यादव, अरविंद यादव, राजेश रजक, सोनू यादव, मुकेश चंद्रवंशी, विमल सिन्हा, रोहित सहनी, विशाल सिन्हा, विक्की बल्लभ, चंदन रजक, भोला गुप्ता, जितेन्द्र यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

श्री राधा नाम संकीर्तन का आयोजन

पटना सिटी (प्राकि)। श्री राधा नाम संकीर्तन का आयोजन अग्रहरि समाज के पूर्व अध्यक्ष प्रेम कुमार गुप्ता अग्रहरि की अध्यक्षता में हुई। मालसलामी के रिकाबगंज कटरा बाजार में सनातन धर्म परिवार की ओर से इसका आयोजन किया गया था। संकीर्तन में वृन्दावन गोवर्धन से आयीं गुरु मां राधिका गोस्वामी ने कहा कि राधा का नाम जपने से नकरात्मक ऊर्जा नष्ट होती है। राधाबल्लभाचार्य बृजेश गोस्वामी ने कहा कि घर-घर में राधा नाम का मंत्र गूंजेगा, तो लोगों का कष्ट स्वतः हल हो जाएगा।

देवघर-पटना मेमू का दानापुर मंडल के डुमरी स्टेशन पर अस्थायी ठहराव

पतन/हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 63209 देवघर-पटना मेमू का दानापुर मंडल के डमुरी स्टेशन पर 14 जनावरी से 31.03.25 तक 01 मिनट का अस्थायी हराव प्रदान या गया है । 14 जनवरी से 31.03.25 तक गाड़ी सं. 63209 देवघर-पटना मेमू 09.55 बजे डुमरी स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 09.56 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

घरेलू प्रसव मुक्त पंचायत का दिख रहा असर, प्रतिशत में आयी कमी

80 पंचायतों में चलाया गया था घरेलू प्रसव मुक्त पंचायत का अभियान

- सरकारी संस्थानों में नवंबर तक राज्य में 10 लाख 69 हजार 923 प्रसव हुए

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। घरेलू प्रसव मुक्त राज्य के लिए चलाया गया अभियान रफ्तार पकड़ रहा है। इसका सीधा असर राज्य के आंकड़ों में दिख रहा है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 5 के अनुसार राज्य में जहां 24 प्रतिशत प्रसव घर पर ही हो रहे थे। वहीं एचएमआईएस के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2024 तक कुल प्रसव का 8.4 प्रतिशत मात्र प्रसव ही घरों में हुआ। एचएमआईएस के एक अन्य आंकड़े के अनुसार, राज्य के ग्रामीण इलाकों में 8 लाख 83 हजार 435 तथा शहरी इलाकों में 1 लाख 86 हजार 488 प्रसव हुए हैं, यानी राज्य के सरकारी संस्थानों में कुल 10 लाख 69 हजार 923 प्रसव वित्तीय वर्ष 2024– 25 के नवंबर तक हुए।

80 पंचायतों में चलाया जा रहा अभियान

अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ सरिता ने बताया कि राज्य में घरेलू प्रसव को कम करने के लिए राज्य के चिन्हित 11 जिलों के 27 प्रखंड के अंतर्गत 80 पंचायतों में घरेलू प्रसव मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत आशा, आशा फैसिलिटेटर, एएनएम, सीएचओ को घरेलू प्रसव मुक्त के लिए उन्मुखीकरण किया गया था। इसके अलावा मुखिया और वार्ड सदस्य सहित सामुदायिक हितधारकों को घरेलू प्रसव के लिए जिम्मेदार कारणों को समझते हुए उनका व्यावहारिक हल भी निकालने के लिए आग्रह किया गया था। ज्यादातर मामलों में स्थानीय समस्याएं ही घरेलू प्रसव का कारण बन रही थीं, जिनका स्थानीय स्तर पर ही समाधान किया जा रहा है।

लक्ष्य का 85 प्रतिशत हुआ सिजेरियन

एचएमआईएस के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में सिजेरियन प्रसव करने में भी काफी तेजी आयी है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में इस तेजी को मुखरता के साथ महसूस किया गया है। नवंबर तक लक्षित 39 हजार 550 का पीछा करते हुए राज्य के सरकारी संस्थानों ने कुल 85 प्रतिशत यानी 33 हजार 625 सिजेरियन प्रसव भी किए हैं। राज्य के निजी संस्थानों ने नवंबर तक 30 हजार 243 सिजेरियन किए।

महापौर के चूड़ा-दही भोज में जुटे नेता व पार्षद, राज्यपाल ने दी शुभकामना

- पटना शहरी क्षेत्र का विकास ही उनकी प्राथमिकता : सीता साहू

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मकर संक्रांति के एक दिन पूर्व चूड़ा-दही भोज का आयोजन पटना नगर निगम के महापौर सीता साहू के द्वारा दिया गया था। महापौर के कार्यकाल को दो वर्ष पूरे होने पर इसका आयोजन किया गया। मीना बाजार स्थित महाराजगंज के तैलिक उत्सव हॉल में आयोजित भोज में शामिल होने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी पहुंचे। उनका स्वागत बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, महापौर सीता साहू, पार्षद श्वेता कुमारी और शिशिर कुमार ने किया। इस दौरान राज्यपाल उपस्थित पार्षदों से मिले और उन सबों को मकर संक्रांति की शुभकामना देते हुए शहर के विकास का संकल्प करने को प्रेरित किया। भोज में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद रविशंकर प्रसाद, पूर्व सांसद रामकृपाल यादव, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री सदानंद, विधायक भाई वीरेंद्र, अरुण सिन्हा के साथ उपमहापौर रेश्मी चंद्रवंशी, 50 से अधिक पार्षदों में आशीष सिन्हा, तरुणा राय, विनोद कुमार, इंद्रजीत चंद्रवंशी, सतीश कुमार, तारा देवी, किरण मेहता, संध्या यादव, अंजली राय, सुनीता देवी, नीलम कुमारी, गायत्री गुप्ता, मनोज कुमार उर्फ मुन्ना जायसवाल, मनोज मेहता, कांति देवी, शोभा देवी, रजनीकांत, जयप्रकाश, पूर्व पार्षद मनोज गोप, स्मिता रानी, सीता सिन्हा, मनोज कुमार गोप, रामजी मेहता, दिलीप गुप्ता, लड्डू चंद्रवंशी, मनोज कुमार, लगभग 50 से अधिक पार्षद व उनके प्रतिनिधि शामिल हुए। महापौर ने कहा कि नगर निगम शहर के विकास का कार्य कर रही है। पटना को स्वच्छता के लिए बेहतर स्थान प्राप्त करना है इस उदेश्य को लेकर कार्य किया जा रहा है। आयोजन में निगम के अधिकारी व पदाधिकारियों की भी उपस्थित थी। भोज में बिहार प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, बिहार झारखंड के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र भाई, बिहार में भाजपा के संगठन मंत्री भीखु भाई दलसानिया, पूर्व एमएलसी लालबाबू प्रसाद, विधायक संजय गुप्ता आदि पहुंचे।

युवा दिवस पर ओरिएंटेशन प्रोग्राम का किया गया आयोजन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आरपीएम कॉलेज में एनएसएस की ओर से युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर फूल अर्पित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस पदाधिकारी डॉ जयंती रानी ने किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरूआत महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष 1969 पर किया गया। यह गांधी जी के विचारों से प्रेरित है, जो हमें समाजसेवा के लिए जागरूक करता है। यह समाज के प्रति युवाओं को संवेदनशील बनाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो(डॉ) पूनम ने किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए एनएसएस के मूल सिद्धांतों पर विचार व्यक्त किया तथा छात्राओं को इस प्रकार के समाजसेवा के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्राओं को श्रेष्ठ नागरिक बनने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ नीलम कुमारी, डॉ नागेंद्र मिश्र, डॉ.रजिया नसरीन, डॉ सुषमा, डॉ मनोज कुमार, डॉ प्रीति कुमारी, डॉ पूनम कुमारी, डॉ वीणा, डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ मीनू मिंज, डॉ दशरथ मंडल मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ नागेंद्र मिश्र के द्वारा किया गया।

युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में हुआ विशेष व्याख्यान

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। राजकीय संस्कृत महाविद्यालय पटना में युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में ऑनलाइन/ऑफलाइन के माध्यम से विशेष व्याख्यान का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक कुलपति प्रो लक्ष्मी निवास पाण्डेय ऑनलाइन उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ मनोज कुमार ने किया। संयोजकत्व डॉ ज्योत्सना ने किया। सह संयोजक एवं संचालक डॉ शशिकांत तिवारी ने कार्यक्रम का संयोजन किया। कार्यक्रम में सारस्वत वक्ता के रूप में डॉ श्रेयांश द्विवेदी, संस्थापक कुलपति महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय ,कैथल ने कहा कि प्रत्येक युवा को स्वामी विवेकानंद के आचार विचार से प्रेरणा लेनी चाहिए। प्राचीन अवार्चीन का मेल ही विवेकानंद है।उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने कहा था कि धर्म की रक्षा से व्यक्ति तथा समाज की रक्षा होती है। अतः हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए परन्तु अपने सनातन धर्म में समर्पण एवं निष्ठा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वामी जी के सिद्धांत में प्राचीन अवार्चीन, पूर्व पश्चिम, आदर्श विश्वास, ज्ञान संस्कार एवं विज्ञान अध्यात्म का अदभुत समन्वय दिखता है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ रंजन कुमार त्रिपाठी, छात्रकल्याण अधिष्ठाता, दिल्ली विश्वविद्यालय ने कहा कि कर्म की अखंडता की प्रेरणा का नाम ही विवेकानंद है। भविष्योन्मुखी होना ही युवा का प्रथम लक्षण है। स्वामी जी के विषय में विस्तार से चर्चा करते हुए त्रिपाठी जी ने कहा कि आज समाज में जो स्वामी विवेकानंद का चित्र दिख रहा है, वह काल्पनिक मात्र है, असली चित्र कन्याकुमारी के संग्रहालय में सुरक्षित है जिसको पुडुचेरी के चित्रकार ने बनाया है, जिसकी आंखों में लगातार देखना संभव नहीं है। ऐसी कल्पना की जा सकती है कि जिसकी मूर्ति में ऐसी आभा हो उसका वास्तविक स्वरूप क्या होगा। कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि युवा के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद में विज्ञान तथा अध्यात्म का अदभुत समन्वय था। स्वामी जी का व्यक्तित्व शुद्ध रूप से संस्कृतमय था, जिसमें प्राचीन अवार्चीन का समन्वय था। संस्कृत के छात्रों को उनसे प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य के प्रति के लिए अडिग रहना चाहिए। युवा वही है, जो उत्साही हो, चरित्रवान हो, नवाचारी हो तथा अपने लक्ष्य पर अडिग हो। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रधानाचार्य डॉ मनोज कुमार ने कहा कि युवाओं के विकास हेतु एवं संस्कृति की रक्षा के लिए यह महाविद्यालय सदैव कटिबद्ध है। संयोजिका डॉ ज्योत्सना ने कहा कि युवाओं को गुरु शिष्य परंपरा का पालन करते हुए राष्ट्र हित में अपना योगदान देना चाहिए। उक्त अवसर पर प्रो उमेश शर्मा, डॉ शिवानंद शुक्ल, डॉ अलका कुमारी , डॉ विनीता सुप्रिया, विवेक कुमार तिवारी आदि विद्वान उपस्थित थे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया। ऑनलाइन माध्यम से भी अनेक शिक्षक एवं छात्र जुड़े रहे। प्रधानाचार्य ने आश्वासन दिया है कि इस प्रकार का आयोजन प्रति माह किया जाएगा, जिसमें शास्त्र चर्चा की जाएगी।

दृष्टि बाधित क्रिकेट मैच में बिहार ने विदर्भ सात विकेट से हराया

- तीन को रन आउट करने वाली सोनी शर्मा मैन ऑफ द मैच बनी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

केरल राज्य के कोच्चि में दृष्टिबाधित लड़कियों के राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बिहार की टीम भी भाग ले रही है। पहले लीग मैच में बिहार की टीम ने विदर्भ को सात विकेट से हरा दिया। बिहार की टीम की ओर से अंतर्ज्योति बालिका विद्याल पटना के कुम्हरार की छात्रा मनीषा कुमारी ने 13 रन एवं रूमन कुमारी ने 15 रन ने बेहतरीन पारी खेली। मैच में विदर्भ की टीम 19 ओवर में 110 रन पर ऑल आउट हो गईं इसे बिहार की टीम 15.2 ओवर में लक्ष्य को पूरा कर लिया। बिहार टीम की ओर से संगीता ने बल्लेबाजी कीशुरूआत करते हुए नॉट आउट रहते हुए 28 रन बनाए। बिहार क्रिकेट बोर्ड के वाइस चेयरमैन रमेश प्रसाद सिंह ने सभी खिलाड़ियों को ग्राउंड में प्रोत्साहित करते हुए बताया कि सोनी शर्मा बिहार टीम की ओर से तीन रन आउट करने के लिए मैन ऑफ द मैच से नवाजी गई।

पूर्णिमा पर हुई पूजा अर्चना, मां गंगा की हुई आरती

पटना सिटी (प्राकि)। पौष मास की पूर्णिमा पर पूजा-अर्चना व धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धालुओं के द्वारा किया गया। इस दौरान गंगा स्नान के लिए भी भक्तों की भीड़ विभिन्न घाट पर जुटी थी। वैष्णव मंदिरों व घरों में सत्यनारायण पूजा के साथ अन्य धार्मिक आयोजन किए गए। बेगमपुर स्थित श्री दादाबाड़ी जैन मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान में दादा गुरु देव की पूजा-अर्चना की गई। इसकी शुरूआत नवकार महामंत्र से हुई। इसके बाद बड़ी पूजा, सामूहिक इक्तीसा पाठ, मंगल आरती किया गया। पूर्णिमा के मौके पर कंगन घाट पर गंगा सेवा दल समन्वय समिति की ओर से गंगा आरती अध्यक्ष डॉ राजीव गंगौल की अध्यक्षता व महासचिव पंडित राजेश शुक्ला टिल्लू के संचालन में हुई। आचार्य हिमांशु गिरि ने आरती का विधान कराया।

उप डाकघर नए भवन में स्थानांतरित, मिलेगी सुविधाएं

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मालसलासी स्थित माधो मिल्स उप डाकघर का नए भवन में स्थानांतरित किया गया। इसका उद्घाटन पोस्ट मास्टर जनरल अनिल कुमार ने ऑन लाइन जुड़ कर किया। आयोजन में आधुनिक सुविधाओ वाली उप डाकघर में मिलेगी। इसमें कॉमन सर्विस सेंटर की सुविधा डाक सेवाएं निदेशक मुख्यालय पवन कुमार, डाक अधीक्षक अनिल कुमार, सहायक डाक अधीक्षक उमाशंकर कुमार, जन शिकायत निरीक्षक राहुल त्रिवेदी एवं माधो मिल्स मोहल्ला स्थित उप डाकघर के उप डाकपाल शम्भू कुमार, डाक सहायक विनीता कुमारी, अजीत कुमार आदि शामिल हुए। डाक सेवा निदेशक मुख्यालय पवन कुमार व डाक अधीक्षक अनिल कुमार ने कहा कि उपभोक्ताओं को सहज व सरल तरीके से सुविधा प्रदान करना डाक सेवा की प्राथमिकता है। डाक सेवाओं के अतिरिक्त अन्य आधुनिक वित्तीय सेवाओं का लाभ यहां मिलेगा।

एमएमए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिहार के खिलाड़ियों का जलवा



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

8वीं एमएमए राष्ट्रीय प्रतियोगिता संपन्न हो गई। इस प्रतियोगिता में बिहार का जलबा दिखा। इसमें सुमित कुमार ने सीनियर मैन इवेंट में बिहार को पहला गोल्ड मेडल दिला कर इंतिहास रचा है। इसके अलावा सीनियर गर्ल्स इवेंट में प्रियंका ने सिल्वर मेडल लेकर बिहार का गौरव बढ़ाया है। इसके साथ खुशी गुप्ता ने रजत पदक, औरंगाबाद के सत्यम कुमार, अनुराग कुमार रजत पदक और हाजीपुर चादी के लाल आदित्य सिंह राजपूत ने प्रथम प्रयास में रजत पदक प्राप्त कर भारत में बिहार राज्य का नाम रौशन किया है। बिहार मिक्स मार्शल आर्ट के महासचिव हर्ष कुमार, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार, टीम के कोच शुभम कुमार, रौशन, सुमित पोद्दार एवं बिहार एमएमए के मुख्य कोच अभिनव भारद्वाज ने सभी खिलाड़ियों को शुभकमनाएं दीं। बिहार मिक्स मार्शल आर्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में मिक्स मार्शल आर्ट खेल बिहार राज्य में लोकप्रिय होता जा रहा है।

जिलाधिकारी ने की लोक शिकायत निवारण एवं आरटीपीएस की समीक्षा

प्रात :किरण संवाददाता

पटनाः जिलाधिकारी द्वारा लोक शिकायत निवारण एवं आरटीपीएस से संबंधित मामलों की समीक्षा की गयी। सभी लोक प्राधिकारों एवं अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने का निदेश दिया गया। समीक्षा में पाया गया कि जिला में लोक शिकायत निवारण में विगत एक सप्ताह में 345 मामलों को निष्पादित किया गया है जबकि 232 परिवाद प्राप्त हुआ था। विगत 30 कार्य दिवस से अधिक लंबित मामलों की संख्या 519; विगत 45 कार्य दिवस से अधिक लंबित मामलों की संख्या 308 तथा विगत 60 कार्य दिवस से अधिक लंबित मामलों की संख्या शून्य है। लंबित परिवादों की कुल संख्या 2,327 है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को इन लंबित मामलों को निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादन करने का निदेश दिया। लोक शिकायत निवारण के अपील मामलों के क्रियान्वयन की समीक्षा में पाया गया कि प्रथम अपील के लिए दायर 9,977 मामलों में 9,708 मामलों को निष्पादित कर दिया गया है। 60 कार्य दिवस से कम 269 मामले तथा 60 कार्य दिवस से अधिक शून्य मामले लंबित है। द्वितीय अपील के लिए दायर 3,638 मामलों में 3,556 मामलों को निष्पादित किया गया है। 60 कार्य दिवस से कम 82 मामले तथा 60 कार्य दिवस से अधिक शून्य मामले लंबित है। 95 मामलों में लोक प्राधिकार के विरुद्ध आर्थिक दण्ड लगाया गया है जिसमें 2,61,800 रुपए की राशि दण्ड स्वरूप अध्यारोपित है। 25 मामलों में अनुशासनिक कार्रवाई हेतु अनुशंसा की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन-जिन अधिकारियों पर दंड लगाया गया है वे अविलंब दंड की राशि जमा कर दें अन्यथा उनके वेतन से कटौती की जाएगी। सुनवाई से लोक प्राधिकारों की अनुपस्थिति का प्रतिशत 0.21 है। विगत सप्ताह अर्थात दिनांक 28 दिसम्बर से 09 जनवरी तक की सुनवाई से अनुमंडल लोक शिकायत निवारण कार्यालय, दानापुर से लोक प्राधिकार थानाध्यक्ष, बिहटा चार बार अनुपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कारण-पृच्छा करते हुए इनके नियंत्री पदाधिकारियों के माध्यम से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। लोक शिकायतों की सुनवाई में लोक प्राधिकारों की हर हाल में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित रहनी चाहिए। सुनवाई से आदतन अनुपस्थित रहने वाले लोक प्राधिकारों का वेतन स्थगित रखते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक एवं विभागीय कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम अन्तर्गत अतिक्रमण वाद के 432 मामले निष्पादन हेतु लंबित हैं। इसमे श्रेणी-सी में अतिक्रमण के 89 मामलों में अंचल अधिकारियों से प्रतिवेदन प्राप्त होना शेष है। इसमें दो अंकों में लंबित अंचलों में बिहटा में 21, दानापुर में 21, धनरूआ में 11 तथा पुनपुन में 19 मामले निष्पादन हेतु लंबित है। अथमलगोला, बख्तियारपुर, बाढ़, बेलछी, दनियावॉ, दुल्हिनबाजार, फतुहा, घोसवरी, खुशरूपुर, मनेर, मोकामा, पालीगंज तथा पंडारक अंचलों में यह शून्य है।

वाहन की चपेट में साइकिल सवार की मौत, चार हुए घायल

चालक को गिरफ्तार करते हुए पुलिस ने किया वाहन जब्त

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दीदारगंज टॉल प्लाजा व करमलीचक के पास तेज रफ्तार सूमो वाहन के चालक ने संतुलन खो दिया। इससे साइकिल से जा रहे आलमगंज थाना क्षेत्र के नूरानीबाग कॉलोनी बी के रहने वाले 52 साल के मो जलालुउद्दीन की कुचल कर मौत हो गई। चालक ने गाड़ी को पास के बूथ में टक्कर मार दिया। इस घटना में चार लोग जख्मी हो गए। घायल में में एक 18 माह की बच्ची आरुषी भी शामिल है। यातायात थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। वाहन को जब्त कर मामले में कार्रवाई जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि फोर लेन पर घटित घटना के बाद बूथ के कर्मी वैशाली जिला के जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर के रहने वाले 22 वर्षीय मंजीत कुमार पिता अरविंद राय व रंजय कुमार (15) पिता रंजू राय जख्मी हो गया है। इसके साथ ही बूथ पर खरीदारी के लिए मालसलामी थाना के छोटी नगला आदर्श कॉलोनी निवासी 56 वर्षीय राजकुमार पिता स्व जगनारायण साव और 18 माह की पोती आरुषी कुमारी पिता अविनाश कुमार जख्मी हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर दीदारगंज, बाइपास, मालसलामी और यातायात थाना की पुलिस भी पहुंची। इसके बाद घायलों को इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। यातायात थानाध्यक्ष ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस घटना से जुड़े हर बिंदु पर छानबीन कर रही है। घटनास्थल पर अफरा-तफरी की स्थिति मच गई थी। इस दौरान स्थानीय लोगों ने कुछ देर के लिए हंगामा भी किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जख्मी का उपचार कराया। इधर घटना में मृत मो जलालुद्दीन के बेटे अरमान ने बताया कि उनके पिता साइकिल से दीदारगंज को ड्यूटी पर जा रहे थे। वह सुबह घर से नाश्ता कर करीब 8.30 बजे निकले थे। अपराह्न करीब दो बजे उन सबों को पिता के मौत के बारे में जानकारी मिली। पिताजी पेंटर का काम करते हैं। उनके तीन बेटे अरमान, अहसान, मासूम और पांच बेटियां हैं।

मकर संक्रांति को लेकर पंचायत समिति सदस्य द्वारा चूड़ा दही भोज आयोजित

प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम । प्रखंड क्षेत्र के बेनीबिगहा पंचायत समिति सदस्य डॉ अवध किशोर ने सोमवार को मकर संक्रांति के पूर्व संध्या पर चूड़ा दही भोज का आयोजन किया। मौके पर आयोजित महा भोज में स्थानीय नेताओं के अलावे दर्जनों क्षेत्रीय लोग उक्त महा भोज में शामिल हुए, वहीं पंचायत समिति सदस्य अवध किशोर ने बताया कि पंचायत के नेताओं के अलावे स्थानीय लोगों के बीच नव वर्ष एवं महा संक्रांति को लेकर चूड़ा दही का भोज का आयोजन किया गया है। मौजूद लोगों ने एक दूसरे को मकर संक्रांति एवं नव वर्ष की बधाई दी तथा सौहार्दपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने का संकल्प लिया एवं भोज का आनन्द उठाया` मौके पर समाजसेवी शशि कुमार यादव, सुनील सिंह, जितेन्द्र कुमार यादव, छोटू यादव, अखिलेश सिंह व अमित लाल समेत दर्जनों अन्य मौजूद थे।

आंदोलनकारियों का दमन कर रही है सरकार : माले

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। भाकपा-माले के मिथिलांचल प्रभारी धीरेन्द्र झा ने समस्तीपुर में आंदोलनकारियों पर दमन की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी दमनकारी नीतियों से बाज आए और लोकतांत्रिक प्रतिरोध के अधिकार का सम्मान करे। उन्होंने कहा कि सोमवार को समस्तीपुर में आइसा और अन्य छात्र संगठनों के कार्यकर्ता बीपीएससी पीटी परीक्षा घोटाले की उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कि बीपीएससी पीटी परीक्षा घोटाले और इसके बाद हुए बर्बर दमन ने पूरे राज्य में युवाओं को आक्रोशित कर दिया है। प्रदर्शनकारियों के अनुसार, सरकार और प्रशासन ने उनकी जायज मांगों पर चर्चा करने के बजाय बल प्रयोग किया। पुलिस ने लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने की कोशिश की। धीरेन्द्र झा ने कहा कि भाकपा-माले लोकतंत्र और युवा प्रतिरोध की आवाज का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि सरकार दमन, मुकदमे और गिरफ्तारियों के जरिए न्याय की मांग कर रहे युवाओं की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है, लेकिन यह प्रतिरोध और मजबूत होगा। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन के दौरान कई छात्रों को हिरासत में लिया गया और स्थानीय थाने में घंटों तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। भाकपा-माले ने चेतावनी दी है कि अगर छात्रों को जेल भेजा गया तो राज्यभर में और भी व्यापक प्रतिवाद होगा। उन्होंने कहा कि हम इस दमनकारी रवैये की कड़ी निंदा करते हैं और मांग करते हैं कि बीपीएससी घोटाले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों को सजा दी जाए। भाकपा-माले ने अपील की है कि राज्यभर में सभी प्रगतिशील और लोकतांत्रिक ताकतें इस अन्याय और दमन के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करें।

प्रगति यात्रा : सीएम ने 198 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने समस्तीपुर जिले को दी 937 करोड़ की सौगात

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री ने नीतीश कुमार सोमवार को प्रगति यात्रा के क्रम में समस्तीपुर जिले को 937 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 198 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें 500.82 करोड़ रुपये की 51 योजनाओं का उद्घाटन तथा 436.64 करोड़ रुपये की 147 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने समस्तीपुर जिला के उजियारपुर प्रखंड के रायपुर ग्राम में 100 शैय्यावाले डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय कल्याण छात्रावास का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित छात्रावास भवन का निरीक्षण भी किया। इस दौरान भोजनालय, रसोईघर आदि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रावास बहुत अच्छा बना है। यहां सारी व्यवस्था बेहतर ढंग से संचालित करते रहें ताकि छात्रों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधा सह प्रशिक्षण केंद्र के भवन का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधा सह प्रशिक्षण केंद्र के भवन का निरीक्षण किया और अधिकारियों से वहां की व्यवस्थाओं एवं कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधा सह प्रशिक्षण केंद्र के यहां उद्घाटन होने से आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों को काफी सुविधा होगी और यहां पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधा सह प्रशिक्षण केंद्र के भवन परिसर से ही समस्तीपुर जिले के विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने इस परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

सीएम ने लघु उद्यमी योजना के लाभुकों को सौंपा चेक

मुख्यमंत्री ने उजियारपुर प्रखण्ड के रायपुर में आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधा सह प्रशिक्षण केंद्र परिसर के बाहर लगाए गए विभिन्न विभागों, स्वयं सहायता समूह, जिला उद्योग केंद्र, शिक्षा विभाग, जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र, जिला परिवहन कार्यालय आदि के स्टॉलों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत भी की। इस दौरान जीविका दीदियों ने भी मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहोंके गठन से हमलोगों को काफी फायदा हो रहा है, यह सब आपकी देन है। हमलोगों

के जीविकोपार्जन के लिए आपने काफी कुछ किया है। इसके लिए हमलोग सदा आपके आभारी रहेंगे। मुख्यमंत्री ने स्टॉल निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के 217 लाभुकों को 4 करोड़ 34 लाख रुपये तथा बिहार लघु उद्यमी योजना के 331 लाभुकों को 3 करोड़ 31 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया।

मुक्तापुर मोईन का स्थल निरीक्षण किया

मुख्यमंत्री ने समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखंड स्थित मुक्तापुर मोईन का पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्तावित सौंदर्गीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने मुक्तापुर मोईन के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि यह करीब 50 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है, जो बूढ़ी गंडक नदी से जुड़ा है। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मुक्तापुर मोईन के दोनों तरफ आवागमन हेतु सुगम रास्ते का निर्माण करवाएं। इसके तल की गहराई को और अधिक कराएं ताकि ज्यादा से ज्यादा जल संरक्षित रहे। मुक्तापुर मोईन के दोनों तरफ रास्ते का निर्माण हो जाने से लोगों को आने-जाने में सहूलियत होगी और यह देखने में भी बहुत अच्छा लगेगा। इसके आस-पास पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराएं। मुक्तापुर रेलवे गुमटी पहुंचकर मुख्यमंत्री ने 99.23 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-322 के दरभंगा-समस्तीपुर रेल खंड अंतर्गत मुक्तापुर-किशनपुर सेक्शन के बीच एलसी नंबर 02 पर आर०ओ०बी० का निर्माण कार्य तथा समस्तीपुर-पूसा पथ एवं समस्तीपुर-कपूर्री ग्राम स्टेशनों के बीच अवस्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 53 ए के बदले कास्ट शेयरिंग के आधार पर 11951.90 लाख रुपये की लागत से आरओबी के निर्माण कार्य का रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया। शिलान्यास के पश्चात मुख्यमंत्री ने मुक्तापुर रेलवे गुमटी का स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए।

आरसीसी पुल के निर्माण कार्य के संदर्भ में स्थल निरीक्षण किया

मुख्यमंत्री ने समस्तीपुर जिला अंतर्गत मगरदही घाट पुल के समानांतर पुराने स्क्रू पाइल पुल के स्थान पर 45 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित नया उच्च स्तरीय आरसीसी पुल के निर्माण कार्य के संदर्भ में स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बूढ़ी गंडक नदी पर स्थित मगरदही घाट पुल के प्रस्तावित समानांतर पुल के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस काम को यथाशीघ्र शुरू कराकर समानांतर पुल का जल्द से जल्द निर्माण कराएं। इस समानांतर पुल के बन जाने से जाम की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी और साथ ही सुचारू रूप से वाहनों का परिचालन होता रहेगा।

ये रहें मौजूद :

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री सह समस्तीपुर जिला के प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार, सूचना एवं जन-संपर्क मंत्री महेश्वर हजारी, सांसद शांभवी चौधरी, विधायक राजेश कुमार सिंह, विधायक अशोक कुमार, पूर्व मंत्री अश्वमेध देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, ग्रामीण विकास विभाग सह पर्यटन विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, सुरक्षा अमृत राज, दरभंगा प्रमंडल के आयुक्त मनीष कुमार, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष शीर्षत कपिल अशोक दरभंगा प्रक्षेत्र की पुलिस उपमहानिरीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम, समस्तीपुर के जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा, पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विवि : पाठ्यक्रमों के सत्र जल्द होंगे नियमित : मंगल

- अगले 6 माह में प्रशासनिक भवन बनकर होगा तैयार
- विश्वविद्यालय में विभिन्न पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया 30 दिनों के भीतर होगी शुरू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने सोमवार को बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में समीक्षा बैठक की। इस दौरान विश्वविद्यालय की बेहतरी से जुड़े तमाम बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। श्री पांडेय ने कहा कि यहां मौजूद मानव बलों की संख्या, विश्वविद्यालय अंतर्गत चल रहे पाठ्यक्रम, संबद्ध संस्थानों की सूची साथ ही उनमें आच्छादित छात्र-छात्राओं की संख्या सहित कई बिंदूओं पर चर्चा की गई और अहम निर्णय लिए गए। समीक्षा बैठक में मौजूद संस्थान के कुलपति परीक्षा नियंत्रक समेत तमाम पदाधिकारियों को विश्वविद्यालय में राज्य सरकार द्वारा पिछले वर्ष स्वीकृत किए गए सभी 60 पदों पर बहाली की प्रक्रिया को एक महीने के भीतर नियमावली बना शुरू करने का निर्देश दिया गया। श्री पांडेय ने कहा कि उन्होंने विश्वविद्यालय के साथ संबंद्ध महाविद्यालयों /संस्थानों में स्वास्थ्य विज्ञान प्रक्षेत्र में दी जानेवाली शिक्षा यथा चिकित्सा विज्ञान, दंत चिकित्सा, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, यूनानी, नर्सिंग, फार्मेसी एवं पारामेडिकल के कॉलेजों एवं संस्थानों की जानकारी ली। वहीं वैसे स्वास्थ्य संस्थान जिन्होंने विश्वविद्यालय से अबतक संबंधन नहीं लिया उनको सूचीबद्ध करते हुए उन्हें एक सप्ताह के भीतर नोटिस जारी करने का भी निर्देश दिया गया। श्री पांडेय ने कहा कि विभिन्न पाठ्यक्रम के सत्रों को 6 महीने के भीतर नियमित करने, निश्चित अवधि में परीक्षाएं आयोजित कराने का भी निर्देश उपस्थित पदाधिकारियों को दिया गया। समीक्षा बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने मीठापुर, पटना स्थित कृषि फार्म में बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविध्यालय के भवन निर्माण कार्य का भी निरीक्षण कर कार्य को तेज गति से कर अगले छः माह में प्रषासनिक भवन तैयार करने का निर्देष दिया।

राजद की राजनीति परिवारवाद, झूठ और भ्रष्टाचार पर आधारित : दिलीप

विपक्ष की नकारात्मक राजनीति पर प्रदेश अध्यक्ष का प्रहार

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने विपक्ष और राजद पर करारा हमला करते हुए कहा कि ये दल केवल झूठ, भ्रांति और नकारात्मक राजनीति की नींव पर टिके हुए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने इन दलों की विफलताओं को बार-बार नकारा है, लेकिन फिर भी ये जनता को गुमराह करने की कोशिश करते रहते हैं। डॉ. जायसवाल ने कहा, राजद और उसके सहयोगी दलों का एकमात्र एजेंडा विकास में बाधा डालना और बिहार को पीछे धकेलना है। जबकि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। राजद के नेता द्वारा भारतीय जनता पार्टी पर लगाए गए दोहरा चरित्र के आरोपों को खारिज करते हुए बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राजद के नेताओं पास न तो बिहार के विकास के लिए कोई दृष्टिकोण है और न ही अपने शासनकाल की विफलताओं का जवाब। ऐसे में भाजपा पर इस प्रकार के झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाना उनकी हताशा और राजनीतिक दिवालियापन को दशार्ता है। डॉ. जायसवाल ने कहा, राजद नेता को पहले अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए। जिन्होंने बिहार को भ्रष्टाचार, अपराध और जंगलराज में झोंक दिया, वे आज भाजपा पर सवाल उठाने की स्थिति में नहीं हैं। भाजपा के कार्यकर्ता और नेता जनसेवा और सुशासन के लिए समर्पित हैं, जबकि राजद की राजनीति केवल परिवारवाद और भ्रष्टाचार के इर्द-गिर्द घूमती है। उन्होंने आगे कहा, दोहरा चरित्र तो उस राजद का है, जो एक तरफ सामाजिक न्याय की बात करता है, लेकिन अपने ही शासनकाल में दलितों, पिछड़ों और गरीबों पर अत्याचार की अनगिनत कहानियां लिखता है। भाजपा ने हमेशा समाज के हर वर्ग के विकास के लिए काम किया है और यह हमारी सरकार की प्राथमिकता है। डॉ जायसवाल ने कहा कि भाजपा की राजनीति पारदर्शिता, सुशासन और विकास पर आधारित है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राजद के नेताओं के झूठे आरोपों का बिहार की जनता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

18 को बिहार आएंगे राहुल गांधी, तैयारियों को लेकर बैठक

- प्रदेश कांग्रेस प्रभारी और अध्यक्ष ने की समीक्षात्मक बैठक

पटना। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के 18 जनवरी को बिहार आगमन की तैयारियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत में बिहार कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश और प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने पूर्व प्रदेश अध्यक्षों, विधायकों और विधान पार्षदों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। साथ ही कांग्रेस के सभी जिलाध्यक्षों के साथ वर्चुअल बैठक कर तैयारियों के बाबत आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश और अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में पूर्व अध्यक्षों, विधायकों और विधान पार्षदों की अहम बैठक में सभी को कार्यक्रम के बाबत विस्तार से बताया गया। इसके बाद जिलाध्यक्षों के साथ वर्चुअल मोड में आवश्यक बैठक की गई जिसमें उन्हें जिलों में व्यापक प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी के साथ अन्य अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश ने बताया कि देश के विपक्ष के नेता और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी बिहार में 18 जनवरी को सभा को संबोधित करेंगे जिसके लिए यह बैठके आयोजित की गई हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने बैठक के बाबत बताया कि तैयारियों की समीक्षा को लेकर यह बैठक आयोजित की गई है जो आने वाले दिनों में भी जारी रहेगी और कार्यक्रम की रूपरेखा को तय किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि कल यानी 14 जनवरी को सभी फ्रंटल संगठनों के साथ अहम बैठक का आयोजन होगा उसके बाद प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से समस्त जानकारियों को साझा किया जाएगा जिसमें विस्तृत रूप से सारी बातें बताई जाएंगी। यह कार्यक्रम संविधान और बिहार के हक हुकूक की रक्षा के लिए आयोजित होने वाली है जिसमें राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी का आगमन होना है। बैठक में बैठक में कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान , विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर रामजतन सिन्हा, विधायक अफाक आलम , डॉ समीर कुमार सिंह , कृपानाथ पाठक, प्रेमचंद मिश्रा, डॉ अशोक कुमार ,मुन्ना तिवारी, प्रतिमा कुमार दास, राजेश कुमार,अजय कुमार सिंह, आनंद शंकर , इजहारुल हुसैन, छत्रपति यादव , संतोष मिश्रा ,ब्रजेश पांडेय ,निर्मल वर्मा राजेश राठौड़ , आनंद माधव, सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल थे।

तेजस्वी जहानाबाद के लिए आज होंगे रवाना

कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम में कल होंगे शामिल

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का सातवें चरण में कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम की शुरूआत जहानाबाद से करेंगे। मंगलवार यानी आज ही पटना से जहानाबाद के लिए प्रस्थान करेंगे। कल यानी बुधवार से जहानाबाद सहित छ जिलों के लिए यात्रा कार्यक्रम तय किए गए हैं और उसमें तेजस्वी प्रसाद यादव शामिल होंगे। यात्रा के क्रम में 15 जनवरी को जहानाबाद में कार्यक्रम होना है, जिसमें अरवल जिला के कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। इसके बाद 16 जनवरी को गया/गया महानगर, संगठन जिला टेकारी, 20 जनवरी को औरंगाबाद, 21 जनवरी को रोहतास और 22 जनवरी 2025 को भोजपुर जिला में कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम का आयोजित किया गया है। इस आशय की जानकारी राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने दी है। बताया कि कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम की तैयारी के लिए राज्य कार्यालय से जो दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं ,उसी के अनुसार तैयारी पूरी कर ली गई है।

विकसित बिहार नीतीश कुमार की पहली प्राथमिकता : परिमल

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार ने कहा कि विकसित बिहार विकासपुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहली प्राथमिकता है। फेसबुक लाइव के माध्यम से दर्शकों से जुड़ते हुए उन्होंने कहा कि बिहावासियों के कल्याण के लिए दिन-रात मेहनत करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी मेहनत और कुशल नेतृत्व की बदौलत बदहाल बिहार को विकसित राज्य की श्रेणी में लाकर खडा करने का काम किया। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास को कृत संकल्पित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इससे पहले भी 15 बार राज्य भर की यात्राएं की है जहां उन्होंने जिलों में जाकर विकास कामों की समीक्षा की है साथ ही लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में वर्तमान समय में उनकी प्रगति यात्रा का मकसद जिलों में चल रहे विकास कामों की समीक्षा करना है और योजनाओं का जल्द से जल्द कार्यान्वयन कराना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान जिलों को सैकड़ों-करोड़ों रुपए की नई योजनाओं की सौगात दी है जिससे ना केवल लंबित योजनाएं पूरी की जा सकेंगी बल्कि नई योजनाओं का भी शुभारंभ हो सकेगा। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा साल 2005 में बिहार का शासन संभालते ही मुख्यमंत्री ने पिछड़े बिहार को विकसित करने का संकल्प लिया और कई क्रांतिकारी फैसले लिए। सरकारी नौकरियों में 35 फीसदी आरक्षण देकर उन्होंने महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक तौर पर सशक्त बनाने का काम किया।

योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए : संतोष

पटना। जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल की अध्यक्षता में क्षेत्रीय मुख्य अभियंताओं के साथ योजना व्यय की साप्ताहिक वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में अभियंता प्रमुख (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण), अभियंता प्रमुख (सिंचाई सृजन), अपर सचिव, जल संसाधन विभाग, मुख्य अभियंता (योजना एवं मॉनिटरिंग) सहित विभाग के कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रगति यात्रा के दौरान अब तक घोषित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की गई। प्रधान सचिव ने सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंताओं को निर्देश दिया कि निर्धारित उद्देश्यों के तहत योजना व्यय का 100% उपयोग सुनिश्चित किया जाए। बैठक में वित्तीय प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए प्रधान सचिव ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता सभी योजनाओं का सुचारू और पारदर्शी क्रियान्वयन है। बैठक के दौरान उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और फील्ड स्तर पर कार्यान्वयन की नियमित निगरानी की जाए। इसके अतिरिक्त, यह सुनिश्चित करने पर बल दिया गया कि बाढ़ नियंत्रण एवं सिंचाई से संबंधित परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए।

गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव से मिला राजद का प्रतिनिधिमंडल

गिरफ्तार छात्रों और युवाओं को रिहाई करने की मांग की

पटना। मुख्यमंत्री के प्रगति यात्रा के दौरान राज्य के विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन कर रहे गिरफ्तार छात्रों और युवाओं की अविलम्ब रिहाई की मांग को लेकर राजद का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी के नेतृत्व में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविन्द चौधरी से मिलकर तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव को सौंपे मांग पत्र में गिरफ्तार सभी छात्र - युवाओं को अविलम्ब रिहा करने, लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन करने वालों की गिरफ्तारी पर पूर्णतः रोक लगाने, पुलिस के अनुचित कार्यों की निष्पक्ष जांच कराने एवं भविष्य में संवैधानिक अधिकारों के अनुकूल व्यवहार करने की मांग की गई है। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने बताया कि मधुबनी, छपरा सहीत राज्य के विभिन्न स्थानों पर मुख्यमंत्री जी के प्रगति यात्रा के दौरान सरकार के जनविरोधी नीतियों एवं कार्यकलापों के विरोध में शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे छात्र-युवाओं पर फर्जी मुकदमे कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार के गलत नीतियों का विरोध करना हर नागरिक को संवैधानिक अधिकार है। प्रतिनिधिमंडल में अब्दुल बारी सिद्दीकी के अलावा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी,राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव एवं बीनू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह एवं डॉ तनवीर हसन एवं प्रदेश प्रवक्ता मृत्यंजय तिवारी शामिल थे। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविन्द चौधरी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे उनके द्वारा दिए गए ज्ञापन के आलोक में जानकारी लेकर समुचित कार्रवाई करेंगे।

राजद कार्यालय में मनी सर गणेश दत्त की जयंती

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में महान शिक्षाविद् स्व सर गणेश दत्त की जयंती पूर्व विधान पार्षद सह प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर संयुक्त रूप से तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन ने कहा कि सर गणेश दत्त जीवन पर्यन्त दलितों के जीवन स्तर में मुलभूत सुधार लाने तथा भंगी मुक्ति कार्य के लिये जो योगदान दिया है, वह अद्वितीय है। इन्होंने शिक्षा के माध्यम से दलित समाज को स्वाबलंबी बनाने का एक अभियान चलाया। शिक्षा और योग्यता ही मनुष्य को देश का सर्वश्रेष्ठ नागरिक बनाता है। सर गणेश दत्त ने अपने सर्वस्व शिक्षा के लिए एवं अपना पैतृक सम्पति पटना विश्वविद्यालय को दान देकर बिहार के कर्ण के रूप में अपने-आप को स्थापित किया था। वे आज युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। इस अवसर पर स्व सर गणेश दत सिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण करने वालों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दिकी, पूर्व उपसभापति डॉ तनवीर हसन, डॉ रामचन्द्र पूर्वे, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, बीनू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन गगन, मृत्युंजय तिवारी, डॉ उर्मिला ठाकुर, ,अरूण कुमार यादव, मो शमी, आरजू खान, पूर्व विधायक अनवर आलम , प्रदेश महासचिव मदन शर्मा, मो फैयाज आलम कमाल, संजय यादव, भाई अरूण कुमार, बल्ली यादव, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, राजेश पाल, राजेश यादव सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे।

प्रगति यात्रा : सीएम नीतीश ने तालाब में मछली का जीरा एवं बत्तख भी छोड़े

सीएम ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को सौंपा सांकेतिक चेक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री ने नीतीश कुमार सोमवार को प्रगति यात्रा के क्रम में समस्तीपुर जिले को 937 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वारिसनगर प्रखंड के ग्राम शेखोपुर में जल-जीवन हरियाली अभियान के अंतर्गत सौंदगीकृत कराए गए तालाब का जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तालाब का काफी अच्छे ढंग से सौंदर्गीकरण हुआ है। इसके चारों तरफ सीढ़ी बन जाने से यहां का दृश्य काफी अच्छा लग रहा है। हमलोग वर्ष 2019 से जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत पूरे बिहार में सभी सार्वजनिक कुओं, तालाबों एवं पोखरों का सौंदर्गीकरण एवं जीर्णोद्धार करा रहे हैं। तालाब के समीप मुख्यमंत्री ने पौधारोपण भी किया तथा तालाब में मछली का जीरा एवं बत्तख भी छोड़े। मुख्यमंत्री ने ग्राम शेखोपुर की वार्ड संख्या 3 का भ्रमण कर विभिन्न विभागों द्वारा कराए गए विकासात्मक कार्यों का मुआयना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, शेखोपुर के शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। ग्राम शेखोपुर की वार्ड संख्या 3 में जीविका दीदियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने आयुष्मान वय वंदना कार्ड, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत बने घरों की चाबी, 23 हजार 565 समूहों को बैंक ऋण के तहत 275 करोड़ 25 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, परिक्रमी निधि एवं सामुदायिक निवेश निधि अंतर्गत 580 ग्राम संगठनों के 8 हजार 750 समूहों को 47 करोड़ 24 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत समस्तीपुर जिले के कुल 2962 लाभार्थियों को 11 करोड़ 45 लाख रुपये का सांकेतिक चेक वितरित किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने दीप नारायण साह कृषक हितार्थ समूह को 8 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, किसान विकास उन्नत सब्जी उत्पादक कृत हित समूह को 8 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, 80 प्रतिशत अनुदान प्राप्त कर स्थापित किए गए कृषि यंत्र बैंक की चाबी, देशी गो-पालन प्रोत्साहन योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का सांकेतिक चेक लाभुकों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री नेआंगनबाड़ी केंद्र, शेखोपुर का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में शिक्षिका एवं बच्चों से बातचीत कर जानकारी ली।

स्वामी विवेकानंद जयंती एवं मकर संक्रांति उत्सव का आयोजन

समारोह

- हमारी सांस्कृतिक एकता का द्योतक है मकर संक्रांति : विजय

उपमुख्यमंत्री आवास पर आयोजित समारोह में राज्यपाल व सीएम हुए शामिल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के सरकारी आवास पर राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानंद जयंती) एवं मकर संक्रांति के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम साथ सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन के साथ हुआ। मुख्यमंत्री के साथ विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल भी शामिल हुए। इसके बाद बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। साथ ही राज्यपाल द्वारा कार्यक्रम में आए पत्रकारों तथा कलाकारों को सम्मानित किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर मकर संक्रांति से जुड़े पारंपरिक व्यंजनों का भी आनंद लिया।

राज्यपाल के संग राज्य के सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार, पटना साहिब के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद तथा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा भी शरीक हुए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर पूरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा चूड़ा-दही, खिचड़ी जैसे मकर संक्रांति से जुड़े पारंपरिक व्यंजनों के सहभोज का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री सिन्हा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं मकर संक्रांति के साथ यह अवसर प्रयागराज में महाकुंभ के शुभारंभ का भी है। इसलिए आज एक प्रकार से अवसर की त्रिवेणी में हम एकत्रित हुए। यह आयोजन सार्वजनिक जीवन के बिल्कुल शुरूआती दिनों से मेरे यहाँ होता रहा है। इस दिन मुख्यरूप से हम अपने सरस्वती-पुत्र पत्रकार बंधुओं का सम्मान करते हैं। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में हमारे पत्रकार बंधु शासन और समाज दोनों को सजग करते हैं। अतः राज्य के समेकित विकास में उनकी निर्णायक भूमिका के प्रति आभारी होना चाहिए। श्री सिन्हा ने कहा कि मकर संक्रांति के दिन सूर्यदेव दक्षिणायण से उत्तरायण की ओर गमन करते हैं । खगोलीय दृष्टि से सूर्य का प्रवेश कर्क राशि से मकर राशि की ओर होता है। हमारी सनातन संस्कृति में इस अवसर का व्यापक महत्व है। इसे भय, भ्रम और भ्रांति को तोड़कर मानवता के ज्ञान, बोध और ऊर्जा की ओर यात्रा के रूप में देखा जाता है। यही कारण है कि भारत के हर क्षेत्र में इस अवसर को सांस्कृतिक-पर्व के रूप में मनाया जाता है । सही मायने में यह अवसर हमारी सांस्कृत

संक्षिप्त खबरें

सत्रह महीने में पांच लाख नियमित नौकरी देने वाले देश में पहले जननेता हैं तेजस्वी : राकेश नायक

दरभंगा। सीएम नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा को महानगर युवा राजद के जिलाध्यक्ष राकेश नायक ने ठेकेदारी यात्रा बताया हैं। जिलाध्यक्ष राकेश नायक ने कहा कि इस सरकार में किन्हें कितनी बड़ी ठीकेदारी हांथ लगें इसके प्रयास में एनडीए का पूरा कुनबा लगा पड़ा हैं। प्रशासनिक एवं सरकारी भ्रष्टाचार के चरम तथा सरकारी अनदेखी, अहंकार और दमन की पराकाष्ठा सह रही बिहार की जनता यह समझ ही नहीं पा रही है।जिलाध्यक्ष श्री नायक ने कहा कि डबल इंजन इस इस सरकार में शासन ओर प्रशासन दोनों की नीतियां ठेकेदारी तक सिमट कर रह गई हैं। कोई पुलिस अधिकारी आम गरीब गुरबों एवं प्रतिष्ठित व्यवसायियों से लाखों वसूल रहें हैं। यह सरकार स्वयं युवा छात्र नौजवानो के भविष्य को तहश नहश कर कुछ भी निर्णय लेने पर आमादा हैं।

संदिग्ध परिस्थिति में 50 वर्षीय व्यक्ति की हुई मौत

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के रतवारा गांव में संदिग्ध परिस्थिति में एक व्यक्ति की मौत हो गई है ।जिसकी पहचान रतवारा गांव निवासी स्वर्गीय राजू शर्मा के 50 वर्षीय विनोद शर्मा के रूप में हुई है ।लोगों के मुताबिक रविवार के शाम गांव स्थित एक बगीचा में रखा ढांचा के बोझ से मिरतक के शव को उठाकर अपने घर लाया। सोमवार को उसका दाह संस्कार भी कर दिया गया। इस घटना के बारे में पूछने पर स्थानीय सरपंच में मो लाल बाबू ने पुष्टी किया ।वहीं थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि जानकारी नहीं मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

किसान सलाहकार की हत्या के उपरांत किया शोक व्यक्त

विभूतिपुर/समस्तीपुर दरभंगा प्रखंड के शीशो पश्चिम पंचायत में कार्यरत किसान सलाहकार अजय कुमार सिंह के निर्मम हत्या के उपरांत विभूतिपुर के किसान सलाहकारों ने ई किसान भवन विभूतिपुर के प्रांगण में आपात बैठक की। बैठक की अध्यक्षता किसान सलाहकार प्रेमचंद सिंह ने की। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने शोक प्रकट करते हुए मृतक किसान सलाहकार के परिजनों को दुख की घड़ी में सहनशक्ति के लिए ईश्वर से कामना किया। साथ ही हत्यारे की अभिलंब गिरफ्तारी कर फांसी की सजा देने की मांग किया एवं मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपया मुआवजा देने की बात कही। बैठक में किसान सलाहकार रंजीत कुमार, मानसिंह मधुकर, बचनदेव शर्मा, राजीव रंजन दास, सुरेंद्र कुमार ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

ट्रक की ठोकर से बाइक सवार दो की मौत

बेनीपुर(दरभंगा)।बहेड़ा-बहेड़ी स्टेट हाईवे 88 पर सोमवार ट्रक की ठोकर से बाइक सवार दो की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के विरोध में लोगों ने सड़क को जाम कर दिया है। मौके पर दल बल के साथ पहुंचे बहेड़ी थानाध्यक्ष वरुण कुमार गोस्वामी लोगों को समझाने में जुटे हुए हैं। मृतकों की पहचान बहेड़ी थाना के दोहट नारायण गांव के छपकी टोला निवासी शंभूलाल देव के पुत्र लक्ष्मी लाल देव (20) एवं गंगा राम के पुत्र विशाल राम (16) के रूप में हुई है। जबकि घायल उसी गांव के दौलत नदाफ का पुत्र सलामत कुमार (18) है। जानकारी के अनुसार, तीनों एक ग्लैमर बाइक पर सवार होकर अपना माल से कपड़ा की खरीदारी करने आए थे।

उच्चको ने महिला का एक लाख रुपया लेकर हुआ फरार

मधुबनी जयनगर शहर के मैन रोड के पास से उच्चको ने एक महिला को झांसा देकर बैग से 1 लाख रुपए उड़ा लिए। पीड़ित महिला जयनगर थाना क्षेत्र की निवासी रानी कुमारी है जो पीएनबी बैंक से रुपए निकासी कर लौट रही थी। मेन रोड स्थित रिडक्शन काउंटर के पास उचक्को ने महिला से बैग छीनकर फरार हो गया। घटना को लेकर जयनगर पुलिस पूछताछ कर रही है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान मधुबनी जिले में कई योजनाओ का शिलान्यास किया

मधुबनी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान मधुबनी जिले में कई योजनाओ का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री द्वारा जयनगर शहर के शहीद चौक स्थित रेलवे क्रासिंग पर आरओबी निर्माण, थाना में महिला सिपाही के लिए बैरक, कोरहिया गांव में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सा का शिलान्यास किया गया। बता दे कि 2021 में जयनगर कमला नदी पर बराज निर्माण को लेकर शिलान्यास कार्यक्रम में आए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कमला नदी निरीक्षण करने के बाद वापसी में शहीद चौक स्थित रेलवे ओवरब्रिज का निरीक्षण करने के क्रम में मधुबनी जिला पदाधिकारी को रेलवे क्रासिंग पर आरओबी बनाने का निर्देश दिया था।

गणतंत्र दिवस पर मुख्य समारोह नेहरू स्टेडियम प्रांगण में ध्वजारोहण किया जायेगा

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।उप विकास आयुक्त चित्रगुप्त कुमार की अध्यक्षता में 26 जनवरी ,गणतंत्र दिवस समारोह 2025 उल्लास पूर्ण वातावरण में मनाने के लिए समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह नेहरू स्टेडियम लहेरियासराय के प्रांगण में पूर्वाह्न 9.05 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा।गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयुक्त कार्यालय दरभंगा प्रमंडल दरभंगा 10 बजे पूर्वाह्न पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय मिथिला क्षेत्र दरभंगा 10.15 बजे, समाहरणालय दरभंगा परिसर 10.25 बजे,वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय दरभंगा 10.35 बजे, उप विकास आयुक्त कार्यालय दरभंगा 10.45 बजे ,अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय सदर दरभंगा 10:55 बजे पूर्वाह्न, जिला परिषद दरभंगा 11:05 बजे एवं पुलिस लाईन दरभंगा 11:30 बजे में ध्वजारोहण किया जाएगा।

ध्वजारोहण के समय राष्ट्रगान प्लस टू राम नंदन मिश्र बालिका उच्च विद्यालय दरभंगा की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की जायेगी।, विद्यालय के प्राचार्य छात्राओं का चयन कर प्रशिक्षित करेंगे तथा इसका पूर्व अभ्यास कराएंगे।राष्ट्रीय गान हेतु छात्राओं को प्रशिक्षण देने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी दरभंगा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी सर्व शिक्षा अभियान अपने स्तर से आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे,साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी चयनित छात्राओं को पूर्व अभ्यास अपनी उपस्थिति में कराएंगे।राष्ट्रीय ध्वज की सलामी एवं परेड प्लाटुनों की व्यवस्था पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, दरभंगा सार्जेंट मेजर,दरभंगा द्वारा किया जाएगा।सलामी एवं परेड में बीएमपी13 एक प्लाटून, जिला सशस्त्र पुलिस दो प्लाटून, एनसीसी दरभंगा तीन प्लाटून, भारत स्काउटस एवं गाइड दो प्लाटून, एवं होमगार्ड दरभंगा एक प्लाटून भाग लेंगे।मुख्य समारोह स्थल पर झंडा बांधने एवं खोलने का कार्य सार्जेंट मेजर पुलिस लाइन दरभंगा के देखरेख में की जाएगी। पूर्वाभ्यास की तिथि 24 जनवरी एवं 26 जनवरी को मुख्य समारोह के दिन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर दरभंगा इस व्यवस्था को सुनिश्चित कराएंगे की झंडा विधिवत बांधा गया है या नहीं।असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी दरभंगा आपातकालीन वाहन एवं प्राथमिक उपचार हेतु आवश्यक सामग्री के साथ स्वास्थ्य टीम की व्यवस्था नेहरू स्टेडियम लहेरियासराय में अपने स्तर से सुनिश्चित करेंगे।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर झाँकी निकालने के लिए उप विकास आयुक्त दरभंगा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है।अनुमंडल पदाधिकारी सदर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रभात फेरी के रूट चार्ट के हिसाब से आवश्यकतानुसार पुलिसकर्मी की प्रतिनियुक्त करेंगे।गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपराह्न 2.30 बजे से 4:30 तक नेहरू स्टेडियम लहेरियासराय में फैंसी क्रिकेट,फुटबॉल मैच प्रशासन बनाम नागरिक एकादश आयोजित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित किया जाएगा ।इस अवसर पर महादलित टोलों में जिला स्तरीय अधिकारी की उपस्थिति में वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा झंडा तोलन कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा।बैठक में अपर नगर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार चौधरी,अपर समाहर्ता विभागीय जांच कुमार प्रशांत, उप निदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद, जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक कुमार, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा वृषभानु चंद्रा एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

भाजपा नेता सीए सुरेश झा ने राज्यपाल को मिथिला परंपरा के अनुसार किया स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता सीए सुरेश झा ने बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां से राज भवन पटना में मुलाकात किया। मिथिला परंपरा के अनुसार उन्होंने कुलाधिपति सह राज्यपाल का स्वागत किया। मुलाकात के बाद उन्होंने बताया कि महामहिम राज्यपाल मर्मज्ञ विद्वान एवं काफी अनुभवी हैं जिनका फायदा आने वाले समय मे संपूर्ण राज्यवासी और विश्वविद्यालय को मिलेगा। विश्वविद्यालय के विकास के प्रति उनका विजन स्पष्ट है। साथ ही कुलाधिपति अनेको भाषा के विद्वान हैं। मिथिला मैथिली के बारे में भी वह पूरी जानकारी रखते हैं। भाजपा नेता सीए सुरेश झा ने उन्हें मिथिला और संस्कृत विश्वविद्यालय के पुराने गौरव को वापस लाने का अनुरोध किया।

आमजनों की समस्या का निदान करना पहली प्राथमिकता : सांसद

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।जनता की अपेक्षाओं पर शत प्रतिशत खड़ा उतरना ही जनप्रतिनिधि का कर्तव्य होता है। आमजनों के हर दुःख सुख में सहभागी होकर उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही हमारी प्रथमिकता है।दरभंगा के सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने बलभद्रपुर स्थित स्थित अपने सांसद कार्यालय में लोकसभा क्षेत्र से आए लोगों की जनसमस्याओं को सुनकर उनके निदान के लिए उचित पहल करने के बाद उपरोक्त बातें कही हैं। आज सोमवार को अपने आवासीय कार्यालय में लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र से आए सैकड़ों लोगों की विभिन्न मुद्दों से संबंधित समस्याओं को बारीकी से सुनकर उसके निदान के लिए तक्षण पहल किया। सांसद डा ठाकुर ने लोगो के मौलिक समस्यायों के निदान से संबंधित अधिकारियों से प्रथमिकता के तहत निपटारा करने का निर्देश देते हुए कहा की आम नागरिकों के उचित मुद्दो को ध्यान से सुनकर उनका निदान करें तथा लोगों को संतुष्ट करे।सांसद डा ठाकुर ने जनप्रतिनिधियों के कर्तव्यों पर चर्चा करते हुए कहा जनता की अपेक्षाओं को पुरा किए बीना जनप्रतिनिधि अपना नैतिक सम्मान नही पा सकते। संसद डा ठाकुर ने लोगों के स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क, पुल, जमीन जैसे दर्जनों मुद्दों पर जिला प्रशासन तथा राज्य सरकार प्रषासन से बारीकी से हर विषय पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा की यहां के लोगों को किसी भी तरह से कष्ट नहीं हो इसका ख्याल रखे।सांसद डा ठाकुर ने खुद को दरभंगा का नेता नही बेटा बताते हुए वे खुद एक साधारण कार्यकर्ता से संसद का सफर तय किए हैं इसलिए आमलोगो के दुख और दर्द को करीब से महसूस करते हैं।संसद डा ठाकुर ने जनहित के मुद्दे पर खुद को समर्पित बताते हुए कहा दरभंगा के हर परिवार को हर समस्यायों के निदान के लिए वे दिन रात तत्पर है और तत्पर रहेंगे।

जनभागीदारी से सुधरेगी शिक्षा व्यवस्था : प्रमुख

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के म वि सिरसी के सभागार में राष्ट्रीय युवा दिवस एवं सप्ताह कार्यक्रम के तहत आज के बदलते परिपेक्ष्य में हमारे देश व समाज मे गिरती शिक्षा व्यवस्था एवं युवाओं में बढ़ते सामाजिक अपराध विषयक विचार गोष्ठी संपन्न हुई।अध्यक्षता महथी दक्षिण पंचायत के मुखिया भोला शंकर दास एवं संचालन यशवंत कुमार ने की।कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी ने कहा कि जनसहभागिता के बिना शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ नहीं किया जा सकता।लोगों का जुड़ाव विद्यालय से बढ़ेगा तो न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था में सुधार होगा बल्कि सामाजिक अपराध में भी कमी आएगी।शिक्षाविद टुनटुन निशाकर ने कहा कि जब से समाज मे संस्कृत भाषा की उपेक्षा हुई तब से हमारी संस्कृति भी कमजोर होने लगी।इस कारण युवाओं में अपराध की प्रवृत्ति बढ़ी है।इसके लिए समाज व सरकार समान रूप से दोषी है।राजद के प्रदेश सचिव श्याम किशोर कुशवाहा ने कहा कि रोको टोको के प्रचलन को अपनाकर युवाओं में बढ़ते सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाया जा सकता है।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए दूर देहात के सचिव प्रभु नारायण झा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के जीवन यात्रा का अध्ययन कर युवाओं के चरित्र को निखारा जा सकता है।उन्होंने स्वामी जी से जुड़े प्रसंगों की चर्चा कर युवाओं नशे से दूर होकर रचनात्मक कार्यों में अपनी ऊर्जा के संचार करने की अपील की।मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि दिलीप नारायण सिंह उर्फ पप्पू सिंह,पंसस सत्यभामा कुमारी, सरपंच हरेराम दास, प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष रणजीत कुमार महतो, ओम प्रकाश पासवान,अमरजीत ठाकुर, रामाशीष धुरंधर,देवेन्द्र यादव,रामाशीष सिंह,हरेराम महतो,संजीत कुमार आदि ने अपने विचार व्यक्त किया।

समाजसेवी विश्वनाथ चौधरी उर्फ तूफान ने समारोह पूर्वक किया गरीबों के बीच कंबल वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के भरपुरा स्थित नूनूवती प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में समाजसेवी विश्वनाथ चौधरी उर्फ तूफान में गरीबों के बीच समारोह पूर्वक कंबल वितरण किया। समारोह की अध्यक्षता जदयू के प्रखंड अध्यक्ष अशोक पटेल एवं संचालन जननायक कपूर्री विचार मंच के प्रखंड अध्यक्ष रामबाबू राय ने की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद सह बिहार विधान परिषद के पूर्व सभापति देवेश चंद्र ठाकुर उपस्थित हुए। समारोह के माध्यम से सैकड़ो निःसहाय, गरीबों के बीच कंबल वितरण किया गया। वही समारोह को आगत अतिथि देवेश चंद्र ठाकुर, समाजसेवी विश्वनाथ चौधरी उर्फ तूफान, विमल शुक्ला, अरुण कुमार गोप, अमित कुमार, हरे राम दास, राम नंदन राय, नंदकिशोर यादव, उमाशंकर प्रसाद सिंह, चंद्र भूषण प्रसाद सिंह, मोहम्मद नवाब सहित दर्जनों गणमान्य लोगों ने संबोधित किया।

शहरी विकास योजनाओं को लेकर नगर पंचायत के द्वारा हमेशा तत्परता दिखाई जाती है

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर शहरी विकास योजनाओ को लेकर नगर पंचायत के द्वारा हमेशा तत्परता दिखाई जाती है यह बात मुख्य पार्षद कैलाश पासवान में नगर पंचायत के 2 साल पूरा होने पर स्थानीय किसान भवन में केक काटते हुए कहा की नगर पंचायत की प्रथम प्राथमिकता शहर के विकास योजनाओ को सही ढंग से लागू करना है। जिससे शहर के सभी 14 वार्डो में विकास योजनाओ में तेजी आ सके। शहर का चौमुखी विकास सहित सुंदरीकरण सहित अन्य योजनाओं का लाभ आम नागरिकों को मिले।इस अवसर पर स्थानीय विधायक अरुण शंकर प्रसाद ने नगर पंचायत के 2 साल पूरा होने पर मुख्य पार्षद, उपमुख पार्षद सहित वार्ड सदस्य एवं नगर पंचायत के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियो को बधाई देते हुए कहा कि हम सब की जिम्मेवारी है शहर को स्वच्छ सुंदर एवं सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लाभुको को मिलना चाहिए जिससे क्षेत्र का विकास तेजी से हो सके सरकार के द्वारा डेवलपमेंट को लेकर विकास योजनाओं लाया जाता है जिसे शहरी क्षेत्र पर नगर पंचायत लागू करके विकास की आधारशिला रखती है। इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी हिमानी कुमारी ,उप मुख्य पार्षद माला देवी, भाजपा नेता उद्धव कुंवर,जदयू नेता राजकुमार, कांग्रेस के सुरेंद्र मोहतो, सहित कई सामाजिक लोग एवं वार्ड आयुक्त उपस्थित थे।

सीपीआईएम प्रखंड कमेटी की बैठक स्मृति भवन में आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान (दरभंगा)। सीपीआईएम की प्रखंड कमेटी की बैठक सोमवार को बाजार स्थित पूर्व विधायक राम जतन पासवान स्मृति भवन के प्रांगण में पूर्व अंचल मंत्री सज्जन राय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला कमेटी सदस्य लालितेश्वर पासवान ने भाजपा एवं आरएसएस पर लोगों को जाति और धर्म के नाम पर भेदभाव पैदा करने का आरोप लगाया। बैठक में हरिनगर-हसनपुर एवं कुशेश्वरस्थान अलौली रेल परीयोजना का बंद पड़े निर्माण कार्य को पूरा करने, कुशेश्वरस्थान को पक्षी विहार को पर्यटक स्थल बनाने, मनरेगा और खाद्य सुरक्षा कानून को मजबूत करने, बेघर भूमिहीनों को पांच डेसीमल जमीन का वासगीत पर्चा देने, सभी उपभोक्ता को 200 यूनिट बिजली फ्री देने, स्मार्ट मीटर हटाने, छूटे हुए बाढ़ पीड़ितों को बाढ़ राहत की राशि देने, तथा किसानों को फसल क्षति का मुआवजा देने आदि मांग को लेकर आगामी 14 फरवरी को अंचल कार्यलय के समक्ष प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। मौके पर अंचल मंत्री संदीप कुमार, सत्यनारायण राय, भीखो यादव, सिपीन राय, सागर राय, विद्यासागर सदा,दुलारी देवी, नवल किशोर शर्मा ,भागेश्वर पासवान, उमेश सदा, दिलीप कुमार सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दो विदेशी नागरिकों को भारतीय सीमा से नेपाल प्रवेश करते समय रोका

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी 48वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल सीमा चौकी पिपरौन के जिम्मेवारी के इलाके में लगभग 1400 बजे पिपरौन चेक पोस्ट पर 48वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के सीमा संपर्क दल बिट द्वारा दो विदेशी नागरिको को भारतीय सीमा से नेपाल प्रवेश करते समय रोका उनके पासपोर्ट और ई-वीजा पर्यटक वीजा की जांच करने पर पता चला कि उन्होने 17 अक्टूबर 2024 को अन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा चेन्नई के माध्यम से भारत में प्रवेश किया था साथ ही पूछताछ के दौरान उन्होने बताया कि वे भारत में विभिन्न स्थानो का दौरा कर चुके है और वाराणसी से ट्रेन द्वारा जयनगर पहुंचे है तथा उन्होने बताया कि वे नेपाल की यात्रा की योजना बना रहे थे क्योकि भारत में उनका अधिकतम प्रवास काल 90 दिन है जिसकी अवधि 16 जनवरी को समाप्त हो जाएगी ।इसके अतिरिक्त उन्होने बताया कि उन्हे इस बात की जानकारी नही थी कि वे इस मार्ग से न तो नेपाल जा सकते है और न ही नेपाल से भारत में प्रवेश कर सकते है।

विदेशी नागरिकों का विवरण इस प्रकार से है इरविन लाके पुरुष उम्र 31 वर्ष जर्मन नागरिक एवं एलेक्सिया तारा मेगराइथ महिला उम्र 25 वर्ष ऑस्ट्रेलियन नागरिक समवाय प्रभारी पिपरौन द्वारा पूछताछ के बाद यह भी पुष्टि हुई कि उन्होने वैध ई-वीजा के साथ चेन्नई एयरपोर्ट के माध्यम से वैध तरीके से भारत में प्रवेश किया है । समवाय प्रभारी द्वारा उन्हे प्रवेश और निकास के नियमो के बारे में विस्तृत जानकारी देकर उन्हे वापस भारत भेज दिया गया और उन्हे यह भी सलाह दी गई कि वे वैध रूप से अनुमत आवागमन मार्ग या हवाई मार्ग से ही नेपाल में प्रवेश करे।

उपरोक्त प्रकरण मे गोविंद सिंह भण्डारी कमांडेंट 48वी वाहिनी द्वारा सीमा संपर्क दल बिट टीम की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार की चौकसी बरतने का निर्देश दिया है । इस घटना की जानकारी सशस्त्र सीमा बल की अन्य सीमा चौकियो को भी दे दी गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यदि दोनो विदेशी नागरिक उनके उत्तरदायित्व क्षेत्र एओआर से बाहर निकलने का प्रयास करे तो उन्हे रोका जा सके ।

श्री हनुमान मानस गोष्ठी के पुनः अध्यक्ष बने महेश्वर प्रसाद सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के मिश्रौलिया स्थित एक निजी परिसर में श्री श्री 108 श्री हनुमान मानस गोष्ठी मिश्रौलिया उतरवारी चौक हनुमान मंदिर का छठा वार्षिक सम्मेलन सोमवार को सम्पन्न हुआ। इस गोष्ठी के बार्षिक अधिवेशन में पुनः श्री हनुमान मानस गोष्ठी के अध्यक्ष महेश्वर प्रसाद सिंह चुने गए। गोष्ठी के उपाध्यक्ष रामा देवी और कोषाध्यक्ष राम यतन सिंह सर्व सम्मति से चुने गए। वही गोष्ठी के कार्यकारणी सदस्य रामविलास सिंह, जगदीश सिंह, राम लखन सिंह, अंजनी देवी, पुष्पा देवी, रमेश प्रसाद सिंह, सूरज सिंह, उमाकांत राय, भुनेश्वर सिंह, रामाशीष सिंह, लक्ष्मी राय, लक्ष्मण सिंह आदि चुने गए। मौके पर गोष्ठी की ओर से डॉ विष्णुदेव प्रसाद सिंह सहित गोष्ठी के पदधारक, सदस्यों आदि को चादर, माला देकर सम्मानित किया गया। वही वक्ताओं ने कहा कि राम चरित मानस मानव को जीवन जीने की राह सिखलाती है। इसलिये राम चरित मानस का घर-घर में यदि नियमित पाठ होगा तो उस घर के बच्चे संस्कारित होगें। मौके पर अनेकानेक भजन, कीतर्न व आरती के साथ सम्मेलन सम्पन्न हुआ।

बढ़ई विश्वकर्मा समाज राजनीतिक उपेक्षा का शिकार: डॉ.हेम नारायण

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बढ़ई विश्वकर्मा संघ (ट्रस्ट) के बैनर तले सोमवार को शहर के दिघरा चौक स्थित श्री नवदुर्गा पैलेस के सभागार में मकर संक्रांति मिलन समारोह संघ(ट्रस्ट)के सदस्य व राजद के राज्य परिषद सदस्य वरिष्ठ नेता भोला ठाकुर की अध्यक्षता मनाया गया। अध्यक्षता करते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि हमारा समाज आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से काफी पिछड़ा है। फिर भी कोई राजनीतिक पार्टी सत्ता में राजनीतिक हिस्सेदारी नही देती। लेकिन अब हमलोग एक जुट हैं,संघर्ष के बल पर अपना हक लेकर रहेंगे। समारोह को संबोधित करते हुए बढ़ई विश्वकर्मा संघ (ट्रस्ट)के संरक्षक व आप पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और समारोह के मुख वक्ता डॉ.हेम नारायण विश्वकर्मा ने कहा कि जब तक सरकार बढ़ई विश्वकर्मा समाज को राजनीति की मुख्यधारा से नहीं जोड़ेगी, जब तक समाज का विकास संभव नहीं है। डॉ. विश्वकर्मा ने कहा कि बिहार सरकार के जाति आधारित गणना सर्वे के आंकड़ों के मुताबिक, 20 लाख की आबादी वाला बढ़ई समाज बिहार में राजनीतिक उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। आज की तारीख में बिहार में बढ़ई समाज से एक भी विधायक नहीं हैं और न ही एक सांसद, विधान परिषद सदस्य और न किसी आयोग के मेंबर। यह बढ़ई समाज के प्रति राजनीतिक दलों की उपेक्षा को दशार्ता है। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में समाज सभी राजनीतिक पार्टियों को वोट की चोट से सबक सिखाने का काम करेगा। पूर्व वार्ड पार्षद नगर निगम राजा विनीत कुमार शर्मा ने समाज के उत्थान के लिए विश्वकर्मा शिल्प बोर्ड निगम का गठन करने की मांग की। बढ़ई विश्वकर्मा संघ (ट्रस्ट)के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने मंच का संचालन करते हुए कहा कि समाज में एक-दूसरे के बीच सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाना जरूरी है और समाज को आगे बढ़ाना भी। मिलन समारोह में शिवदयाल शर्मा की सांस्कृतिक टीम द्वारा लोगों का मनोरंजन किया गया। अंत में, आगत अतिथियों ने एक साथ बैठकर दही-चूड़ा, तिलकुट व सब्जी का आनंद उठाया। समारोह को मुख्य रूप से संबोधित करने वालों में ट्रस्ट के सचिव महेश शर्मा,संगठन सचिव वेद प्रकाश पवन शर्मा, कोषाध्यक्ष महेश कुमार शर्मा, ट्रस्टी प्रभाकर कुमार शर्मा, ट्रस्टी नरेंद्र ठाकुर, ट्रस्टी राजकुमार ठाकुर, ट्रस्टी सत्य नारायण शर्मा (अधिवक्ता), अशोक शर्मा, उद्योगपति संजय कुमार शर्मा, रत्नेश कुमार शर्मा, पूर्व मुखिया पति प्रमोद कुमार शर्मा, रंजीत कुमार शर्मा, पूर्व मुखिया शंकर शर्मा, राकेश शर्मा,मिथुन कुमार शर्मा (पत्रकार)प्रधानाचार्य शंकर शर्मा आदि शामिल थे।

प्रगति यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री पहुंचे वासुदेवपुर

प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा को लेकर सोमवार को कल्याणपुर वासुदेवपुर गांव स्थित हेलीकॉप्टर से पहुंचे।वही मुख्यमंत्री के साथ मंत्री विजय कुमार चौधरी ,केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर, पुर्व सांसद अश्वमेध देवी ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया ।वही डीएम गाड़ी पर बैठकर मुक्तापुर मोईन को जीर्णोद्धार एवं पर्यटन स्थल का जायजा लेने पहचे। मुख्य सचिव से बातचीत कर पर्यटन स्थल के बारे में जानकारी प्राप्त किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मुक्तापुर गोमती स्थित फीता काटकर ओवरब्रिज का शिलान्यास किया। उसके बाद मुख्यमंत्री सेखोपुर गांव के लिए निकल पड़े।इस दौरान जदयू कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री के एक झलक पाने को लेकर काफी उत्साहित थे। मुख्यमंत्री ने कार में ही बैठकर हाथ से इशारा करते हुए अभिवादन करते हुए आगे बढ़ गये ।वहीं जदयू कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री के नहीं मिलने को लेकर कार्यकताओं में नाराजगी देखी गई । वासुदेवपुर स्थित हेलीपैड स्थल पर मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार सिंह, शकुंतला वर्मा रामदेव महतो आशीष पटेल मौजूद थे। वही मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया था। जगह-जगह पर पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस के जवान मौजूद देखेंगे।

जन सहयोग से मोक्ष धाम स्थापित करने के लिए विचार संगोष्ठी आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के नरहन स्थित पैराडाइज पब्लिक स्कूल के प्रांगण में नरहन के बूढ़ी गंडक नदी के तट पर जनप्रतिनिधियों की उदासीनता को देखते हुए जन सहयोग के माध्यम से मोक्ष धाम स्थापित करने को लेकर एक विचार संगोष्ठी आयोजित की गई। अध्यक्षता प्राचार्य शोभा कांत राय ने की। संगोष्ठी के माध्यम से बताया गया कि प्रखंड स्तर पर एक भी स्वच्छ सुरक्षित एवं सुविधा संपन्न मोक्ष धाम नहीं होने के कारण अंतिम संस्कार के निष्पादन में लोगों को अनेकानेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। नरहन बूढ़ी गंडक का पुल घाट इस उद्देश्य के लिए सबसे उपयुक्त हैं ।सभी विद्वजनों ने कहा कि जन सहयोग से इसे साकार करने की दिशा में आगे बढ़ा जाएगा तो सफलता अवश्य मिलेगी। मौके पर शिक्षाविद प्रो. अमरनाथ चौधरी ,अरविंद चौधरी, रामविलास सिंह, अजय कुमार, अमित कुमार, प्रमोद कुमार, मीता ठाकुर, अर्जुन कुमार, अनिल कुमार, विपिन कुमार, मो. तौफीक, पूनम कुमारी, प्रीति कुमारी, संजू कुमारी, अमन कुमार ,धर्मेंद्र कुमार ,छात्र अनंत,मुरारी ,गोविंद ,आदित्य धनराज ,शानवी आदि मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

बाइक चालक ने बुजुर्ग महिला को मारी टक्कर

जमुई [झाझा] सोमवार की दोपहर एनएच 333 स्थित झाझा एसडीपीओ कार्यालय के पास एक 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला को एक बाइक चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बुजुर्ग महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान सोहजाना गांव की रहने वाली अमोला देवी के रूप में हुई है। घायल बुजुर्ग महिला को डायल 112 की पुलिस ने परिजनों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डॉक्टर ने इलाज करने के बाद घायल बुजुर्ग महिला की स्थिति नाजुक देखकर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल बुजुर्ग महिला की बहु ने बताया कि मेरी सास घर से निकलकर सड़क के एक साइड से दूसरे साइड में गुजर रही थी कि तभी तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मार दिया और मौके स्थल से बाइक चालक बाइक लेकर फरार हो गया।

तीन लोगों के साथ हुई मारपीट की प्राथमिकी हुई दर्ज

जमुई [झाझा] थानाक्षेत्र के योगियाटिला उखरिया टोला की रहने वाली एक महिला ने भतीजा, देवर और साथ हुई मारपीट को लेकर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला सुमित्रा देवी ने दर्ज आवेदन में बताया कि शाम के वक्त हम अपने घर पर थे कि तभी गांव के रहने वाले लोचन यादव, वासुदेव यादव, श्याम यादव तीनो भाई और श्याम यादव का बेटा उचित, केदार, प्रकाश एवं 3-4 अज्ञात लोग लाठी, डंडा, रॉड आदि से लैस होकर घर मे जबरन घुसकर गाली गलौज करने लगा। जिसके बाद भतीजा काजू कुमार और देवर उमेश कुमार विरोध किया तो उक्त लोग लाठी, रॉड से मारपीट करने लगा और लोचन ने अपने बाइक से मेरे देवर को टक्कर मार दिया जिसके बाद भतीजा देवर को उठाने लगा तो फिर उसके साथ मारपीट करते हुए जान मारने की नीयत से रॉड चलाकर घायल कर दिया।

मौसम का ग्लोबल वार्मिंग का असर तापमान में हो रहा असामान्य उतार-चढ़ाव, रात का पारा पहुंचा 5.4 डिग्री पर

अगले कुछ दिन कड़ाके की ठंड से मिलेगी राहत, दिन और रात के तापमान में 2 डिग्री तक बढ़त की संभावना

प्रात : किरण, संवाददाता

गिद्धौर। मौसम का मियाज सर्द पछुआ हवा के साथ ही असामान्य तौर से ठंडा होने लगा है। मौसम विभाग की मानें तो अगले एक से दो दिनों में ठंड में कमी की संभावना है। इस दौरान पछुआ हवा की गति में थोड़ी कमी देखने को मिल सकता है। मौसम पर ग्लोबल वार्मिंग का असर इस कदर बढ़ गया है कि 12 से 24 घंटे के दौरान 5 से 8 डिग्री तक की गिरावट या उछाल देखने को मिली है। इस साल जनवरी के बीते दस दिनों में ही कई बार ऐसा देखने को मिला है। 31 दिसंबर को अधिकतम तापमान 21.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.9 डिग्री सेल्सियस था। लेकिन अगले ही दिन पहली जनवरी को दिन का अधिकतम तापमान अचानक घटकर 15.2 डिग्री और रात का पारा 9.5 डिग्री पर पहुंच गया। इसी तरह 4 जनवरी को अधिकतम तापमान 14.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री था, लेकिन अगले ही दिन का अधिकतम तापमान चढ़कर 20.3 डिग्री और रात का पारा 9.2 डिग्री पर पहुंच गया। इसके अगले दिन अधिकतम तापमान 24.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री पर पहुंची गया। लेकिन 7 जनवरी को अचानक बढ़ी ठंड की वजह से दिन का तापमान 16 डिग्री और रात का तापमान 10.9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

अधिकतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

यानी दिन और रात के तापमान में जब महज 5 डिग्री का अंतर था। लेकिन 9 जनवरी को दिन का अधिकतम तापमान 19.8 डिग्री और रात का पारा अचानक घटकर 5.1 डिग्री पर पहुंच गया। मौसम विभाग के जानकार डॉ.रेशमी के मुताबिक मौसम पर ग्लोबल वार्मिंग का बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने कही कि आने वाले चार से पांच दिनों में दिन और रात के तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 21 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। 15 जनवरी तक मौसम शुष्क रहने के साथ ही आसमान साफ रहने की संभावना है। इस दौरान पछुआ हवा 3 से 6 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलने के साथ ही हवा में नमी का स्तर थोड़ा बढ़ सकता है।

प्रधानाध्यापक अवध बिहारी त्रिपाठी की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई / सोनोःगुरु तुल्य प्रधानाध्यापक अवध बिहारी त्रिपाठी की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन उनके निवास स्थान सोनो प्रखंड के सरधोडीह गाँव में बड़े ही धुमधाम के साथ स्थानिय लोगों के अलावा लोजपा रामविलास के प्रदेश महासचिव संजय कुमार मंडल , सरस्वती शिशु मंदिर बटिया के संचालक मुकेश यादव व अन्य लोगों के सहयोग से किया गया है । स्वः त्रिपाठी का असामयिक निधन उनके पेतृक गाँव छपरा में पिछले एक माह पुर्व हो गया है । जिस कारण स्वः त्रिपाठी से शिक्षा ग्रहण करने वाले सभी छात्र छात्राओं ओर उनके चाहने वाले हितैषियों ने उनके निधन पर गहरा चिंतित हें । जिस कारण स्व : त्रिपाठी का स्नेह , प्रेरणा ओर उनकी मार्ग दर्शन पर चलने वाले सोनो प्रखंड के बड़ी संख्या में लोगों ने उनके तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि देकर नमन करते हुए उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई । श्रद्धांजलि सभा के दौरान लोजपा रामविलास के प्रदेश महासचिव सह चकाई के पुर्व विधायक प्रत्याशी संजय कुमार मंडल ने कहा कि स्वः अवध बिहारी त्रिपाठी नैक दिल इंसान थे , उनसे शिक्षा ग्रहण करने वाले सेंकडो की संख्या में छात्राओं ने अच्छी जॉब पाकर अपनी जिंदगी खुशहाल बनाने मे कामयाब हुए । श्री मंडल ने बताया कि छात्राओं द्वारा किसी भी प्रकार का प्रश्न पुछे जाने पर स्वः त्रिपाठी बिना किसी बुक पढ़े ही अपने मुख से उत्तर देने मे सक्षम थे । उनके मुख पर विराजमान माता सरस्वती की कृपा उनके जीवनो परांत बना रहा । लिहाजा आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा मे उनके द्वारा शिक्षा प्राप्त कर देश विदेश में रहकर जॉब करने वाले स्थानीय लोगों ने भी मोबाइल के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया । इधर सरस्वती शिशु मंदिर बटिया के प्रधानाध्यापक मुकेश प्रसाद यादव ने बताया कि हमारे विधालय की स्थापना कॉल से अबतक वे हमारे विधालय की विकास मे लगे रहे जिस कारण हमारे विधालय की विकास में स्वः त्रिपाठी का बहुत बड़ा योगदान रहा है । क्योंकि हमारे विधालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले सभी छात्र छात्राओं को वे बडे.ही सहजता के साथ क्षण भर में बता देते थे । इस अवसर पर समाज सेवी गणेश मंडल , पुर्व मुखिया प्रतिनिधि संतोष पासवान , उत्क्रमित मध्य विधालय गिधाडीह के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेन्द्र पासवान , उत्क्रमित मध्य विधालय बटिया के शिक्षक राजेन्द्र गुप्ता के अलावा धर्मेन्द्र बरनवाल , निखिल बरनवाल , दीपक बरनवाल , नकुल पासवान सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ओर बुद्धिजीवी वर्ग के लोग मौजूद थे ।

ट्रेन से गिरकर एक रेलयात्री हुआ घायल, स्वास्थ्य कर्मियों ने परिजन को दी जानकारी

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [झाझा] सोमवार की सुबह झाझा रेलवे स्टेशन से महज कुछ दूरी पर स्थित खलासी मुहल्ला के पास पुल पर ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति गिरकर घायल हो गया। पुल के पास घायल अवस्था मे गिरे पड़े व्यक्ति को देखकर स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल 112 की पुलिस को सूचना दिया जिसके बाद डायल 112 की पुलिस मौके स्थल पर पहुंचकर घायल व्यक्ति को उठाकर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डॉक्टर ने घायल व्यक्ति का इलाज किया। वही दोहपर में घायल को होश आने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने उसकी पहचान से सम्बंधित पूछताछ करते हुए उसके पॉकेट में मिले एक कागज पर लिखे नम्बर से सम्पर्क किया तो उसकी पहचान से सम्बंधित जानकारी मिला जिसके बाद उसके परिजनों को सूचना दिया। घायल की पहचान प. बंगाल के रहने वाले प्रेमचंद दास के रूप में जो हुगली में जुट मिल में काम करता है। घायल व्यक्ति ने बताया कि हाजीपुर में मेरे मामा के निधन होने पर श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गंगासागर एक्सप्रेस से हाजीपुर जा रहा था। वही ट्रेन में मेरी तबियत खराब हुआ और उल्टी करने के लिए गेट के पास तभी ट्रेन से गिर गया और उसके बाद कुछ भी याद नही है।

मकरसंक्रांति महोत्सव पर प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

बरहट/जमुई। कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार तथा जिला प्रशासन जमुई के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को बरहट प्रखंड के शुक्रदास मेमोरियल विद्यालय में मकर संक्रांति महोत्सव पर विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रखंड भर से प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतियोगिता में पतंग, मेंहदी और चित्रकला का आयोजन हुआ। चयनित विद्या के अनुसार गठित निर्णायक मंडल द्वारा मेंहदी में प्रथम स्थान रितु कुमारी कामिनी उच्च विद्यालय मलयपुर, द्वितीय स्थान वर्षा कुमारी उच्च विद्यालय मलयपुर, तृतीय स्थान साक्षी ठाकुर उच्च विद्यालय गुगुलडीह और पेंटिंग में प्रथम स्थान कृपा कुमारी उत्क्रमित उच्च विद्यालय विशनपुर, द्वितीय स्थान अंजलि शर्मा उच्च विद्यालय गुगुलडीह, तृतीय स्थान रोशनी कुमारी उच्च विद्यालय मलयपुर और पतंग में प्रथम स्थान अंकित कुमार शुक्रदास उच्च विद्यालय बरहट, द्वितीय स्थान अंकित कुमार उच्च विद्यालय विशनपुर, तृतीय स्थान रिपुल कुमार शुक्रदास उच्च विद्यालय बरहट ने प्राप्त किया। सभी विजेता को बीडीओ श्रवण कुमार द्वारा मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। बीडीओ श्रवण कुमार ने बताया कि इस तरह के आयोजन प्रखंड स्तर के नवोदित छात्र/छात्राओं एवं कलाकारों को मकर संक्रांति पर्व की महत्ता का ज्ञान होगा साथ ही वे अपनी संस्कृत से परिचित होंगे और अपनी परंपरा के संवर्धन में भी सक्षम होंगे। मौके पर निर्णायक मंडल सहित कई शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

मकर संक्रांती को लेकर अलीगंज बाजार रहा गुलजार, दुकानों में चुडा.तिलकुट खरीदने को लेकर उमड़ी भीड़

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/ई० अलीगंज (मुमताज) मंगलवार को मनायें जाने वाले मकर संक्राती पर्व को लेकर सोमवार को बाजार में काफी चहल पहल रही। अलीगंज बाजार सौंधी खुशबू से महक उठा। अलीगंज में सभी दुकानों में तिलकुट बिक्री में दुकानदार व्यस्त दिखे वहीं कारीगरों के द्वारा तिलावा और तिलकुट बनाने में व्यस्त थे तो दुसरी ओर इन सामानों के लिए बाजार में खरीददारी हेतु काफी भीड़ देखी गई। जिससे अलीगंज बाजार में रुक रुक कर जाम की स्थित बनी रही।, मकर संक्रांति हिन्दू धर्म में खासा महत्व रखने वाले इस पर्व में लोग दही ,चुरा, तिलकुट, का सेवन करते है। सभी एक दूसरे को निमंत्रण करते है, अलीगंज में मकर संक्रांति को लेकर दुकानदार दुकान को सजाकर ग्राहकों को लुभा रहे थे । वहीं लोग गुड़,तिल,व चुड़ा खरीदने में व्यस्त थे।इस त्यौहार में तिल,गुड़ तिलावा व तिलकुट की मांग अधिक होने की वजह से संबंधित दुकानों पर काफी भीड़ देखने को मिली।वैसे मकर संक्रांति पर गुड़,तिल,चुडा,मुरी,और तिलकुट की माँग अधिक रहती है।परम्परानुसार इस दिन इससे बनी वस्तुओं का लोगों द्वारा प्रयोग न सिर्फ खाने के लिए करते है,बल्कि पूजा के लिए भी चीजों की जरूरत पड़ती है।विभिन्न प्रकार के त्रिकूट जिसमें खोवा और मावा वाले तिलकुट गुड़ वाले तिकूट तथा चीनी वाले तिलकुट 200 से लेकर 450 किलो तक बिक रहे हैं वही बात करें चूड़ा की तो 40 किलो पत्ती वाला चूड़ा 60 किलो कतरनी 90 किलो बासमती चुडा बाजारों में बिक रहा है वही मुड़ी में 10 का पैकेट है 45 का है, 3 किलो का 125 का पैकेट , वहीं दही की बात करें तो दही भी 80 से 100 किलो तक बाजारों में बिक रहे, वहीं बखोरी पासवान,धर्मेन्द्र कुशवाहा,राजेश पासवान,शीतल मेहता ने बताया की मकर संक्रांति हिंदू धर्म का एक प्रमुख पर्व है, जिसे पूरे भारत में बड़े उत्साह और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इस पर्व का धार्मिक, सामाजिक और भौगोलिक महत्व है।

जिसमे सामाजिक एकता को बढ़ावा देती है इस पर्व पर लोग आपस में तिल-गुड़ बांटते हुए कहते हैं, ह्लतिल गुड़ घ्या, गोड़ गोड़ बोला, जिसका अर्थ है ह्लतिल-गुड़ लो और मीठा बोलो। यह प्रेम और सौहार्द का संदेश देता है। वैसे भी तिलकुट खाने के वैज्ञानिक फायदे भी है तिलकुट में तिल की मात्रा होती है और तिल का तासीर गर्म होता है ठंड में तिल खाने से लोगों को मौसम का असर कम होता है तिल खाने से कब्ज जैसी समस्या भी नहीं होती है यह पाचन क्रिया को भी बढ़ाता है ।

अम्बेडकर विचार मंच की हुई बैठक

सचिव के दिये गए इस्तीफे को किया नामंजूर

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [झाझा] अंबेडकर विचार मंच झाझा के प्रांगण में मंच के पदाधिकारियों के द्वारा अति आवश्यक बैठक आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता बनारसी पासवान ने किया । मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि हर एक पदादिकारी, सदस्य मंच को मजबूती प्रदान करता है। अगर मंच के द्वारा कोई भी निर्णय लेना है या अन्य कोई बिंदुओ पर चर्चा करनी है तो सभी लोगों की सहमति होना आवश्यक है।बैठक में संगठन में पारदर्शिता लाने , आय व्यय का ब्यौरा सार्वजनिक करने, नए सदस्यों को जोड़ने, 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की तैयारी पर चर्चा किया वही मंच के सभी पदाधिकारियों द्वारा मंच के सचिव अरविन्द कुमार के दिये गए इस्तीफे को नामंजूर करते हुए कमिटी को यथावत रखा गया। मौके पर मंच के संयोजक भरत भूषण, फागु दास, अध्यक्ष रणधीर पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष सन्नी कुमार , उपध्याक्ष पंकज पासवान,राजू नागेश्वर तुरी,यादव,गया प्रसाद, संजय हरी, दिनेश चौधरी,राजू मांझी,सुरेश दास,संतोष, दास, जोगी रावत,आदि उपस्थित थे ।

गुगुलडीह बाजार में हर रोज लग रहा भीषण जाम, सुबह व शाम राहगीर हो रहे है परेशान

दिन में मालवाहक ट्रकों के परिचालन से हो रही परेशानी

प्रात : किरण, संवाददाता

गिद्धौर। इन दिनों आये दिन रतनपुर व लक्ष्मीपुर जाने वाले राजमार्ग के गुगुलडीह बाजार के राज मार्केट चौक के निकट राजमार्ग पर बालू लदे ट्रकों एवं बेतरतीब ढंग से यात्री वाहनों के परिचालन से हर रोज यहां भीषण जाम यहां लग रहा। जिससे उक्त सड़क पर अन्य दोपहिया चारपहिया यात्री वाहनों एवं क्षेत्र के राहगीरों को घोर कठिनाई का सामना यहां करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि आये दिन आवागमन के क्रम में कुछ देर के लिए यहां कभी न कभी आवगमन ठप्प पड़ जाता है। बालू लदे ट्रकों के बाजार में दिन में भी परिचालन होने से ट्रैफिक जाम रहने के कारण छोटी बड़ी गाड़ियां जाम में बेतरतीब तरीके से फंसी रह जाती हैं। वहीं सोमवार को जाम के वजह से दो पहिया चार पहिया वाहन चालक एवं राहगीरों को बाजार में खरीददारी को ले तंग गलियों से गुजर अपने गंतव्य स्थान तक पहूंचना पड़ा। बतातें चले कि क्षेत्र में नो एंट्री नहीं लगने के कारण दिन रात बालू लदे ट्रक के परिचालन होने से हर दिन यहां जाम लगा रहता है। वहीं जाम को ले स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि दिन रात बालू लदे ट्रकों का परिचालन यहां के ग्रामीणें क्षेत्रों के मुख्य बाजार गुगुलडीह के चौक पे पर देखा जा रहा है। जिसकी वजह से हर रोज यहां जाम लगा ही रहता है। उन्होंने आगे बताया कि जाम रहने की शिकायत जिले से लेकर स्थानीय प्रशासन को भी है मगर आज तक इस ओर किसी ने ध्यान नही दिया। लिहाजा इन दिनों गुगुलडीह बाजार के लोग क्षेत्र के राहगीर प्रतिदिन जाम की समस्या से जूझने को विवश हैं लेकिन समस्या की सुधि ले जाम से निजात दिलाने वाला यहां कोई नही। क्षेत्र के ग्रामीणों ने कहा कि स्थानीय प्रशासन की ओर से यहां जाम से निजात दिलाने को ले कवायद सिफर है। लिहाजा यहां जाम की समस्या आम बनी हुई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से गुगुलडीह चौक के निकट लग रहे जाम से निजात दिलाने की मांग की है।

दाखिल-खारिज एवं परिमार्जन में प्राप्त आवेदनों का ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन करने का डीएम ने दिया निदेश

प्रात : किरण, संवाददाता

पटना, समाहर्ता-सह-जिलाधिकारी, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह द्वारा आज राजस्व मामलों की समीक्षा की गई। उन्होंने ई-म्यूटेशन, परिमार्जन, भू-अर्जन, भूमि विवाद निराकरण, अतिक्रमण हटाने, नापीवाद, सीमांकन, विशेष सर्वेक्षण, भूमि उपलब्धता एवं हस्तानांतरण सहित विभिन्न मामलों में अद्यतन प्रगति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी अंचल में दाखिल-खारिज एवं परिमार्जन का निर्धारित समय-सीमा के बाद एक भी आवेदन लंबित नहीं रहनी चाहिए। पुराने एक्सपायर्ड आवेदनों को नियमानुसार शीघ्र निष्पादित करते हुए नए आवेदनों को समय-सीमा के अंदर शत-प्रतिशत निष्पादित करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि नए आवेदनों में से एक भी आवेदन एक्सपायर्ड नहीं होनी चाहिए अन्यथा लापरवाह अंचलाधिकारियों के विरूद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व संबंधी मामलों में गुणात्मक सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को राजस्व कर्मचारीवार प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा करने का निदेश दिया। पिछले तीन माह में सुधार नहीं करने वाले राजस्व कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई की अनुशंसा करने का निदेश दिया गया। समाहर्ता द्वारा अपर समाहर्ता को सभी अंचलों में सबसे अच्छा एवं सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले राजस्व कर्मचारियों का समेकित रिपोर्ट 24 घंटा के अंदर प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि लापरवाह राजस्व कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई होगी। अनुशासनात्मक कार्रवाई के साथ-साथ उनके डिसमिसल की भी प्रक्रिया विधिवत तौर पर प्रारंभ की जाएगी। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि कार्यों में शिथिलता, लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि छः माह पूर्व से ही विभिन्न बैठकों में सभी अंचल अधिकारियों को वर्ष 2023-24 तक के दाखिल-खारिज एवं परिमार्जन के सभी लंबित मामलों को विधिवत रूप से निष्पादित करते हुए शून्य करने का निदेश दिया गया था। फिर भी अभी भी लगभग 10 अंचलों में यह शून्य नहीं हुआ है। उन्होंने इस पर खेद व्यक्त करते हुए ऐसे सभी अंचल अधिकारियों को वर्ष 2023-24 तक के दाखिल-खारिज एवं परिमार्जन के सभी लंबित मामलों को अविलंब निष्पादित करने का निदेश दिया। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने अधीनस्थ राजस्व कर्मचारियों पर समुचित नियंत्रण रखने का निदेश दिया। सरकार की विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं के लिए भूमि चिन्हित कर शीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने जमाबंदियों के आधार सीडिंग में सभी अधिकारियों को तेजी लाने का निदेश दिया गया। परिमार्जन प्लस के मामलों को तीव्र गति से निष्पादित करने का निदेश दिया गया। अधिकारियों को अभियान बसेरा के तहत पात्र व्यक्तियों को विधिवत योजना का लाभ देने का निदेश दिया गया। आज की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा मसौढ़ी के अंचल अधिकारी से कार्यों में शिथिलता के कारण स्पष्टीकरण किया गया। साथ ही पुनपुन के अंचल अधिकारी का वेतन अवरुद्ध करते हुए उनसे भी स्पष्टीकरण किया गया। पुनपुन के अंचल अधिकारी का प्रतिवेदन भी संतोषजनक नहीं था। दोनों अंचल अधिकारियों ने धीमी गति से आवेदनों का निष्पादन किया है। जिलाधिकारी ने अंचलवार समीक्षा करते हुए कहा कि जिन-जिन अंचलों में दाखिल-खारिज के बहुत अधिक मामले 75 दिनों से अधिक समय से लंबित है वहाँ जिला-स्तर से जाँच करायी जा रही है। उन्होंने निदेश देते हुए कहा कि हर भूमि सुधार उप समाहर्ता प्रत्येक सप्ताह कम-से-कम एक अंचल का निरीक्षण कर प्रतिवेदन दें। कर्मचारीवार विस्तृत समीक्षा करें। समाहर्ता डॉ. सिंह ने कहा कि विभिन्न विभागों यथा कल्याण, पंचायती राज, समाज कल्याण एवं अन्य की विभिन्न योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराया जाना है। जिलाधिकारी द्वारा अपर समाहर्ता को जमीन चिन्हित करने, हस्तांतरण आदि की लंबित प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने का निदेश दिया गया। डीएम डॉ. सिंह ने अपर समाहर्ता को निदेश दिया कि प्राथमिकता के आधार पर भूमि चिन्हित करने के कार्य का अनुश्रवण करें। चिन्हित भूमियों का अनापत्ति प्रमाण-पत्र अंचलाधिकारियों द्वारा शीघ्र उपस्थापित कराएँ। प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारियों, विकास मित्रों, सीडीपीओ इत्यादि प्रखंड स्तरीय विभागीय पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए भूमि को चिन्हित करने के कार्य में तेजी लाई जाए। अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को आ रही समस्याओं का समाधान करने का निदेश दिया गया।

विवेकानंद जयंती सह पुस्तकालय स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुईः खैरा प्रखंड क्षेत्र के हरदीमोह स्थित विवेकानंद पुस्तकालय में स्वामी विवेकानंद की 162 वीं जयंती सह पुस्तकालय स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम शिक्षकों और बच्चों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। जानकारी देते हुए पुस्तकालय संचालक रंजीत कुमार ने बताया कि इस दौरान भाषण प्रतियोगिता और लिखित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में करण कुमार ने प्रथम आलोक आनंद ने द्वितीय और सुधांशु कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। वही लिखित क्विज प्रतियोगिता में सूरज दांगी ने प्रथम, नीतीश कुमार ने द्वितीय और रूबी कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के अंत में सभी सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षक शिवेंद्र कुमार,संजय कुमार मंडल आदि मौजूद थे।

13वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए स्वतंत्रता सेनानी दांगी महावीर मंडल

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुईः खैरा प्रखंड क्षेत्र के हरदीमोह में ऑल इंडिया दांगी क्षत्रिय संघ के तत्वावधान में स्वतंत्रता सेनानी स्व. दांगी महावीर मंडल की 13वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए हुए मार्गो पर चलने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष दांगी अशोक कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सामाजिक कार्यकर्ता मानसी कुमारी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करके किया। इस दौरान 200 मीटर दौड़, भाषण प्रतियोगिता और लिखित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि महावीर मंडल ने आजादी की लड़ाई में बढ़-चढ़कर योगदान दिया था। इस दौरान उन्हें तरह-तरह की यातना सहनी पड़ी और जेल भी जाना पड़ा। हम सबों को उनके अधूरे कार्यों को हर हाल में पूरा करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में अलग-अलग प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव कुमार चंद्रदेव दांगी,जिला महासचिव देवेंद्र कुमार दांगी, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार दांगी, प्रमोद मंडल, अजीत मंडल, अरुण कुमार, महेश मंडल,निरंजन कुमार,सुनील कुमार, वीरेंद्र महंत,महेश दांगी आदि मौजूद थे।

पाररंपरिक तरीके से आदिवासी समाज के लोगों ने मनाया सोहराय पर्व

नृत्य संगीत एवं खेल प्रतियोगिताओं का भी हुआ आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [झाझा] प्रखंड क्षेत्र के पैरगाहा पंचायत में नृत्य संगीत एवं खेल प्रतियोगिताओं से आदिवासी समाज का सबसे बड़ा महापर्व सोहराय पर्व हुआ संपन्न । पौष माह में मनाए जाने वाले आदिवासी संथाल समाज के सोहराय पर्व को लेकर पूरे संथाल क्षेत्र में धूम रहा। पौष माह में मनाए जाने वाले सोहराय पर्व नए अनाज के घर में आने के उपलक्ष में लोग अपनी खुशियां व्यक्त करने के लिए इस पर्व को मनाते हैं। कृषि कार्य में सहयोग करने वाले पशुओं की भी इस पर्व पर पूजा की जाती है। कहते हैं कि पर्व के दौरान बरद खूंटा कार्यक्रम होता है और इसके तहत बरद अर्थात पशुओं को बांधने के लिए खूंटा गाडने का पारंपरिक विधि से कार्यक्रम का आयोजन होता है। बहनों को सम्मनित किया जाता है। 5 दिनों तक संपन्न होने वाले इस पर्व पर हर दिन अलग-अलग देवी-देवताओं की पूजा की जाती है। आदिवासी समाज के लोग अपने देवी-देवताओं की पूजा करने के बाद प्रकृति,कृषि उपकरण और मवेशियों की पूजा किया। ढोल, नगाड़ा के बीच आदिवासी समाज की महिला पुरुषों ने अपने पाररंपरिक नृत्यों को भी प्रस्तुत किया। ग्रामीण वीरेंद्र मुर्मू, नंदकिशोर टुडू, रामनारायण टुडू, बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारी सूबेदार मरांडी आदि ने बताया कि आदिवासी समाज अपने सांस्कृतिक एवं सामाजिक विरासत को बचाते हुए अपने पारंपरिक पर्व त्योहारों को जीवित रखने के लिए हमेशा से प्रयासरत रही है, ताकि हमारे समाज के युवा अपनी परंपराओं को भूले नहीं और कहीं अन्यत्र भटकाव से बचें। आदिवासी समाज का सबसे बड़ा पर्व सोहराय पर्व होता है। मौके पर सोनेलाल सोरेन, पटवारी हांसदा, बुद्धदेव सोरेन, बाबूलाल मुर्मू, बिंदु सोरेन, जेठा हेंब्रम, नानूराम महासके, फिलेमन मारण्डी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

सम्पादकीय

मकर संक्रांति और सूर्य उपासना



मानव-जीवन में सूर्य के महत्व से सब परिचित हैं। इस संसार का सम्पूर्ण भौतिक विकास ही सूर्य पर निर्भर है। संभवतः इसीलिए विभिन्न भारतीय धर्मग्रंथों में सूर्य की स्तुति एवं महत्ता का वर्णन किया गया है। श्रीमद्भागवत के अनुसार सूर्य द्वारा दिशा, आकाश, भूलोक, स्वर्ग और मोक्ष के प्रदेश, नरक एवं रसातल का विभाजन होता है। हिन्दू-धर्म में ही नहीं, अपितु अन्य धर्मों में भी सूर्य की बड़ी महिमा है। पारसियों की मान्यता है कि सूर्य देवता आरोग्य के दाता हैं तथा उनके प्रकोप से कुष्ठ आदि रोग होते हैं। भारतीय ग्रंथों में सूर्य को आरोग्य-दाता कहा जाता है। संक्रमण रोगों का प्रकोप ऐसे स्थानों पर होता है, जहां सूर्य की रश्मियां नहीं पहुंच पाती।सूर्य की रश्मियां पृथ्वी पर स्थित रोग-जनक कृमियों को नष्ट कर प्राणियों एवं वनस्पतियों को शक्ति प्रदान करती हैं। भारत में सूर्य - उपासना वैदिक काल से ही प्रचलित है। सूर्य-उपासक भगवान सूर्य को इस पृथ्वी का जनक, पालक और विनाशक मानते हैं। उनकी मान्यता है कि यदि सूर्य नहीं होता, तो न यह पृथ्वी होती और न ही जीवन होता। यह मान्यता विज्ञान के सिद्धांतों के भी बहुत निकट है। सूर्य-उपासक, सूर्य को आरोग्य-दाता मानते हैं। उनके अनुसार रक्त का पीलापन, पतलापन, उसमें लोहे की कमी, नसों एवं स्नायु की दुर्बलता,आंखों की कमजोरी, आधासीसी, कुष्ठ रोग, चर्मरोग आदि दुसाध्य रोग सूर्य की उपासना से ठीक हो जाते हैं। प्रातः कालीन धूप के सेवन से क्षयरोग को दूर करने में सहायता मिलती है। इसी प्रकार जल-चिकित्सा पद्धति में विभिन्न रंगों की बोतलों में पानी भर कर, उन्हें सूर्य की रोशनी एव धूप में रखा जाता है और उन बोतलों का पानी रोगियों को पिलाया जाता है। सूर्य की उपासना से कुष्ठ-रोग दूर होने की कई धार्मिक कथाएं प्रचलित हैं। भगवान कृष्ण के पुत्र साम्ब को जब कुष्ठ रोग हुआ था, तो उसने भगवान सूर्य की उपासना की थी, जिससे उसका यह असाध्य रोग दूर हो गया था। उड़ीसा में कोणार्क का सूर्य मंदिर आज जिस स्थान पर बना हुआ है, कहा जाता है, वहीं साम्ब ने तपस्या की थी। मान्यता है कि अयोध्या के निकट सूर्य-कुण्ड जलाशय में स्नान करने से चर्म रोग दूर हो जाते हैं। गोवर्धन परिक्रमा के मार्ग में पड़ने वाले सुरभि कुण्ड़ में स्नान करने से भी कुष्ठ रोग दूर हो जाता है। नेत्र रोगों को दूर करने के लिए चक्षुषी विद्या, अक्षि-उपनिषद विद्या के माध्यम से सूर्य-उपासना करने का धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख मिलता है। धारणा तो यहां तक है कि कांसे के पत्रे पर बने बत्तीसा-यंत्र के सामने चक्षोपनिषद का पाठ करते हुए, सूर्य-उपासना करने से न केवल नेत्र ज्योति बढ़ती है, अपितु मोतियाबिंद तक कट जाता है। सूर्य-स्नान एवं सूर्य नमस्कार के चमत्कारों से तो सभी परिचित हैं। यूरोपीय देशों में सूर्य-स्नान काफी लोकप्रिय है, जबकि सूर्य नमस्कार के रूप में किये जाने वाले व्यायाम से शरीर स्वस्थ, बलिष्ठ, निरोगी एवं दीर्घजीवी होता है। सूर्य इस संसार के जीवन-दाता, पालक और आरोग्य-दाता है। इसीलिए भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है ह्य ज्योतिषां रविरंशुमान। इस तरह भारत में सूर्य आदिकाल से ही जन-आस्था, श्रद्धा, आराधना एवं उपासना का केंद्र रहा है। भारत के विभिन्न भागों में बने भव्य सूर्य मंदिर इस तथ्य को उजागर करते हैं कि हर युग में भारत में सूर्य की आराधना एवं उपासना प्रचलित रही है। खगोल शास्त्रियों ने जब सूर्य की गति का पता लगाया, तो सूर्य - उपासना की एक नई पद्धति प्रचलित हुई। सूर्य जब नभमंडल में एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करता है, तब उसे संक्रांति कहा जाता है। इस तरह हर वर्ष बारह संक्रांतियां होती है, पर इनमें सबसे महत्वपूर्ण मकर - संक्रांति कहलाती है। इस दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है। चूंकि सूर्य 365 दिनों अर्थात एक वर्ष की निश्चित अवधि में बारह राशियों का ही भ्रमण कर डालता है, इसलिए मकर संक्रांति एक निश्चित दिन अर्थात चौदह जनवरी को ही होती है। भारतीय मान्यता के अनुसार इस दिन का एक और विशेष महत्व है। मकर संक्रांति के दिन सूर्य दक्षिणायण से उत्तरायण में प्रवेश करता है। भारत में उत्तरायण के सूर्य का विशेष महत्व है। हर शुभ काम के लिए तभी मुहूर्त निकाला जाता है, जब सूर्य उत्तरायण में हो। उत्तरायण में सूर्य का झुकाव उत्तर की ओर होता है। सूर्य के उत्तरायण में होने का भारत में कितना महत्व है, इसका प्रमाण हमें महाभारत में मिलता है। भीष्म पितामह ने दक्षिणायण के सूर्य के समय अपनी देह नहीं त्यागी थी, क्योंकि वे स्वर्ग में प्रवेश उत्तरायण के सूर्य में करना चाहते थे। मकर संक्रांति भारत में विभिन्न नामों के साथ मनाई जाती है। अलग-अलग क्षेत्रों में इस दिन अलग-अलग पद्धतियां भी अपनाई जाती हैं, पर सबका उद्देश्य एक ही है- सूर्य की उपासना एवं आराधना।

महाकुंभ 2025: जहां परंपरा और परिवर्तन आत्मसात होते हैं

कुंभ मेला, विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागमों में से एक है और यह आस्था, एकता और मानवता के ईश्वर से शाश्वत संबंध का प्रतीक है। पौराणिक कथाओं में निहित, यह चार पवित्र स्थलों- प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक- पर अमरता का अमृत छलकने का स्मरण दिलाता है। सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति ग्रहों की एक विशिष्ट ब्रह्मांडीय स्थिति के दौरान आकाशीय संरेखण द्वारा इसका निर्धारण होता है। कुंभ मेले में शुद्धि और मोक्ष की अभिलाषा के साथ प्रत्येक 12 वर्ष में लाखों श्रद्धालु पवित्र नदियों में स्नान करने के लिए एकत्रित होते हैं। समय बीतने के साथ-साथ कुंभ मेला विकसित हुआ और इसमें प्राचीन परंपराओं को आधुनिक नवाचारों के साथ जोड़ा गया। 4 फरवरी, 2019 का कुंभ मेला, मानवता के अब तक के सबसे व्यापक और शांतिपूर्ण समागम का साक्षी बना। आध्यात्मिकता में पूर्ण रूप से निहित यह विशिष्ट आयोजन आस्था, समुदाय और वाणिज्य का उत्सव है। मेलों, शैक्षिक कार्यक्रमों, संत प्रवचनों, भिक्षुओं के सामूहिक समारोहों और विविध मनोरंजन के साथ कुंभ मेला भारतीय समाज के जीवंत लोकाचार का उदाहरण है। प्रयागराज में वर्ष 2019 का संस्करण विशेष रूप से उल्लेखनीय था, जिसमें 50 दिनों के दौरान अनुमानित 24 करोड़ आगंतुकों ने भागीदारी की। इनमें से 4 फरवरी को ही 3 करोड़ श्रद्धालु शामिल हुए। प्रसिद्ध गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर आयोजित किए गए कुंभ की तैयारियों में 3,200 हेक्टेयर में फैले विशाल टेंट क्षेत्र के साथ 440 किलोमीटर की अस्थायी सड़कें, 22 पंटून पुल, लगभग 50,000 एलईडी स्ट्रीटलाइट और व्यापक स्वच्छता बुनियादी ढांचा शामिल था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्ष 2019 में कुंभ मेले का दौरा आयोजकों और कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त करने का एक भाव था, जिन्होंने इस आयोजन को वैश्विक स्तर पर सफल बनाया। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने स्वच्छता कर्मचारियों को सम्मानित किया, सम्मान के प्रतीक के रूप में उनके चरण धोए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन की भावना को पुष्ट बनाते हुए कहा, कर्मठ स्वच्छता कर्मियों का सम्मान करते हुए... मैं स्वच्छ भारत की दिशा में योगदान देने वाले प्रत्येक व्यक्ति का अभिवादन करता हूं। वर्ष 2019 के कुंभ ने स्वच्छता और सार्वजनिक स्वच्छता के लिए नए मानक स्थापित किए। वर्ष 2013 में सिर्फ.5,000 सामुदायिक शौचालयों की तुलना में, वर्ष 2019 के आयोजन में 122,500 शौचालय निर्मित किए गए, साथ ही 20,000 डस्टबिन और 160 कचरा उठाने वाली गाड़ियों की व्यवस्था की गई। साफ-सफाई के लिए वाटर जेट स्प्रे मशीन जैसे अभिनव उपायों ने पानी की बबार्दी को काफी हद तक कम किया और स्वच्छता कार्य को आसान बनाया। शौचालयों को सुगमता के लिए रणनीतिक रूप से रखा गया था और इसमें लिंग-विशिष्ट और दिव्यांगता-अनुकूल डिजाइन शामिल थे। महिलाकर्मियों की सेवा के माध्यम से महिलाओं के लिए पिंक शौचालय जबकि बुजुर्गों के अनुकूल शौचालय संचालित किए गए। सीवेज टैंकों की शुरूआत के साथ इनके उपयोग ने नदी में होने वाले प्रदूषण के जोखिम को समाप्त कर दिया। इन शौचालयों की दुर्गंध को दूर करने के लिए एक नवीन तकनीक अपनाई गई थी जिसका पहली बार वर्ष 2018 माघ मेले के दौरान परीक्षण किया गया था और फिर कुंभ 2019 में इसको उपयोग में लाया गया। इसके लिए छात्र शोधकर्ता मेला स्थल पर ही प्रतिदिन लगभग 65,000 लीटर दुर्गंधनाशक द्रव्य तैयार कर रहे थे। इसके अतिरिक्त, स्वच्छाग्रहियों (स्वच्छता स्वयंसेवकों) ने स्वच्छता बनाए रखने और शौचालय के उपयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईओटी-सक्षम मोबाइल ऐप से लैस, इन स्वयंसेवकों ने विशाल मैदान में 60,000 शौचालयों की निगरानी की, जिससे वास्तविक समय में ही समस्या का समाधान सुनिश्चित किया गया। इस पहल ने न केवल परिचालन दक्षता को बढ़ाया बल्कि स्वयंसेवकों को सशक्त भी बनाया, जिनमें से कई युवा और महिलाएं शामिल थीं।

घटते छात्र, बढ़ते स्कूल: क्या शिक्षा नहीं अनुकूल?

सरकारी स्कूलों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन छात्रों का नामांकन घट रहा है। हरियाणा में साल 2023-24 में सरकारी स्कूलों में नामांकन 22.30 लाख रहा, जो साल 2022-23 के 24.64 लाख से कम है। साथ ही, साल 2023-24 में राज्य में कुल नामांकन 56.41 लाख रहा, जबकि साल 2022-23 में यह 57.76 लाख था।साल 2022-23 में लड़कियों का नामांकन (माध्यमिक) 4.4 प्रतिशत था, जो साल 2023-24 में 4.2 प्रतिशत रह गया। दो सालों में लड़कों का नामांकन 5.7 प्रतिशत से गिरकर 5.4 प्रतिशत हो गया। शिक्षा प्रणाली में कुछ चुनौतियाँ हैं जिनके कारण भारत इष्टतम विकास को पूरा करने में सक्षम नहीं है। भारत में शिक्षा के परिदृश्य को बेहतर बनाने

प्रियंका सौरभ
(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार)

शिक्षा के लिए एकीकृत ज़िला सूचना प्रणाली की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में स्कूलों की संख्या बढ़ रही है, पर स्कूली छात्रों की संख्या घट रही है। स्कूली छात्रों की संख्या घटना न केवल चिंताजनक और विचारणीय है बल्कि नये भारत-सशक्त भारत निर्माण की एक बड़ी बाधा भी है। भारत में स्कूलों की संख्या में करीब 5, 000 की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों सहित 14, 89, 115 स्कूल हैं। ये स्कूल 26, 52, 35, 830 छात्रों को पढ़ाते हैं। इनमें से कुछ स्कूलों को उनकी प्रतिष्ठा, स्थापना के वर्षों, महत्त्वपूर्ण स्कूल परिणामों, मार्केटिंग रणनीतियों आदि के कारण उच्च छात्र नामांकन प्राप्त होते हैं लेकिन पर साल 2022-23 व 2023-24 के बीच स्कूली छात्रों के नामांकन में 37 लाख की कमी आई है। यह स्थिति अनेक सवाल खड़े करती है। क्या स्कूली शिक्षा ज्यादातर बच्चों की पहुँच के बाहर है? क्या शिक्षा का आकर्षण पहले की तुलना में घटा है? सरकारी स्कूलों में बेहतरीन सुविधाएँ उपलब्ध होने के बावजूद, दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या में वृद्धि नहीं हो रही है। सरकारी स्कूलों में बेहतर सुविधाओं के बावजूद, खराब गुणवत्ता वाली शिक्षा, अपर्याप्त शिक्षक प्रशिक्षण, जवाबदेही की कमी, निजी स्कूलों से प्रतिस्पर्धा और कुछ क्षेत्रों में अच्छे सरकारी स्कूलों की उपलब्धता के बावजूद निजी स्कूलों में बेहतर शिक्षण परिणाम देने की धारणा के कारण अक्सर छात्रों का नामांकन कम रहता है; इससे माता-पिता निजी स्कूलों को चुनते हैं, भले ही वे सरकारी शिक्षा का खर्च वहन कर सकें। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि आजकल छात्र और उनके माता-पिता सरकारी स्कूलों की तुलना में निजी स्कूलों में दाखिला लेना पसंद करते हैं। हम ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही प्रवृत्ति देखते हैं, जहाँ अधिकांश माता-पिता कृषि पर निर्भर हैं और कम आर्थिक वर्ग से हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे स्कूलों में बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करें ताकि अधिक से अधिक छात्रों को सरकारी स्कूलों में दाखिला लेने के लिए आकर्षित किया जा सके। सुविधाओं में सुधार के बावजूद सरकारी स्कूलों में कम नामांकन के मुख्य कारण हैं अपर्याप्त शिक्षक प्रशिक्षण, कम प्रेरणा और शिक्षकों की उच्च अनुपस्थिति सरकारी स्कूलों में सीखने की गुणवत्ता को महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकती है, जिससे माता-पिता बेहतर शिक्षक मानकों वाले निजी स्कूलों का विकल्प चुनते हैं। जब सरकारी स्कूलों में अच्छा बुनियादी ढांचा होता है, तब भी माता-पिता के बीच यह धारणा बनी रहती है कि निजी स्कूल बेहतर शिक्षा प्रदान करते हैं, जिससे निजी संस्थानों को प्राथमिकता मिलती है। सरकारी स्कूलों में खराब निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली शिक्षा की असंगत गुणवत्ता को जन्म दे सकती है, जिससे माता-पिता का आत्मविश्वास और भी कम हो सकता है। सुविधाओं और मार्केटिंग रणनीतियों वाले निजी स्कूलों की तेजी से वृद्धि अक्सर छात्रों को सरकारी स्कूलों से दूर कर देती है, यहाँ तक कि उन क्षेत्रों में भी जहाँ सार्वजनिक शिक्षा के अच्छे विकल्प हैं। कुछ मामलों में, माता-पिता सामाजिक दबाव या उच्च सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले साथियों के नेटवर्क तक पहुँचने की इच्छा के कारण निजी स्कूलों का चयन कर सकते हैं। सरकारी स्कूल हमेशा अपने पाठ्यक्रम और शिक्षण विधियों को आधुनिक शैक्षिक प्रथाओं के साथ संरेखित करने के लिए अपडेट नहीं कर सकते हैं, जिससे गुणवत्ता में अंतर पैदा होता है। हमें सच्चाई को स्वीकार करना होगा, हालाँकि यह कड़वी है। अपर्याप्त सुविधाएँ, शिक्षकों की कम उपस्थिति और पुरानी शिक्षण पद्धतियाँ कुछ ऐसे कारण हैं, जिनके कारण लोग मुफ्त सरकारी स्कूलों को छोड़कर महंगी फीस वाले निजी संस्थानों को चुन रहे हैं, जो कि बहुत अच्छा संकेत नहीं है। समस्या केवल यह नहीं है कि निजी स्कूलों में सरकारी स्कूलों की तुलना में दाखिले अधिक होते हैं। सरकारी स्कूलों में देखभाल और ध्यान कम होगा। सरकारी स्कूलों में प्रक्रिया पर औसत नजर रहेगी। उचित बुनियादी ढांचे की उपलब्धता का सवाल ही नहीं उठता। अपर्याप्त स्टाफ के साथ चलने वाले ज्यादातर स्कूलों में यह बहुत आम बात है। मुख्य रूप से माता-पिता के प्रति उनके बच्चों की शिक्षा के प्रति कोई जवाबदेही नहीं है। जबकि निजी स्कूलों में उपर्युक्त रणनीति के फॉमूलेशन उपलब्ध होंगे, इसके अलावा स्कूल की क्षमता बढ़ाने के लिए व्यावसायिक हथकंडे भी जोड़े जाएँगे। देश के स्कूली इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के साथ ही उन अहम दिक्कतों की भी झलक देती है, जिन्हें दूर किया जाना बाकी है। बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बेहतर होने के बावजूद छात्रों की संख्या का घटना गहन विमर्श का विषय है। सरकारी स्कूलों में शिक्षण मानकों को बेहतर बनाने के लिए शिक्षक प्रशिक्षण, योग्य शिक्षकों की भर्ती और प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन को प्राथमिकता दें। स्कूल के प्रदर्शन की निगरानी करने, सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने और छात्रों के सीखने के परिणामों के लिए स्कूलों को जवाबदेह बनाने के लिए मजबूत सिस्टम लागू करें। विश्वास बनाने और सरकारी स्कूलों को बढ़ावा देने के लिए स्कूल के निर्णय लेने में माता-पिता और समुदाय के नेताओं को शामिल करें। प्रासंगिकता और वर्तमान आवश्यकताओं के साथ संरेखण सुनिश्चित करने के लिए पाठ्यक्रम की नियमित समीक्षा करें और उसे अद्यतन करें। अनुकूल शिक्षण वातावरण प्रदान करने के लिए सरकारी स्कूलों में भौतिक बुनियादी ढांचे में सुधार करने में निवेश करना जारी रखें। नकारात्मक धारणाओं को दूर करने और नामांकन को प्रोत्साहित करने के लिए सरकारी स्कूलों में उपलब्ध शिक्षा की गुणवत्ता को उजागर करने वाले अभियान चलाएँ। शिक्षा प्रणाली में कुछ चुनौतियाँ हैं जिनके कारण भारत इष्टतम विकास को पूरा करने में सक्षम नहीं है। भारत में शिक्षा के परिदृश्य को बेहतर बनाने एवं छात्रों के नामांकन को बढ़ाने के लिए उन नीतियों पर सख्ती से काम करने की आवश्यकता है जो भारत में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली सुनिश्चित करें॥

रिटायर्ड अफसरों के बोझ तले दबा आरटीआई का ढाँचा

सेवानिवृत्त अधिकारी उन विभागों के खिलाफ निर्णय लेने में संकोच कर सकता है, जिनके लिए उन्होंने कभी काम किया था, जिससे समझौतापूर्ण फैसले होते हैं। पारदर्शिता में विशेषज्ञता की कमी एक बड़ा मुद्दा है। सेवानिवृत्त सिविल सेवकों में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक विशेष ज्ञान की कमी हो सकती है, जो आरटीआई अधिनियम का मुख्य हिस्सा है। सेवानिवृत्त नौकरशाह वर्तमान सामाजिक मुद्दों से कटे हुए हो सकते हैं, जिससे सार्वजनिक शिकायतों को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने की उनकी क्षमता कम हो सकती है। प्रशासनिक पृष्ठभूमि से आने वाले सूचना आयुक्त समकालीन दृष्टिकोण से सूचना तक पहुँचने के बारे में जनता की चिंताओं को पूरी तरह से नहीं समझ सकते हैं। लंबे समय तक सरकारी सम्बद्धता वाले नौकरशाहों की नियुक्ति से जवाबदेही कम हो सकती है, क्योंकि उनके निर्णय सरकारी हितों के साथ संरेखित हो सकते हैं।

डॉ सत्यवान सौरभ
लेखक

भारत में सूचना आयुक्तों के रूप में सेवानिवृत्त सिविल सेवकों के प्रभुत्व ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) ढांचे की स्वतंत्रता और विविधता के बारे में चिंताएँ बढ़ा दी हैं। जबकि उनका अनुभव मूल्यवान हो सकता है, इस ने संभावित पूर्वाग्रहों और सीमित प्रतिनिधित्व पर बहस छेड़ दी है। इस तरह के प्रभुत्व के निहितार्थ और उम्मीदवारों के लिए पात्रता मानदंड को व्यापक बनाने के लिए सुधारों की आवश्यकता का पता लगाता है। आरटीआई ढांचे में स्वतंत्रता और विविधता के बारे में कई चिंताएँ हैं। सेवानिवृत्त सिविल सेवकों का प्रभुत्व एक संकीर्ण, एकरूप दृष्टिकोण बनाता है, जो निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में विविधता को कम करता है। सेवानिवृत्त नौकरशाहों को अक्सर प्रतिष्ठान का हिस्सा माना जाता है, जिससे सरकार की कार्रवाइयों को निष्पक्ष रूप से चुनौती देने की उनकी क्षमता सीमित हो जाती है। पूर्व सरकारी कर्मचारी अपने पूर्व सहयोगियों के प्रति पूर्वाग्रह प्रदर्शित कर सकते हैं, जिससे अपीलों को संभालने में निष्पक्षता कम हो सकती है। एक सेवानिवृत्त अधिकारी उन विभागों के खिलाफ निर्णय लेने में संकोच कर सकता है, जिनके लिए उन्होंने कभी काम किया था, जिससे समझौतापूर्ण फैसले होते हैं। पारदर्शिता में विशेषज्ञता की कमी एक बड़ा मुद्दा है। सेवानिवृत्त सिविल सेवकों में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक विशेष ज्ञान की कमी हो सकती है, जो आरटीआई अधिनियम का मुख्य हिस्सा है। सेवानिवृत्त नौकरशाह वर्तमान सामाजिक मुद्दों से कटे हुए हो सकते हैं, जिससे सार्वजनिक शिकायतों को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने की उनकी क्षमता कम हो सकती है। प्रशासनिक पृष्ठभूमि से आने वाले सूचना आयुक्त समकालीन दृष्टिकोण से सूचना तक पहुँचने के बारे में जनता की चिंताओं को पूरी तरह से नहीं समझ सकते हैं। लंबे समय तक सरकारी सम्बद्धता वाले नौकरशाहों की नियुक्ति से जवाबदेही कम हो सकती है, क्योंकि उनके निर्णय सरकारी हितों के साथ संरेखित हो सकते हैं। विशिष्ट राजनीतिक दलों से सम्बंध रखने वाले नौकरशाह सरकारी निर्णयों को चुनौती देने में अनिच्छा दिखा सकते हैं, जिससे आरटीआई ढांचे की स्वतंत्रता कम हो सकती है। सेवानिवृत्त सिविल सेवकों के प्रभुत्व का प्रभाव पड़ता है। जब चयन पूल में विविधता का अभाव होता है, तो जनता आरटीआई ढांचे की तटस्थता में विश्वास खो सकती है। सीमित नए दृष्टिकोण वाले नौकरशाहों का प्रभुत्व अक्षमता में योगदान देता है, जिससे आरटीआई अपीलों के प्रसंस्करण में देरी बढ़ जाती है। सीआईसी के 23, 000 अपीलों का बैकलॉग बताता है कि नए दृष्टिकोण के बिना नौकरशाही नियुक्तियाँ नागरिक शिकायतों के समय पर समाधान में बाधा बन सकती हैं। नियुक्तियों में विविधता की कमी के परिणामस्वरूप समान पृष्ठभूमि वाले कुछ व्यक्तियों के हाथों में शक्ति केंद्रित हो जाती है। यह प्रथा नवीन विचारों या दृष्टिकोण में परिवर्तन को रोकती है जो आरटीआई अधिनियम की प्रभावकारिता में सुधार कर सकते हैं। विविध इनपुट के बिना, आरटीआई ढांचा आधुनिक आवश्यकताओं के अनुकूल होने में विफल हो सकता है, जिससे सुधार रुक सकते हैं जो इसे और अधिक प्रभावी बना सकते हैं। अगर लोगों को लगता है कि निर्णय पक्षपातपूर्ण हैं या पूर्व सरकारी अधिकारियों द्वारा प्रभावित हैं, तो वे आरटीआई प्रक्रिया से जुड़ने के लिए कम इच्छुक महसूस कर सकते हैं।योग्य उम्मीदवारों के पूल को व्यापक बनाने के लिए सुधारों की तत्काल आवश्यकता है। विभिन्न विशेषज्ञता वाले पेशेवरों को शामिल करने से निर्णय लेने में व्यापक दृष्टिकोण आएगा। यह आरटीआई ढांचे में विविध दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है। यूके जैसे देशों में, सूचना आयुक्त कानून, पत्रकारिता और शिक्षा जैसे पृष्ठभूमि से आते हैं, जो स्वतंत्रता और निष्पक्षता को बढ़ावा देते हैं। एक सार्वजनिक, पारदर्शी चयन प्रक्रिया निष्पक्षता को बढ़ावा देगी और सभी को सूचना आयुक्त की भूमिकाओं के लिए आवेदन करने का समान अवसर देगी। अमेरिका कई सरकारी निगरानी भूमिकाओं के लिए एक सार्वजनिक नामांकन प्रक्रिया का उपयोग करता है, जो उम्मीदवारों के चयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करता है। कार्यकाल सीमित करने और आयु प्रतिबंध लागू करने से नए दृष्टिकोण को बढ़ावा मिल सकता है और सूचना आयोगों के भीतर गतिशील नेतृत्व की अनुमति मिल सकती है। ऑस्ट्रेलिया जैसे कई राष्ट्र वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यकाल को सीमित करते हैं ताकि दीर्घकालिक रूप से जड़ता से बचा जा सके और नए विचारों को प्रोत्साहित किया जा सके। नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के साथ एक अधिक समावेशी दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकता है कि आरटीआई प्रणाली जनता की जरूरतों के प्रति उत्तरदायी है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में गैर-सरकारी संगठनों के सदस्य शामिल हैं, जो विविध दृष्टिकोणों के माध्यम से मानवाधिकारों के प्रति अपने दृष्टिकोण को मजबूत करते हैं। आवेदनों के लिए आउटरीच और जागरूकता का विस्तार करना: रिक्तियों को सक्रिय रूप से प्रचारित करना और आउटरीच कार्यक्रमों को बढ़ाना विभिन्न पेशेवर पृष्ठभूमि से उम्मीदवारों को आकर्षित करने में मदद करेगा, जिससे अधिक विविध पूल बनेंगे। न्यूजीलैंड जैसे देश सार्वजनिक क्षेत्र की रिक्तियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चलाते हैं, जिससे विभिन्न क्षेत्रों से कुशल पेशेवर आकर्षित होते हैं। आरटीआई ढांचे की स्वतंत्रता और विविधता सुनिश्चित करने के लिए, सुधार आवश्यक हैं। विविध क्षेत्रों के पेशेवरों को शामिल करके पात्र उम्मीदवारों के पूल का विस्तार करने से नए दृष्टिकोण आ सकते हैं, पूर्वाग्रह कम हो सकते हैं और जवाबदेही बढ़

मकर संक्रान्ति भारत के प्रमुख पर्वों में एक है

जितेन्द्र कुमार सिन्हा

ग्रहों के राजा सूर्य देव जब मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तब मकर संक्राति मनाया जाता है, इसलिए मकर संक्राति को सूर्यदेव की आराधना का पर्व कहा जाता है। यह दिन सूर्य के उत्तरायण होने का भी प्रतीक है, जिसे भारतीय संस्कृति में सकारात्मक परिवर्तन और समृद्धि का संकेत माना जाता है। मकर संक्रान्ति भारत के प्रमुख पर्वों में एक है। मकर संक्रांति (संक्रान्ति) पूरे भारत में मनाया जाता है। वर्तमान शताब्दी में यह त्योहार जनवरी माह के चौदहवें दिन यानि 14 तारीख को मनाया जाता है । विगत कुछ वर्षों में इसे ग्रहों की चाल के कारण पन्द्रहवें दिन यानि 15 तारीख को मनाया गया है। मकर संक्रान्ति के दिन सूर्य धनु राशि से चलकर मकर राशि में प्रवेश करता है। इस वर्ष मकर संक्रान्ति 14 जनवरी 2025 को मनाई जाएगी। वैदिक पंचांग के अनुसार 14 जनवरी 2025 को सुबह 9 बजकर 3 मिनट पर सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेगा, इसलिए यह समय शुभ मुहूर्त है। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में इस बार लोहड़ी 13 जनवरी को मनाई जाएगी। जबकि तमिलनाडु सहित दक्षिण भारत के जिन-जिन हिस्सों में पोंगल का पर्व मनाया जाता है, उसकी तिथियां 14 से 17 जनवरी तक होगी यानि 14 से 17 जनवरी तक पोंगल मनाया जाएगा। पश्चिम बंगाल सहित पूर्वोत्तर राज्यों में बिहू का पर्व मनाया जाता है और बिहू 14-15 जनवरी को मनाया जाएगा। मकर संक्रांति, भारत के सबसे महत्वपूर्ण, पवित्र और सास्कृतिक पर्व में से एक है। इसे मनाने के पीछे अनेक धार्मिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक कारण है। यह किसी क्षेत्र विशेष का पर्व नहीं है बल्कि भारत के हर कोने में अलग-अलग नाम और तौर-तरीकों से मनाया जाने वाला महापर्व है। सनातन संस्कृति का महापर्व है मकर संक्रांति। मकर संक्रांति पंजाब और हरियाणा में लोहड़ी, गुजरात और महाराष्ट्र में उत्तरायण, उत्तर प्रदेश और बिहार में खिचड़ी और तिला संक्रांत, दक्षिण भारत में तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में पोंगल, पश्चिम बंगाल में गंगा सागर मेला, असम तथा पूर्वोत्तर में भोगाली बिहू के नाम से जाना जाता है। कर्नाटक, केरल और आंध्र प्रदेश में इसे संक्रांति कहते हैं, जबकि देश के अलग अलग हिस्सों में संक्रांति के अलावा भी इसके कई स्थानीय नाम लिए जाते हैं। भले ये सब एक ही समय पर मनाए जाने वाले अलग-अलग पर्व हों, लेकिन इन सभी अलग अलग नामों में विराट सनातन संस्कृति का दर्शन होता हैं।मकर संक्रांति पर्व कृषि कर्मों, धार्मिक क्रिया- कलाप और आस्था का पर्व हैं। इस पर्व को भारत के साथ-साथ नेपाल में भी पूरी धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन भागीरथ के पीछे-पीछे गंगा चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होते हुए गंगासागर में जाकर मिली थी। मकर सक्रांति के दिन गंगा-संगम नदी में स्नान करने की मान्यता है। इस दिन गंगा में डूबकी लगाने के बाद दान पुण्य करने से, मोक्ष की प्राप्ति होती है। दान में काली उड़द की खिचड़ी, काला तिल, गुड़, नमक, सर्दियों के काले कपड़े, तेल और चावल दान करना शुभ माना जाता है। मकर संक्रांति पर्व का सिर्फ सांस्कृतिक महत्व ही नहीं होता है बल्कि इसका अपना वैज्ञानिक और खगोलीय महत्व भी है। मकर संक्रांति वह दिन होता है, जब सूर्य मकर रेखा को पार कर उत्तरी गोलार्ध की ओर बढ़ने लगता है। इसलिए इस दिन शीत ऋतु के अंत होने और बसंत ऋतु की शुरूआत होने का प्रतीक भी माना जाता है। इस दिन से दिन का समय लंबा और रात का समय छोटा होने लगता हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि सर्दी धीरे-धीरे कम होने लगती है और गर्मी धीरे-धीरे बढ़ने लगती है। फसल की कटाई और नए सत्र की शुरूआत का भी सही समय माना जाता है। मान्यता है कि भीष्म पितामह ने संक्रांति के दिन ही शरीर त्यागने के लिए सही समय माना था, इसलिए इस दिन को साधना और सिद्धि का भी दिन माना जाता है। मकर संक्रांति के साथ कुछ खाद्य सामग्री के उपयोग की प्राचीन परंपरा है। जिन वस्तुओं के खान-पान की परिपाटी है, उनमें प्रायः सभी नवी फसल आते हैं। धान की नयी फसल आ चुकी होती है। इसलिए चूड़ा और खिचड़ी का महत्व रहता है। चावल से फरही और चूड़े की लाई बनाईं जाती है। कार्तिक महीने से नया गुड़ बाजार में आ जाता है। तिल और गुड़ का उपयोग आने वाले मौसम के लिए शरीर को तैयार रखने के लिए खाया जाता है। तिल को सर्वोतम तैलीय पदार्थों में एक माना जाता है। शरीर में जमें धूल-कण की बाहर निकाल कर आंतरिक गड़बड़ियों को दूर करता है। चिकित्सकों की मानें तो गुड़ और तिल मिल कर शरीर की आंतरिक सफाई करता हैं और कफ- पित्त को संतुलित रखता हैं। शरीर को भरपूर ऊर्जा और गर्मी मिलती रहे, इसलिए लोग मकर संक्रांति के दिन तिल और गुड़ तथा उससे बने सामग्रियों का सेवन करते हैं।

अब ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर मिल रही है 151 प्रकार की मेडिसिन

- एचडब्ल्यूसी पर 14 प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध
- गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के लिए विभाग संकल्पित

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा। शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के अंतिम पंक्ति तक के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग और बिहार सरकार कृत-संकल्पित है। इस दिशा में कई महत्वपूर्ण पहल की गयी है। स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि मरीजों को इलाज के साथ-साथ शत-प्रतिशत निशुल्क दवा भी उपलब्ध करायी जाये। यही कारण है कि अब पंचायत स्तर पर संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर भी शत-प्रतिशत दवा की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर 151 प्रकार की दवा उपलब्ध करायी जा रही है। ताकि मरीजों को इलाज के बाद बाहर से दवा नहीं खरीदना पड़े। इसके साथ इन सेंटरों पर 14 प्रकार के डाग्योनेस्टिक जांच की सुविधा उपलब्ध है। हीमोग्लोबिन, डायबिटिज, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप, फाइलेरिया , डेंगू, यूरिन , प्रीग्नेंसी , सोडियम , एचआईवी ,हेपटाइटिस ,मलेरिया, सिप्लिस, वाटर टेस्टिंग, टीबी कैंसर स्क्रीनिंग आदि की जांच करना है। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है, और इसके लिए विभाग संकल्पित है। स्वास्थ्य विभाग की यह पहल खासकर उन क्षेत्रों में लाभकारी साबित हो रही है, जहां स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी थी। बिहार सरकार के इस प्रयास से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को अब इलाज के साथ-साथ उचित दवाएं और परीक्षण सेवाएं भी मिल रही हैं, जिससे उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान अधिक प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं में जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर ह्लजन आरोग्य समितिह्व का गठन किया जा चुका है। इसके माध्यम से इन केंद्रों पर उपचार के लिए आने वाले लोगों को सामान्य चिकित्सा से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध करायी जानी हैं।

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर मिलती हैं ये सेवाएं

1.प्रसव पूर्व जांच
2.नवजात एवं शिशु सामान्य स्वास्थ्य देखभाल
3.बाल्यावस्था एवं किशोर सामान्य स्वास्थ्य देखभाल
4.परिवार नियोजन, गर्भनिरोधक एवं सामान्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल
5.राष्ट्रीय कार्यक्रमों के अनुसार संचारी रोगों का सामान्य प्रबंधन
6.बीमारियों का ओपीडी के माध्यम से सामान्य प्रबंधन
7.गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, सामान्य प्रबंधन, क्षय एवं कुष्ठ रोग का सामान्य प्रबंधन

अब बाहर से नहीं खरीदनी पड़ती है दवाएं

जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी रमेश चंद्र कुमार ने बताया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर प्राथमिक रूप से सभी बीमारी की ईलाज होती है वही रेफर किए गए मरीज को के लिए फॉलोअप की दवा उपलब्ध रहता है। फॉलोअप में विशेष कर नॉन-कम्युनिकल (गैर संचारी रोग) जैसे हाइपरटेंशन, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर ,हृदय रोग, कैंसर, दमा एवं सांस आदि बीमारियां गैर संचारी रोगों की श्रेणी के प्रमुख घातक बीमारियां है। इन बीमारियों के फॉलोअप की दवा सभी एचडब्ल्यूसी में उपलब्ध है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के सामान्य तौर पर आम मरीजों को बड़े अस्पताल या किसी अन्य दवा स्टोर पर जाने की जरूरत नहीं होती है मरीजों को स्थानीय स्तर पर हेल्थ बोलने सेंटर पर ही सभी दवाई उपलब्ध हो जाती है।

निःशुल्क औषधि वाहन से पहुंचायी जाती है दवाः

सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि दवा की उपलब्धता शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार दवा वाहन उपलब्ध कराए गये है। जिसके माध्यम से अब जिला स्तर से प्रखंड स्तर और प्रखंड से पंचायत स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों को निःशुल्क औषधि वाहन के माध्यम से दवा पहुंचायी जा रही है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय की बैठक

न्यायालय संबंधी मामलों में ससमय तथ्य विवरणी दायर करने का दिया गया निर्देश

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समन्वय बैठक आहुत की गई। न्यायालय से संबंधित मामलों में सभी संबंधित पदाधिकारियों को ससमय तथ्य विवरणी दायर करने का निदेश दिया गया। आरटीपीएस के तहत कुछ मामले निर्धारित समय सीमा के बाद लंबित पाये गये। पेंशन से संबंधित मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई का निदेश दिया गया। आपदा से संबंधित अनुग्रह अनुदान भुगतान के सभी सभी लंबित मामलों को विशेष कैम्प लगाकर निष्पादित करने का निदेश दिया गया। आगामी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का अयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम में लिंगानुपात सुधार एवं युवा मतदाताओं का नाम जोड़ने में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बीएलओ एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारी को पुरस्कृत किया जायेगा। अपर समाहर्त्ता, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता एवं सभी अंचलाधिकारियों को नियमित रूप से रेवेन्यू कोर्ट का संचालन कर राजस्व से संबंधित मामलों की सुनवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

नीलाम पत्र से संबंधित मामलों की सुनवाई प्रत्येक सप्ताह में दो दिन सुनिश्चित करने का निदेश सभी संबंधित नीलाम पत्र पदाधिकारियों को दिया गया।

पेट्रोल पंप पर उपलब्ध नागरिक सुविधाओं की नियमित रूप से जाँच सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

नल जल योजना से संबंधित लंबित विद्युत विपत्रों का भुगतान सुनिश्चित कराने का निदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत पंचायतों में कचरा निष्पादन हेतु क्रय किये गए ई रिक्शा एवं पैडल रिक्शा में जहाँ भी खराबी आई है, उसे तीन-चार दिनों के अंतर्गत ठीक कराने का निदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। जिला के सभी पंचायतों में स्पोर्ट्स क्लब के गठन किया जाना है। अभी तक ऑनलाइन 365 आवेदन प्राप्त हुये हैं। अभी भी 183 पंचायतों में कोई भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। इस संबंध में स्थानीय प्रतिनिधियों से संपर्क कर सभी शेष पंचायतों के लिये स्पोर्ट्स क्लब के गठन हेतु आवेदन कराने को कहा गया।

संक्षिप्त खबरें

100 लीटर देशी शराब के साथ महिला गिरफ्तार

प्रातः किरण, संवाददाता

बनियापुर । सहाजितपुर थाना क्षेत्र के बंगाली भिट्ठी गाव मे पुलिस ने गुप्त सूचना पर भारी मात्रा मे देशी शराब बरामद किया है वही पुलिस ने धंधेबाज को भी गिरफ्तार कर लिया है।मामले कि प्राथमिकी मे पुलिस पदाधिकारी मधुरिमा मनीसा द्वारा बताई गयी है कि गुप्त सूचना मिली थी कि बंगाली भिट्ठी गाव मे शराब बिक रही है ,जिस सूचना के सत्यापन के लिए पहुंची पुलिस को सौ लीटर देशी शराब के साथ धंधबाज महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

दो पक्षों के बिच हुई मारपीट ,दर्जन से उपर नामजद

बनियापुर । सहाजितपुर थाना क्षेत्र के कटसा गाव मे दो पक्षों के बींच हुई मारपीट मे महिला समेत कई जख्मी हों गए है । घटना की प्राथमिकी मे पीड़ित जीतेन्द्र महतो ने बताया है कि घर पर थे तभी पड़ोसी लाठी डंडे तलवार लेकर दरवाजे पर आ गए गाली गलौज करने लगे जव विरोध किए तब सत्यनरायन महतो चंदन महतो गजाधर महतो राजा महतो निर्जल महतो लवन देवी भगमनी देवी पूजा सहित एक दर्जन से अधिक आरोपित मिलजुल कर जमकर मारपीट किए घर मे रखे नगदी आभूषण की चोरी का आरोप लगाई गयी है,मामले मे पुलिस जाँच कर रही है।

इसुआपुर में आंगनबाड़ी केंद्रों पर बिजली कनेक्शन के लिए लगा कैंप

इसुआपुर । प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों पर बिजली कनेक्शन के लिए सीडीपीओ कार्यालय परिसर में सोमवार को कैंप लगाकर ऑनलाइन अप्लाई सुविधा एप्स के माध्यम से किया गया। वहीं विभाग के द्वारा केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों के लिए दवा का वितरण भी कैंप के माध्यम से किया गया। प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को उसके जरूरत के हिसाब से पर्मेथ्रिन लोशन, मैक्सी फ्लाक्सासिन आई ड्रॉप तथा पोभिडोन ऑइंटमेंट की दवा आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं को दी गई। मौके पर सीडीपीओ चंद्रकांति कुमारी, एलएस पिंकी कुमारी,एलएस अनु कुमारी,अध्यक्ष शशि कुमारी, उपाध्यक्ष संगीता देवी, अंजू देवी, नीरज कुमारी, पूनम देवी, संजना कुमारी, समता कुमारी, रेणु देवी,सुमन देवी, विद्यावती देवी व अन्य थीं।

इसुआपुर में ग्राम कचहरी के सदस्यों को दिया गया न्यू क्रिमिनल लॉ का एक दिवसीय प्रशिक्षण

इसुआपुर। एक संवाददाता। प्रखंड मुख्यालय के सभागार में सोमवार को ग्राम कचहरी के सदस्यों को न्यू क्रिमिनल लॉ का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित ग्राम कचहरी के सरपंच,उपसरपंच, सचिव तथा न्याय मित्रों को संशोधित धाराएं 2023 के आलोक में प्रशिक्षक बसंत कुमार एवं मनोज कुमार पंडित के द्वारा विस्तार रूप से जानकारियां दी गईं। वहीं भारतीय न्याय संहिता की धारा 168,189 (2) (3), 191 (2) (3) तथा अन्य 40 न्यू क्रिमिनल लॉ की धाराओं से संबंधित विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। इस मौके पर प्रशिक्षक बसंत कुमार, मनोज कुमार पंडित, सरपंच संघ के प्रखंड अध्यक्ष हरेराम तिवारी, संजय ओझा, संतोष बाबा, संतोष भगत, आशा कुमारी, राजेश सिंह कुशवाहा आदि थे।

कॉलेज में आयोजित हुआ आउटरीच प्रोग्राम

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना, राजेंद्र कॉलेज छपरा के तत्वावधान में माय भारत आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में युवाओं को जागरूक करना और उनकी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाना है। यह कार्यक्रम शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर केंद्रित होगा। संचालन कर रहे कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अनुपम कुमार सिंह ने कहा कि माय भारत पोर्टल के माध्यम से सरकारी योजनाओं, रोजगार के अवसरों, स्वास्थ्य सेवाओं और स्वच्छता से संबंधित जानकारी मिलेगी। स्वयंसेवक रुपेश कुमार निषाद ने विस्तार से माय भारत पोर्टल पर युवाओं के पंजीकरण को बताया और उसके लाभों के संबंध में जानकारी दी।

इसके अलावा ई श्रम पोर्टल, नेशनल करियर सर्विस के बारे में भी जानकारी दी गई। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कुमारी नीतू सिंह ने किया। विदित है कि माय भारत पोर्टल का उद्देश्य नागरिकों को सरकारी योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करना है। इसके माध्यम से व्यक्ति ऑनलाइन सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं, जैसे दस्तावेजों की अपलोडिंग, आवेदन पत्र भरना और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करना, जिससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और सरलता बढ़ती है। कार्यक्रम में शिक्षक भावेश कुमार समेत रोबिन, कामिनी, निशा, बिट्टू, राहुल कई छात्र उपस्थित थे ।

राष्ट्रीय रक्तदाता सम्मेलन में सम्मानित हुए छपरा के रक्तवीर तारिक अनवर

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। बिहार के दरभंगा जिला की बहुचर्चित संस्था समर्पण मिथिला द्वारा 11-12 जनवरी को ऐतिहासिक दो दिवसीय राष्ट्रीय रक्तदाता प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया था जिसमें देश के अलग अलग राज्यों से रक्तदान क्षेत्र में सेवा दे रहे रक्तदानियों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया गया। छपरा से युवा सामाजिक कार्यकर्ता व रक्तवीर तारिक अनवर को रक्तदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाने, रक्तदान शिविर का आयोजन करने, एवं अब तक सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध कराने के लिए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० मृदुल कुमार शुक्ला व डॉ ० गुंजन शुक्ला के हाथों ह्लराष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मानह्व से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन दरभंगा के दलान रिसोर्ट में किया गया था । अब तक 25 रक्तदान शिविर का आयोजन कर चुके और खुद 14 बार रक्तदान करने वाले रक्तवीर तारिक अनवर ने कहा कि रक्तदान ही ऐसी सेवा है जो निस्वार्थ रूप से किया जाता है और रक्तदान करने रक्तवीर न धर्म देखते है न जाति और न ही मरीज का स्टेटस मायने रखता है । मानवता और इंसानियत को हमेशा अपने दिलों में जिंदा रखना और किसी भी मरीज को रक्त की कमी से मृत्यु न हो इसी इसका संकल्प लेकर हम सभी अपनी टीम के साथ अपनी कारवां को आगे बढ़ा रहे हैं ।

दो दिवसीय सम्मेलन व कार्यशाला के अनुभव शेयर करते हुए रक्तवीर तारिक अनवर ने आगे बताया कि हिन्दुस्तान के अलग अलग हिस्सों से आए सैकड़ों लोगों से इन दो दिनों में मिलना उनके समाज, संस्कृति, भाषा और उनके सामाजिक कार्यों के स्तर से परिचय होना व कार्यशाला के दौरान अलग अलग संस्थाओं/दर्जनों चिकित्सकों, सरकारी/गैर सरकारी बल्ड सेंटरों के संचालकों/संस्थापकों द्वारा बल्ड डोनेशन से संबंधित सैकड़ों सवालों का जवाब मिलना, सुखद, ज्ञानवर्धक, ऊर्जा से भरपूर व आगे सामाजिक कार्यों में सुधार कर खुद को तकनीकी रूप से गुणवत्तापूर्ण काम करने को प्रेरणा मिली ।

बिहार एनडीए कार्यकर्ता महाजुटान और सम्मेलन की तैयारी जोर शोर से शुरू

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। बिहार एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर एक तरफ एनडीए समर्थित सभी दल डिजिटल प्रचार प्रसार कर रहें हैं। वहीं शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बैनर पोस्टर के सहारे कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने की तैयारी जोर शोर से चल रही है। तो दूसरी ओर बगहा बाजार स्थित सेंट्रल बैंक के समीप जेडीयू कार्यालय के सामने एनएच 727 पर जेडीयू समर्थकों द्वारा स्वागत के लिए टी बोर्ड पर लगे पीएम मोदी, सीएम नीतीश, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा समेत वाल्मीकिनगर विधायक धीरेंद्र प्रताप उर्फ रिंकू सिंह, एमएलसी भीष्म साहनी के बैनर पोस्टर को बीजेपी समर्थकों द्वारा हटाकर महज भाजपा समर्थित नेताओं का हीं बैनर पोस्टर लगा दिया गया । इस कृत्य की सूचना पर कुछ हीं घंटे के अंदर जेडीयू किसान व सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विमलेंदु कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह नें मामले का संज्ञान लिया और मौके पर पहुंचकर भाजपा का बैनर पोस्टर लगा रहे कर्मियों का विरोध करते हुए पुनः स्वागत के लिए लगा टी बोर्ड से भाजपा का बैनर पोस्टर हटवाया गया और फिर डस्टबिन में जेडीयू के फेंके गए बैनर पोस्टर को टी बोर्ड पर लगाया गया। इस घटना के बाद बगहा बाजार के चौक चौराहे पर लोगो में तरह तरह की चर्चा हों रही है। जितने लोग उतनी तरह तरह की बातें हों रहीं है। जेडीयू नेता मुन्ना सिंह ने बताया की मैं पार्टी का एक सच्चा सिपाही हुं। अपने सामने अपनी पार्टी के किसी भी नेता या किसी कार्यकर्ता का अपमान होते नही देख सकता । लिहाजा मेरे द्वारा इसकी सूचना जिलाध्यक्ष से लेकर पार्टी के वरिय अधिकारियों को भी दे दी गई है । इतना हीं नहीं एनडीए में सब कुछ ठीक होनें का भी दम भरते जेडीयू नेता नें सब कुछ सामान्य होनें का दावा किया है।

बतादें की जेडीयू के पोस्टर बैनर उखाड़ कर बीजेपी के पोस्टर बैनर लगने के बाद उसे डस्टबिन में डाल दिया गया था लेकिन जब जेडीयू नेताओं की इस ओर नजर पड़ी तो फिर दुबारा उनके पोस्टर बैनर चस्पा किये जा रहें हैं जो बिहार एनडीए के बगहा में 15 जनवरी को होनें वाले महाजुटान और एकजुटता से पूर्व दरार को दर्शा रहा है बावजूद इसके जेडीयू सब सामान्य होने का दावा कर रहीं है।

स्वामी विवेकानंद संघ, कोहबरवां द्वारा मनाया गया युवा दिवस

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा सदर । स्वामी विवेकानंद संघ, कोहबरवां में स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। जिसमें लाटू महाराज पाठशाला के लगभग 300 छात्र छात्राओं ने प्रभात फेरी में भाग लिया। सभी छात्र स्वामीजी के विचारों एंव नारों को बोल-बोलकर जन-जन तक उनके संदेश को पहुंचाया। यह प्रभात फेरी कोहबरवां, बेलवनियां, दुर्ग टोला, राजा छपरा, बसहियां, गोरिया टोला, झुमक टोला, बतानी, महुआ टोला गांवों से होते हुए पुनः संघ में पर लौट आया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष, छपरा डॉ राजीव रंजन , छपरा आश्रम के ब्रह्मचारी महाराज मुक्तेशाचैतन्य , सचिव अजीत कुमार, मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ नागेंद्र राय , विशिष्ट अतिथि कमला राय कॉलेज, गोपालगंज के प्रो डॉ श्याम शरण , कॉमर्स कॉलेज, पटना के प्रोफेसर डॉ वाल्मीकि आदि ने स्वामी जी के संक्षिप्त जीवनी एंव उपदेशों से सभी को अवगत करवाया। इस अवसर पर भजन गायक राजलक्ष्मी, शेखर सुमन और अनीश अनु, उप सयुंक्त सचिव विशाल कुमार एवं राधा कृष्णा सिंह सदस्य दिनेश पांडेय , सिकन्दर, रामाधार, संजय, किरण देवी, अभिषेक, मनीष, अमीत, मोनी, प्रियंका, मनीषा, ज्योति एवं अन्य उपस्थित थे।

नेपाल भवानी पुर बना रामपुर गोल्ड कप का विजेता, देव कुमार और रामपुर बीडीसी बीरेन्द्र थापा ट्रॉफी से सम्मानित

प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया ।भारत नेपाल के सीमावर्ती प्रखंड क्षेत्र थरूहट की राजधानी रामपुर में नव वर्ष के उपलक्ष्य में चल रहे रामपुर गोल्ड कप फुटबॉल टूनामेंट 2025 का आयोजन 5 जनवरी से 12 जनवरी तक किया गया था। जिसका रविवार को ग्रांड फाइनल में एक भवानी पुर नेपाल और एक कटैया भारत की टीम के बीच खेल हुआ जिसमें खेल समाप्त होने तक दोनों टीमें एक एक गोल से बराबर रहा। उसके पेनाल्टी शॉट के सहारे नेपाल भवानी पुर के टीम विजय हुआ। नेपाल टीम के सर पर रामपुर गोल्ड कप का ताज चढ़ा।

रामपुर गोल्ड कप फुटबॉल टूनामेंट के आयोजक, रामपुर इउ्ढ बीरेन्द्र थापा, अशोक सुब्बा, जय किशोर सुब्बा, राजन दूआरिया, रोहित चौधरी ने बताया कि जंहा विजेता टीम को देव एचपी गैस एजेंसी के मालिक ने कप मेडल के साथ साथ 25 हजार रूपए से नवाजा । वही उप विजेता टीम को भी रामपुर इउ्ढ बीरेन्द्र थापा ने कप मेडल के साथ साथ 17 हजार रूपए से नवाजा । इस टूनामेंट को खेलाने और सफल बनाने में ठऋ्ष्ठ रेफरी रेयाजूल इस्लाम, श्याम कुमार, प्रवीन उपाध्याय, दीपक कुमार पटेल की अहम भूमिका रही है। रामपुर के एतिहासिक खेल मैदान में लगभग हजारों की संख्या में आए दर्शकों ने फुटबॉल टूनामेंट के फाइनल मैच को देख भरपूर आनंद लिया।

इस टूनामेंट को सफल बनाने के लिए दामोदर दिसवा, धर्मेंद्र खवास, बिरजू राय एंव रामपुर टीम के कप्तान सुधांशु कुमार, और राहुल कुमार, सुजीत कुमार, हिमांशु कुमार, रौशन कुमार, तथा उनके फुटबॉल टीम ने कड़ी मेहनत की। मौके पर डॉक्टर रूदल दुअरिय, शिवेंद्र शिबू, भंगहा थाना अध्यक्ष दीपक प्रसाद, पुलिस निरीक्षक सत्येंद्र कुमार, एसएसबी पचरौता इडढ के रकमुकेश कुमार, नगरदेही इडढ के रक आशीष जीतू कृष्णा, लालन यादव, मनोज चौधरी

सड़क दुघर्टना में एक साथ दो शिक्षकों की हुई मौत पर शोक सभा आयोजित

प्रातः किरण, संवाददाता

एकमा। प्रखंड बीआरसी कार्यालय पर 11 जनवरी को दाउदपुर में सड़क दुर्घटना में दो शिक्षकों को हुई मौत को लेकर परिवर्तनकारी शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गई । उपस्थित शिक्षक व शिक्षिकाओं ने उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर दो मिनट का मोन रखा गया । बता दे कि दोनों शिक्षक एकमा नगर पंचायत के गंज गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शिक्षक राणा प्रताप तिवारी व कोहडगढ गांव स्थित एससी एसटी विद्यालय के शिक्षक विक्रांत प्रियदर्शी की निधन हो गई थी । जिससे शिक्षक समाज में अचानक दुःख कि पहाड़ टूट कर गिर पड़ी। इस दौरान शिक्षक का नेता बहादुर सिंह ने कहा कि इस दुःख कि घड़ी में हम सभी शिक्षक मिलकर उनके परिजनों के साथ खड़े हैं । दोनों शिक्षक बहुत ही सरल स्वभाव के धनी के साथ मिलनसार व्यक्ति थे । उनकी निधन हो जाने से हम सबों के बीच उनकी कमी खलती रहेगी । इस मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी योगेन्द्र बैठा शिक्षक अरुण सिंह मनजीत तिवारी सुमन कुशवाहा संदीप श्रीवास्तव सुलेखा कुमारी राजेश राम साहेब हुसैन नसीब अंसारी अनिता कुमारी कमल सिंह सेंगर जितेंद्र पाण्डेय शैलेश सिंह प्रहलाद महराज सहित काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे ।

माध्यमिक विद्यालय लक्ष्मीपुर सीसीटीवी कैमरा से हुआ लैस

बगहा। बगहा परिक्षेत्र में अपनी अलग पहचान के लिए मसहूर हुए लक्ष्मीपुर स्थित उच्चतर विद्यालय अपनी पठन पाठन और विद्यालय भवन को लेकर सुर्खियों में था लेकिन इन दिनों विद्यालय अनुशासन समेत सीसीटीवी कैमरा से लैस होने पर फिर से सुर्खियां बिटोर रहा है। प्रधानाचार्य संजय कुमार ने बताया कि हमारी प्राथमिकता है कि विद्यालय में पठन पाठन,अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर है। विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी की सुरक्षा विद्यालय कैम्प्स के अंदर और बाहर अहम है । उन्होंने आगे बताया कि फिलहाल 8 कैमरे लगाए गए है अभी चार कैमरे और लगाए जाएंगे। बतादें की विद्यालय भवन बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित है। वाल्मीकिनगर के के लक्ष्मीपुर में स्थित यह विद्यालय तब सुर्खियों में आया जब करीब 3 वर्ष पूर्व विद्यालय को कंप्यूटराइज किया गया था

शराबबंदी को लेकर जन-जागरूकता कार्यक्रम का होगा आयोजन

- मंत्री, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण करेंगे शिरकत

प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। 16 जनवरी 2025 को नौतन प्रखंड के पूर्वी नौतन पंचायत अंतर्गत खैरा टोला मीडिल स्कूल में शराबबंदी पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम मे मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग मंत्री रत्न ेश सादा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। जन-जागरूकता कार्यक्रम में जिले के सभी टोला सेवक, तालिमी मरकज, जीविका दीदियां सहित हजारों की संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रहेगी।उक्त के परिप्रेक्ष्य में जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। विधि-व्यवस्था संधारण हेतु दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर को निर्देशित किया गया है। वहीं कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने हेतु जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया को निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला नजारत उप समाहर्ता, डीपीएम, जीविका सहित अन्य पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया द्वारा दिया गया है।

आरजेडी ने अपने कार्यकाल में बिहार को गुंडाराज के दलदल में धकेल दिया थाःनीरज

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा। सोमवार को छपरा सर्किट हाउस में एनडीए की कार्यकता सम्मेलन को लेकर एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित की गईं।जिसमें जदयू के प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार,भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रेमरंजन पटेल,लोजपा रामविलास के प्रदेश प्रवक्ता जितेंद्र यादव,हम के प्रदेश प्रवक्ता राजेश पांडेय और आरएलएम के प्रदेश महासचिव सह प्रदेश प्रवक्ता ब्रजेंद्र कुमार पप्पू ने संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से बात करते हुए नेताओं ने कहा कि छपरा में एनडीए का कार्यकर्ता सम्मेलन होना है जिसकी तैयारी को लेकर संवादाता सम्मेलन आयोजित की गई है।यह सम्मेलन बीस जनवरी को छपरा में राजेंद्र स्टेडियम होगी।इसमें प्रखंड से लेकर जिला व प्रदेश स्तर तक के कार्यकर्ता होंगे शामिल।इस प्रेस वार्ता में सारण में हुए विकास को भी लेकर नेताओं ने पत्रकारों से संबोधित में कहा एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन हमारी एकजुटता और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।हर जिला में कार्यकताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है।एनडीए का हर नेता और कार्यकर्ता एक परिवार की तरह काम करता है,जहां हर सदस्य को सशक्त बनाने के लिए सभी प्रयास किए जाते हैं।

जदयू के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने राजद पर कटाक्ष करते हुए की कहा कि 2005 से बिहार में बदलाव की शुरूआत जनता ने कर दी है।2005 में आरजेडी के कुशासन से तंग आकर जनता ने एनडीए को चुना।तब से बिहार विकास की राह पर तेजी से बढ़ रहा है।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सात निश्चय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास ने राज्य को आत्मनिर्भर और प्रगतिशील बनाया है।2025 के चुनाव में 225+ सीटें जीतने का लक्ष्य रखा गया है। हमारा लक्ष्य 2025 के विधानसभा चुनाव में 225+ सीटें जीतकर बिहार को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है।साथ ही सारण में एक भी राजद से कोई विधानसभा में नहीं जाएगा यह दवा है क्योंकि एनडीए की एकजुटता और विकास की नीतियां ही क्षेत्र को आगे बढ़ाएंगी।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सारण को करोड़ो रुपए की सौगात दी है जिसमें 425 करोड़ रुपए की लागत से बने राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल का उद्घाटन किया।साथ ही गड़खा प्रखंड में जलाशय सौंदर्यीकरण, ग्रामीण हाट, खेल मैदान, और स्कूल भवन जैसे कई विकास कार्य किए गए।लोजपा आर के प्रदेश प्रवक्ता जितेंद्र यादव ने कहा कि केंद्र सरकार भी सारण के विकास के लिए सक्रिय है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, और जल जीवन मिशन के तहत लाखों लोगों को लाभ मिला है।जेपी पुल के समानांतर 6-लेन पुल और एशिया का सबसे बड़ा डबल डेकर ओवरब्रिज निर्माण भी क्षेत्र की प्रगति का प्रमाण है।हम के प्रदेश प्रवक्ता राजेश पांडेय ने कहा कि एनडीए बिहार के हर गांव और जिले को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।हमारा गठबंधन केवल राजनीति नहीं, बल्कि जनता की सेवा के प्रति समर्पित है।इस सम्मेलन ने कार्यकताओं और जनता को एकजुटता और प्रगति का स्पष्ट संदेश देगा।एनडीए की यह पहल न केवल विकास को गति देगी, बल्कि जनता के विश्वास को और मजबूत करेगी।आर एल एम के प्रदेश महा सचिव सह प्रदेश प्रवक्ता विजेंद्र कुमार पप्पू ने कहा कि आगामी 20 जनवरी को प्रदेश से लेकर प्रखंड स्तर तक के एनडीए कार्यकताओं का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।यह सम्मेलन राजेंद्र स्टेडियम छपरा में होगा, जिसमें एनडीए के घटक दलों के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, और जिला व प्रखंड स्तर के सभी कार्यकताओं की भागीदारी रहेगी।इस आयोजन का उद्देश्य आगामी चुनावों के लिए कार्यकताओं को संगठित करना और पार्टी की रणनीति को मजबूत करना है।इस अवसर पर विधान पार्षद डॉ वीरेंद्र नारायण यादव,पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी,पूर्व मंत्री गौतम सिंहआदि थे।

पूर्व सैनिक संघ की हुई बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) । बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ काराकाट इकाई की बैठक प्रखंड कार्यालय काराकाट में सोमवार को आयोजित की गई । जिस बैठक में बिहार राज्य सैनिक संघ के रोहतास जिलाध्यक्ष मुखराम राय को बिहार के उपाध्यक्ष एवं संगठन मंत्री दो पद मिलने पर काराकाट में पूर्व सैनिक ने बधाई दी । साथ ही उन्हें अंगवस्त्र और फूलों का माला देकर सम्मानित किया गया । मौके पर मनोज कुमार पांडेय प्रखंड अध्यक्ष काराकाट बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ,शिव कुमारी देवी, राजदेव सिंह,सचिंतानंद पांडेय,संजय कुमार पांडेय,निर्मल कुमार,शिवमंगल सिंह,रामबली सिंह,अहमद अली, कमला देवी,वीरेंद्र सिंह,रामाकांत त्रिपाठी,राजाराम,संजू देवी,सरस्वती देवी, राम आशीष दुबे सहित सैकड़ो की संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित थे । ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने साधु स्वरूप से विश्व पटल पर भारत की स्वाभिमान बढ़ाने का काम किया था। क्लासेस के संचालक धनंजय सिंह ने छात्रों को जीवन में स्वयं के साथ राष्ट्र चिंतन का सुझाव दिया।

भोजपुर जिलाधिकारी ने किया जिला स्तरीय समन्वय समिति एवं आधार अनुश्रवन समिति की बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । जिला पदाधिकारी, भोजपुर तनय सुल्तानिया (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति एवं आधार अनुश्रवन समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। इनमें बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, हर घर नल का जल, घर तक पक्की गली-नालियाँ, हर घर नल का जल (अनुरक्षण), मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, हर खेत तक सिंचाई का पानी, कृषि फीडर का निर्माण, मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, बिहार लघु उद्यमी योजना, स्वास्थ्य उपकेन्द्र-टेलिमेडिसिन के माध्यम से चिकित्सा परामर्श, पशु चिकित्सा सेवाओं की डोरस्टेप डिलीवरी, पंचायत सरकार भवन, हर प्रखंड में खेल-कूद को बढ़ावा देने हेतु स्पोर्ट्स क्लब का गठन, हर पंचायत में खेल का मैदान, मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना, जीविका समूह, जल-जीवन-हरियाली, दाखिल-खारिज और परिमार्जन जैसी योजनाएं शामिल थीं।बैठक में इन योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने जिला प्रबंधक (डीआरसीसी) को कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) के कार्यान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने हर घर नल का जल योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के अनुसार छूटे हुए घरों को 25 फरवरी 2025 तक पूर्ण करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। इसके साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारियों को खेलो इंडिया प्रोग्राम के तहत स्पोर्ट्स क्लब के गठन हेतु दो दिनों के भीतर जमीन चिन्हित कर प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया।

जिले में मछली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सभी प्रखंड और पंचायत स्तर पर जमीन चिन्हित करने का भी निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को विभिन्न विभागों की योजनाओं के लिए स्थल चयन सुनिश्चित करने और प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का आदेश दिया।

उन्होंने लंबित एनओसी को शीघ्र निष्पादित करने और भूमि सुधार उपसमाहताओं तथा अनुमंडल पदाधिकारियों को इन कार्यों का सतत अनुश्रवण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इस बैठक में अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर निकाय पदाधिकारी और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

डीडीसी की अध्यक्षता में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट पर कार्यशाला आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । जिलाधिकारी, भोजपुर के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को रोकना और घटते लिंगानुपात को नियंत्रित करना था। कार्यशाला के दौरान उन्होने घटते लिंगानुपात पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यशाला में जिले के सभी अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालकों से अपील की गई कि वे लिंग परीक्षण पर पूरी तरह रोक लगाने में प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही, यह निर्देश दिया गया कि सभी अल्ट्रासाउंड सेंटर भारत सरकार के पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट, 1994 के नियमों का सख्ती से पालन करते हुए संचालित किए जाएं। उप विकास आयुक्त ने यह स्पष्ट किया कि जिले में लिंगानुपात की कमी को देखते हुए अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर छापेमारी की जाएगी और उन्हें तुरंत सील किया जाएगा। यदि कोई केंद्र अवैध गतिविधियों में लिप्त पाया जाता है, तो उसकी पंजीकरण रद्द करते हुए कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लिंग परीक्षण में शामिल व्यक्तियों पर भी सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।सभी अल्ट्रासाउंड संचालकों को यह निर्देश दिया गया कि वे अपने केंद्रों का नियमित पंजीकरण कराएं और प्रमाणपत्र को प्रमुखता से प्रदर्शित करें। साथ ही, अल्ट्रासाउंड जांच के कारणों का लिखित साक्ष्य रखना अनिवार्य किया गया।

इस अवसर पर सिविल सर्जन ने टीबी की रोकथाम और स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित अल्ट्रासाउंड संचालकों को कानून के प्रति जागरूक और जिम्मेदार रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य न केवल कानून का पालन सुनिश्चित करना है, बल्कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देना भी है।

इस कार्यक्रम में सिविल सर्जन, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस), जिले के सभी अल्ट्रासाउंड संचालक एवं अन्य उपस्थित थे।

कायस्थ क्रांतिकारी विचार मंच, भोजपुरी के द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। कायस्थ क्रांतिकारी विचार मंच, भोजपुरी के तत्वाधान में कतीरा स्थित मंगलम उत्सव पैलेस में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को युवा दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संमारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता क्रांतिकारी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष रवीश श्रीवास्तव ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन कायस्थ क्रांतिकारी विचार मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला सचिव सचिन सिन्हा ने किया तथा विचार मंच के जिला अध्यक्ष मनी श्रीवास्तव ने अतिथियों का फूल माला पहनकर स्वागत किया कार्यक्रम के आरंभ में स्वामी विवेकानंद जी के तैलचित्र पर आगत अतिथियों ने पुष्पांजलि अर्पित किया तत्पश्चात इस समारोह में आयोजक मंडल क्रांतिकारी विचार मंच की ओर से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर समाज में अपनी पहचान स्थापित करने वाले चिकित्सकों ,अधिवक्ताओं, सामाजिक व्यक्तियों, विशिष्ट खिलाड़ियों को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो के साथ स्वामी विवेकानंद सम्मान प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करने वाले समारोह के मुख्य अतिथि एस. सी. श्रीवास्तव आरआरबी अध्यक्ष, ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपनी पूरी मानवता के कल्याण हेतु आजीवन कार्य कर विश्व के प्रेरक बन गए। उन्होंने कहा कि युवा ही देश और समाज के नवनिर्माण हेतु नई दिशा दे सकते हैं साथ ही उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि सर्वप्रथम हमें अपने आप को मजबूत करना होगा तभी देश एवं समाज के सर्वांगीण विकास हेतु अपना योगदान दे सकते हैं यही स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से हम लोगों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि मुख्य स्वास्थ्य निदेशक पूर्व मध्य रेलवे भारत सरकार के डॉक्टर आरके वर्मा जी ने कहा कि वर्तमान में स्वामी विवेकानंद का संपूर्ण जीवन किसी भी देश और समाज के लिए आदर्श है उन्होंने नौजवानों की स्वामी जी के चरित्र को आत्मसात करने का आह्वान किया समारोह को अतिथि के रूप में जिला पार्षद सदस्य धनंजय यादव, वी के एस यु के पूर्व हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉक्टर प्रोफेसर नंद जी दुबे, आरा महानगर की पूर्व मेयर रूबी तिवारी आदि थे।

काराकाट नपं के प्रभारी ईओ ने संभाला कार्यभार

काराकाट(रोहतास) । काराकाट नगर पंचायत में प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में काराकाट नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण स्वरूप ने अतिरिक्त प्रभार सोमवार को संभाला। वर्तमान कार्यपालक पदाधिकारी सीमाब मतीन के एक महीने के प्रशिक्षण में जाने के कारण उनकी तैनाती की गई है। कृष्ण स्वरूप वर्तमान में रोहतास नगर पंचायत के ईओ है। जिन्हे डेहरी और काराकाट की अतिरिक्त प्रभार मिला है। उन्होंने प्रभार ग्रहण करते हुए कहा की काराकाट नगर पंचायत में चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाने पर प्राथमिकता होगी। जहां प्रभारी ईओ को नपं उपाध्यक्ष रविश रंजन, वार्ड पार्षद संजय राम, जितेंद्र कुमार, बिनोद कुमार, वार्ड आठ के प्रतिनिधि संतोष यादव ने फूलमाला, अंगवस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया ।

विरासत में मिला परम्परा को साथ लेकर चल रही है सोनाली सिंह

प्रातः किरण संवाददाता

बड़हरा। अपने दादा स्वर्गीय राम बल्लभ प्रसाद सिंह जी के कार्यों से प्रभावित होकर बड़हरा के चर्चित समाज सेविका सोनाली सिंह ने अपने इंजीनियरिंग के नौकरी को छोड़कर सामाजिक कार्यों के प्रति सारोकार को करते हुए आज फिर से एक बार बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में जाकर एक कंबल एक मुस्कान कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए हुए सोनाली सिंह ने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में और हल्की बूंदाबांदी बारिश होने से ठंड बहुत ही ज्यादा बढ़ गया है जिसके कारण आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है ठंड के कारण आम से लेकर खास तक परेशान हैं वही सोनाली सिंह के द्वारा आज बिशनपुर दुर्गा मंदिर के पास हजारों की संख्या में असहाय निर्धन एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया।

वहीं इसी क्रम में बीरमपुर उत्तरी पोखरा के सामुदायिक भवन में भी अपनी जनता मालिकों के बीच लगभग 1500 कंबल का वितरण किया गया इस मौके पर उपस्थित बीरमपुर के पैक्स अध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने फूल माला और अंग वस्त्र से सोनाली जी को सम्मानित करते हुए कहा कि हमारे समाज में ऐसे ही शिक्षित वीरांगना की जरूरत है जो हर समुदाय के हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर चल सके इसी कारण बड़हरा की जनता अपने दिल में रखा है इस मौके पर उपस्थित विजय जी पवन सिंह जी मंजू देवी राज सिंह के साथ सोनाली सिंह टीम का योगदान सराहनीय रहा ।

संक्षिप्त खबरें

पटना में आशुतोष दीक्षित को बेस्ट कोरियोग्राफर 2025 से किया गया सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। पटना में आयोजित पटना टैलेंट फाइट शो में बिहार से कुल 13 कोरियोग्राफर में भोजपुर से आशुतोष दीक्षित को नृत्य निदेशक के लिए सम्मानित किया गया बताते चले कि यह सम्मान विशेष नृत्य निदेशन के लिए जिला स्तरीय, राज्यस्तरीय , राष्ट्रीय स्तर पर कुशल एवं सराहनीय नृत्य निर्देशन के लिए दिया गया

आशुतोष दीक्षित में मीडिया से बात करते हुए बताया कि मैं और हमारी टीम कई ऐसे कम्पटीशन जो काफी बड़े लेबल के होते है उसमे भी बच्चों को आरा शहर से बाहर ले जाने का कार्य करती रही है जिससे बच्चों को कुछ सीखने को मिले उन्होंने बताया की हमारी टीम 2019 में अंतर्राष्ट्रीय लेबल पर आयोजित कंपीटिशन में भाग ली है ।

बसपा सुप्रीमो का जन्मदिन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय

करगहर। बहुजन समाज पार्टी कार्यालय करगहर के परिसर में सोमवार को पार्टी के सुप्रीमो बहन मायावती का 69 वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम तैयारी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई ।जिसकी अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश महासचिव उदय प्रताप सिंह ने किया । बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 15 जनवरी को बहन मायावती का 69 वां जन्मदिन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश व जिला के दर्जन नेता शामिल होंगे ।कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है । मौके पर महेंद्र सिंह , दीप नारायण गौतम , उपेंद्र कुमार, सुरेश राम, नथुनी पासवान, मोतीलाल राम , चंद्रमा कुशवाहा आदि शामिल थे।

ग्रामीण चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष बने तेज नारायण

करगहर-(रोहतास)। राजद कार्यालय करगहर में सोमवार को पार्टी की ग्रामीण चिकित्सा प्रकोष्ठ संघ के गठन के लिए ग्रामीण चिकित्सकों की एक बैठक आयोजित की गई । जिसकी अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष शकील अहमद तथा संचालन मनोज कुमार यादव ने किया ।उपस्थित ग्रामीण चिकित्सकों ने सर्वसम्मति सें राजद ग्रामीण चिकित्सा प्रकोष्ठ संघ के प्रखंड अध्यक्ष पद पर तेज नारायण सिंह को मनोनीत किया । सदस्यों ने निर्णय लिया कि अध्यक्ष की सहमति से प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन किया जाएगा। मौके पर वीरेंद्र सिंह यादव , रामदुलार सिंह आदि थे।

स्वामी विवेकानंद जयंती पर किया गया विचार गोष्ठी का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। आरा में तपेश्वर सिंह शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में भारत के युग पुरुष स्वामी विवेकानंद जी की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनायी गई विवेकानंद जी भारत को शून्य से उठाकर शिखर पर पहुंचाने का श्रेय इन्हीं को जाता है इनके जयंती पर महाविद्यालय के सचिव डॉक्टर अजय कुमार सिंह एवं डॉक्टर आलोक कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई उसके बाद डॉक्टर गायत्री सिंह एवं डॉक्टर साक्षी सिंह द्वारा भी स्वामी विवेकानंद जी के तैल चित्रों पर पुष्प अर्पित किया गया उसके बाद महाविद्यालय के सचिव द्वारा स्वामी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विवेकानंद जी अध्यात्म से सराबोर होकर स्वामी विवेकानंद कहलाए जो पश्चिमी दर्शन सहित विभिन्न विषयों के ज्ञाता होने के साथ-साथ बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के कारण आज युवाओं के लिए सच्चे आदर्श व मार्गदशक है उसके संबोधन के उपरांत इस विचार गोष्ठी में डॉक्टर आलोक सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक शिक्षा पर भी जोर देते थे उनका मानना था कि शिक्षा का मकसद किसी बच्चे के शारीरिक मानसिक आध्यात्मिक और चारित्रिक विकास को बढ़ावा देना होना चाहिए शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जिससे बच्चे आत्मनिर्भर बन सके अपने पैरों पर खड़े हो सके स्वामी जी 11 सितंबर 1893 को शिकागो में हुए विश्व धर्म संसद में अपने भाषण से दुनिया भर के धार्मिक और आध्यात्मिक संतों पर एक अमित छाप छोड़ी है उन्होंने अपने भाषण की शुरूआत अमेरिकी बहनों और भाईयों के रूप में संबोधित करते हुए की थी जिसमें पूरा हॉल तालिया की गड़गड़ाहट से गूंज उठा था

शिक्षक नीरज कुमार पासवान की पांचवी पुण्य तिथि मनी

प्रातः किरण संवाददाता

आरा,दक्षिणी एकौना निवासी शिक्षक नीरज कुमार पासवान की पांचवी पुण्य तिथि उनके आवास पर मनाई गई।पुण्य तिथि में पहुंचे लोजपा रामविलास जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान,सामाजिक कार्यकर्ता रामसकल भोजपुरिया,मुखिया विजय सिंह, लोजपा संसदीय बोर्ड जिला कार्यकारी अध्यक्ष राजेश साहू,खेल एवम संस्कृति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रमेश रेशमिया, लोजपा रामविलास वरीय नेता सुरेंद्र आजाद,जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार, एकौना पंचायत सरपंच अनिता देवी,मुखिया बबन जी,जिला महासचिव प्रमोद पासवान,जिला उपाध्यक्ष संसदीय बोर्ड अरविंद ओझा,जिला मीडिया प्रभारी संजू पासवान,सरपंच प्रतिनिधि सरोज पासवान,शिवधार पासवान,राहुल कुमार,शिक्षक राजू बाबू,संतोष सिंह,सुरेंद्र सिंह,गुड्डू यादव आदि लोगो ने दिवंगत शिक्षक नीरज कुमार पासवान के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया तथा दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। नीरज बाबू की पुण्य तिथि के अवसर परिजनों द्वारा आए हुए अगंतुओ के हाथ से गरीब लाचार लोगो के बीच कंबल भी वितरण कराया गया।जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक निरंजन बाबू सरकारी सेवा में रहते हुए समाज के प्रति हमेशा तत्पर रहते थे दीन दुखियों की सेवा करते रहते है।मैं उनकी पत्नी और पुत्र को धन्यवाद देता हूं तथा आभार प्रकट करता हूं कि उनके बताए मार्गो पर चलते है, सामाजिक कार्य तथा दीन दुखियों की सेवा करते है,कंबल वितरण करते है, नीरज बाबू को सभी के दिलो में रखते है। रामसकल सिंह भोजपुरिया ने कहा सही में नेक कार्य करना ही नीरज बाबू की आत्मा की शांति प्रदान करना है ,वास्तविक पूजा गरीबों की सेवा करना है।लोजपा नेता सुरेंद्र आजाद ने कहा शिक्षक नीरज कुमार पासवान को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही साथ मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनका बाल बच्चा पढ़ लिख कर आगे बढ़े और उनका नाम रौशन करे। धन्यवाद ज्ञापन लोजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार ने दिया तथा अगंतु अतिथियों का आगमन के लिए आभार जताया।

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा सम्मेलन की तैयारी को लेकर किया गया बैठक

पिरो। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ भोजपुर जिला अध्यक्ष मोहम्मद जाबिर उर्फ (पप्पू खान) एवं जिला प्रभारी फिरोज अहमद ने पिरो एवं चरपोखरी में 25/01/2025 को पिरो में होने वाले अल्पसंख्यक जिला सम्मेलन के तैयारी के बारे में कार्यकताओं के साथ बैठक किया और कार्यक्रम के तैयारी के लिए दिशा निर्देश दिया। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आगमन को लेकर तैयारियां को लेकर बैठक किया गया बैठक निर्णय लिया गया कि जगह-जगह गेट और स्वागत किया जाएगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर गांव में प्रचार कर लोगों को आने का आमंत्रण दिया जाएगा।अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल हसीब अंसारी पिरो एवं ,मंच फिरोज अंसारी तरारी प्रखंड अध्यक्ष आदि थे।

जिला अभिलेखागार परिसर के गुमटी की वैकल्पिक व्यवस्था की मांग को ले भाकपा माले अनुमंडल पदाधिकारी से मिला

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। अपनी रोजी रोटी का साधन अपनी गुमटी से जुटा रहे गुमटी दुकानदारो के सवाल पर भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी के नेतृत्व मे एक प्रतिनिधि मंडल आरा अनुमंडल पदाधिकारी महोदया से मुलाकात की. सदर अनुमंडल पदाधिकारी से भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि वर्षो से ये दुकानदार फोटो स्टेट और अन्य कागज-पत्र का दुकान परिसर मे चला रहे है 9 दिसंबर 2024 को अंचल पदाधिकारी आरा का नोटिस दुकान परिसर से हटाने का मिला है.

भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने अनुमंडल पदाधिकारी महोदया से कहे कि बगैर वैकल्पिक व्यवस्था के इन सभी अभिलेखागार परिसर के गुमटी दुकानदारों की गुमटी नहीं हटायी जाय. माले नेता ने सुझाव दिया कि अभिलेखागार परिसर के उतरी दिवाल के पास बेकार जमीन पर इन दुकानदारों को गुमटी लगाने की व्यवस्था दी जानी चाहिए.। अनुमंडल पदाधिकारी महोदया ने हम लोगों की बातें सुनने के बाद दुकानदारों की समस्या जिला पदाधिकारी के पास रखने का आश्वासन दिया.

अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय पहुंचे दुकानदारों मे भानू प्रताप,अशोक कुमार, मो.अबुसरवर, अरबिन्द कुमार, संजय कुमार, मो.साहिद के साथ युवा राजद नेता विजय यादव, सुहैल खां भी थे।

न्यायालय कर्मचारी संघ जिला शाखा भोजपुर के अध्यक्ष ने किया बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ जिला शाखा भोजपुर के अध्यक्ष सुशील कुमार राय की अध्यक्षता में कर्मचारियों की एक आम बैठक न्यायालय परिसर में हुई जिसका संचालन संघ के सचिव बसावन राम ने किया। जिसमें बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश्वर तिवारी के आह्वान पर बिहार भर के अदालतों के कर्मचारी अपने बेहतर वेतनमान,पदोन्नति,शत प्रतिशत अनुकम्पा पर बहाली और विशेष न्यायिक कैडर के माँग पूरा नहीं होने के विरोध मे 16 जनवरी से हहड़ताल पर जाने हेतु निर्णय को सफल बनाने के लिए रणनीतियां अंतिम रूप से तैयार कर ली गयी है। बैठक में शामिल मिडिया प्रभारी-सह-प्रवक्ता अजय शंकर ने बताया की दिनांक 16-01-2025 से होने वाले कलमबंद हड़ताल के लिए जो एस. ओ. पी. राज्य संघ के द्वारा तय की गयी है उसके अनुरूप भोजपुर संघ पूरी तरह से तैयार है। शुभाष सिँह ने बताया की हम न्यायिक कर्मचारियों के प्रति सरकार के इस सौतेला रवैया के प्रति एक एक कर्मचारियों मे आक्रोश है और हम सभी लोग हड़ताल के लिए कमर कस कर तैयार हैं।

जिला मंत्री बसावन राम ने कहाँ की इस बार यदि सरकार हमारी नहीं सुनी तो हम शोषित कर्मचारी गण आमरण अनशन पर जाने के लिए बाध्य हों जाएंगे। अंत में जिला अध्यक्ष ने विद्वान अधिवक्ता गणों एवम आम जनता(पक्षकार) से धैर्य पूर्वक सहयोग करने की याचना किया एवम उन्होंने विद्वान अधिवक्ता गणों तथा पक्षकार गणों से हड़ताल के कारण उतपन्न असुविधाओं के लिए अग्रिम माफी माँगा। बैठक में रिंकू,संदीप,अविनाश, रवि ,दरोगा,हिमांशु,दिपक, दिलीप,अभिषेक,सत्यप्रकाश, सौरभ, संतोष एवम समस्त कर्मचारी गण उपस्थित थें।

महा कुंभ-2025 के दौरान प्रयागराज के बजाए प्रयागराज छिवकी के रास्ते चलायी जाएगी 05 जोड़ी ट्रेनें

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर। महा कुंभ 2025 के मद्देनजर उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज स्टेशन से गुजरने वाली निम्नलिखित 05 जोड़ी ट्रेनों का मार्ग परिर्वतन डीडीयू-वाराणसी-प्रयागराज-मानिकपुर के बजाए डीडीयू-मिजार्पुर-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर के रास्ते प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर ठहराव के साथ चलायी जाएगी -

1. 25.02.2025 तक उधना से खुलने वाली गाड़ी सं. 20933 उधना-दानापुर एक्सप्रेस प्रयागराज छिवकी में 04.00/04.05 बजे रूकते हुए ।

2.26.02.2025 तक दानापुर से खुलने वाली गाड़ी सं. 20934 दानापुर-उधना एक्सप्रेस प्रयागराज छिवकी में 00.40/00.45 बजे रूकते हुए ।

3.22.02.2025 तक एरणाकुलम से खुलने वाली गाड़ी सं. 22669 एरणाकुलम-पटना एक्सप्रेस प्रयागराज छिवकी में 21.45/21.50 बजे रूकते हुए ।

4.25.02.2025 तक पटना से खुलने वाली गाड़ी सं. 22670 पटना-एरणाकुलम एक्सप्रेस प्रयागराज छिवकी में 00.45/00.50 बजे रूकते हुए ।

5.23.02.2025 तक अहमदाबाद से खुलने वाली गाड़ी सं. 19421 अहमदाबाद-पटना एक्सप्रेस प्रयागराज छिवकी में 20.00/20.05 बजे रूकते हुए ।

6 25.02.2025 तक पटना से खुलने वाली गाड़ी सं. 19422 पटना-अहमदाबाद एक्सप्रेस प्रयागराज छिवकी में 18.55/19.00 बजे रूकते हुए ।

7.27.02.2025 तक सिकंदराबाद से खुलने वाली गाड़ी सं. 12791 सिकंदराबाद-दानापुर एक्सप्रेस प्रयागराज छिवकी में 10.22/10.27 बजे रूकते हुए ।

8.28.02.2025 तक दानापुर से खुलने वाली गाड़ी सं. 12792 दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस प्रयागराज छिवकी में 20.15/20.20 बजे रूकते हुए ।

9.21.02.2025 तक लोकमान्य तिलक टर्मिनस से खुलने वाली गाड़ी सं. 18610 लोकमान्य तिलक-रांची एक्सप्रेस प्रयागराज छिवकी में 15.45/15.50 बजे रूकते हुए ।

10.26.02.2025 तक रांची से खुलने वाली गाड़ी सं. 18609 रांची-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस प्रयागराज छिवकी में 10.30/10.35 बजे रूकते हुए ।

अवैध वसूली करने वालों के विरूद्ध होगी कार्रवाई:एसपी

प्रातः किरण संवाददाता

कोचस(रोहतास) । कोचस में अवैध वसूली करने वाले बाजार ठेकेदार के गुर्गों पर कार्रवाई होगी। अवैध वसूली की शिकायत पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार तक पहुंच गयी है। उन्होंने अवैध वसूली करने वालो पर शीघ्र कार्रवाई की संकेत दिया है। बता दें कि कोचस महात्मा गांधी चैक पर बाजार के गुर्गों के द्वारा सड़क से गुजरने वाले वाहनों से अवैध वसूली की जा रही है। वैसे वाहना जिनका वहां ठहराव तक नहीं है उनसे भी जबरदस्ती राशि वसूली जाती है।

अगर वाहन चालक उनकी मांग पूरी नहीं करते हैं तो उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया जाता है जिससे अक्सर कोचस चैक पर जाम की स्थिति कायम हो जा रही है।

स्वाभाविक तौर पर इससे आमलोगों की परेशानी बढ़ जाती है। मना करने पर बाजार के ठेकेदार के गुर्गे आमलोगों से भी भिड़ जाते हैं। स्थिति इस कदर खराब है कि लोग भयवश मुंह खोलने में डरते हैं। स्थानीय पुलिस से लोगों ने कई बार शिकायत की लेकिन कोई पहल नहीं हो रही है। जिससे आमलोगों को इस बात की आशंका सता रही है कि पुलिस प्रशासन का भी उन्हें वरदहस्त प्राप्त है।

डॉ. प्रेम कुमार द्वारा जिलास्तरीय पदाधिकारी के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई

प्रातः किरण संवाददाता

गया। मंत्री डॉ प्रेम कुमार के अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। जिला पदाधिकारी ने मंत्री को पुष्प गुछ देकर उनका हार्दिक स्वागत किया है। जिला पदाधिकारी द्वारा गया जिला के सभी विभागों के योजनाओं के संबंध में वस्तु स्थिति से अद्यतन स्थिति से अवगत कराया है।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि अमृतसर कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर डोभी में निर्माण हो रहा है। इसके लिए 1600 एकड़ एरिया में यह परियोजना होना है इसके अलावा वन विभाग एवं जिला प्रशासन की मदद से वन विभाग की जमीन जो औद्योगिक गलियारा के सटे हुए जमीन जो लगभग 1400 एकड़ है उसे चिन्हित कर लैंड बैंक के रूप में रखने का कार्य किया जा रहा है ताकि भविष्य में इस क्षेत्र में 3000 एकड़ जमीन उपलब्ध रह सके। यह जिले के लिए काफी बड़े लैंड बैंक होगी और भविष्य में काफी लाभदायक भी साबित होगी।

इसके अलावा डोभी अंचल के पट्टी नामक जगह पर 10 एकड़ भूमि में सहकारिता अनुसंधान केंद्र के लिए भी जमीन चिन्हित रखा गया है। मंत्री ने जिला पदाधिकारी को कहा कि सहकारिता विभाग अंतर्गत सब्जी उत्पादन कमेटी पूरे बिहार में गठन करवाया जा रहा है, गया जिले के 18 प्रखंडों में समिति का गठन हो चुका है शेष प्रखंडों में तेजी से करवाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सब्जी उत्पादन कमेटी निर्माण होने से हर प्रखंड में हर माह में सब्जी के रखरखाव हेतु कोल्ड स्टोरेज एवं गोदाम का भी निर्माण करवाया जाएगा ताकि किसानों को सब्जी का अच्छे दाम मिल सके ताकि किसान और बेहतर तरीके से सब्जी उत्पादन कर सके। वर्तमान समय में वैशाली जिले में टमाटर उत्पादन हेतु बड़े पैमाने पर कार्य किया जा रहे हैं। टमाटर को बेचने के लिए एवं उसके मार्केटिंग के लिए टोमेटो केचप एवं सॉस निर्माण कंपनियों के साथ एमओयू साइन करवाया जा रहा है। इसके अलावा बिहार में बड़े पैमाने पर आलू का पैदावार होता है गया जिले में भी आलू के पैदावार काफी अच्छे होते हैं। आलू से विभिन्न प्रकार के चिप्स एवं लेज इत्यादि बनाया जाएगा इसे मार्केटिंग कंपनियों के साथ भी वार्ता की जा रही है। नए पैक्स गोदाम जहां निर्माण हो रहे हैं उसके साथ-साथ इस गोदाम के सटे हुए बीज वितरण की दुकान, कॉमन सर्विस सेंटर एवं जन औषधि की भी दुकान रखा जाए इस पर अनुपालन करने का निर्देश दिए हैं। जिला पदाधिकारी को कहा कि जिले में मधुमक्खी पालन पर और विशेष जोड़ दिया जाए। इसके अलावा हर प्रखंड में मछली पालन की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराया जाए। मछली पालन को हर हाल में बढ़ावा देना जरूरी है। बुनकरों को भी बेहतरीन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वर्क प्लान तैयार करें। मौसम के हिसाब से सीड, बीज उत्पादन पर विचार किया जाए। खेल के क्षेत्र में गया मगध प्रमंडल स्तर पर 20 एकड़ की भूखंड चिन्हित कर खेल मैदान निर्माण करने के लिए तेजी से जमीन चिह्नित करते हुए खेल विभाग को उपलब्ध करवाए ताकि गया जिले में भी बड़े खेल मैदान विकसित हो सके। उन्होंने जिला पदाधिकारी को कहा कि बिहार में विशेष कर गया जिला काफी बड़ा पर्यटक स्थल है। गया जिले में विभिन्न देशों एवं विभिन्न राज्यों से पर्यटक विष्णु पद मंदिर, मां मंगला गौरी एवं महाबोधि मंदिर एवं अन्य महात्मा बुद्ध के मॉनेस्ट्रियां को देखने आते हैं। विदेशी पर्यटकों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जो भी आवश्यक कार्य हैं उसे करवाया जाए ताकि गया एक बड़े पैमाने पर टूरिस्ट हब बन सके।

मंत्री ने कहा कि गया जिले के अंदर नदी एवं पहाड़ ही सरकार के राजस्व का स्रोत है, इसे ध्यान में रखते हुए गया जिले के सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अपने-अपने आंचल अंतर्गत वन विभाग की जितनी भी जमीन है जो वर्तमान में खाली पड़े हैं उसकी सूची तैयार करें साथ ही वन विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिया है खाली भूखंड पर वन विभाग की जमीन है संबंधित बोर्ड लगाना सुनिश्चित करें ताकि जमीन को सुरक्षित रखा जा सके ताकि भविष्य में विद्यालय भवन, अस्पताल, खेल मैदान, पार्क इत्यादि का निर्माण हो सके। उन्होंने सभी आँचल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वन विभाग की जमीन का भौतिक स्थिति क्या है । उसका हर हाल में जांच करते हुए एक सप्ताह के अंदर प्रतिवेदन जिला पदाधिकारी को उपलब्ध करावे। मंत्री ने कहा कि नदी के किनारे अतिक्रमण को रोकने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नदी के किनारे बड़े पैमाने पर प्लांटेशन करवाए जिससे जल जीवन हरियाली अभियान को और सफल बनाया जा सके। भूगर्भ जलस्तर मेंटेन रहे। जमीन भी सुरक्षित रहे साथ ही हरा भरा सुंदर दिखे। वर्षा जल को संरक्षित रखने के लिए पहाड़ों के पानी बर्बाद नहीं हो इसे लेकर प्रेतशिला रामशिला ब्रह्म योनि में गारलैंड ट्रेंच का निर्माण करवाया जा रहा है इसके लिए प्रस्ताव बनाकर तैयार है।

डीएम ने सभी अधिकारियों को भूमी विवाद एवं डोभी चेक पोस्ट पर निगरानी बढ़ाने का दिया निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

गया। जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक गया की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में गया जिला अन्तर्गत मादक पदार्थ, अफीम के अवैध खेती, व्यापार के रोकथाम एवं नियंत्रण, मद्द निषेध, खनन विभाग, भूमि विवाद इत्यादि बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई है ।जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शेरघाटी, भूमि सुधार उप समाहर्ता शेरघाटी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शेरघाटी एवं जिला वन पदाधिकारी को सख्त हिदायत दिया कि हर हाल में अभियान चलाकर तेजी से अफीम की खेती का विनष्टीकरण कार्य करावे। अभी प्रारंभिक समय है कि आसानी से अफीम को नष्ट किया जा सकता है ।इसके लिये सभी संबंधित पदाधिकारी, एजेंसी को एक टीम वर्क के रूप में कार्य करना पड़ेगा। जिला पदाधिकारी ने सहायक आयुक्त उत्पाद को नोडल बनाया गया है और निर्देश दिया कि शेरघाटी अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से जीपीएस युक्त सर्वे कराएं तथा जीपीएस फोटो के आधार पर जमीन मालिक को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई करे। साथ ही पर्याप्त संख्या में जेसीबी ट्रैक्टर सहित अन्य लॉजिस्टिक्स केए मध्यम से विनष्टीकरण का कार्य तेजी से करवाने का निर्देश दिए हैं। प्रतिदिन टीम लगाकर अभियान चलाकर लगातार नष्ट करवाये। उन्होंने बताया कि शेरघाटी अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्र में विशेष कर इमामगंज एव बाराचट्टी के क्षेत्र में लगभग 1300 एकड़ से ऊपर के सरकारी जमीन, वन विभाग के जमीन एवं रैयती जमीन में अफीम की खेती की जाती है। वन भूमि वाले जमीन पर वन विभाग की ओर से प्राथमिक की दर्ज की जाएगी। सरकारी भूमि पर अफीम की खेती करने वालों के विरुद्ध अंचल अधिकारी के स्तर से एफआईआर की दर्ज की जाएगी तथा प्राइवेट भूमि वाले पर जमीन मालिक पर प्राथमिक की जाएगी। हर हाल में नामजद प्राथमिक की दर्ज करने का निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वैसे व्यक्ति जो अफीम की खेती करवाते हैं या बड़े माफिया है उन पर विशेष रूप से फोकस कर उन पर प्राथमिक दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई करें।

बिहार में अपराधियों के खिलाफ हो बुलडोजर कार्रवाई : पूर्व सांसद

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने और यूपी की तर्ज पर बिहार में अपराधियों के घर पर बुलडोजर चलाकर कार्रवाई करने की मांग पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने की हैं। आज अपने आवास पर प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व सांसद ने बताया कि जिले में अपराधी पुलिस के बनाये क्राइम कंट्रोल की धज्जियां उड़ा रहे हैं। दिन हो या रात अपराधियों का राज इन दिनों कायम है। पुलिस का इन्हें जरा भी खौफ नहीं। हाल के दिनों में घटी तमाम तरह की घटनाएं इस बात की गवाह है। हाल के दिनों में घटित घटनाओं को लेकर उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई की मांग की हैं।

पूर्व सांसद ने कहा कि रविवार को मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुशा मोड़ पर सढ़ैल गांव निवासी बस कंडक्टर मंजय सिंह की पीट-पीट कर दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। वहीं नवीनगर के व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय सिंह एवं बेल गांव निवासी प्रिंस कुमार की हत्या कर दी गई जिसमें स्पीडी ट्रायल कर दोषियों के खिलाफ सख़्त से सख्त सजा हो।

उन्होंने कहा कि इन तीनों घटनाओं पर कोई गंभीर कारण नहीं दिखता हैं, मामूली बात को लेकर इन व्यक्तियों की हत्या करना सभ्य समाज के लिए चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में अपराधियों पर कार्रवाई करने के लिए योगी मॉडल लागू करने की जरूरत है।

यूपी में बतौर सीएम योगी आदित्यनाथ बखूबी अपने काम को अंजाम दे रहे हैं। बिहार में भी हम लोग नीतीश कुमार के नेतृत्व में कानून व्यवस्था को सुधारने का काम कर रहे हैं। बिहार में भी बुलडोजर मॉडल की जरूरत है। उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि हम तो भाजपा के छोटे से कार्यकर्ता हैं। पार्टी ने अगर चाहा, तो जरूर चुनाव लड़ूंगा। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य रामेश्वर बैठा, रामबिलास सिंह एवं विनोद चंद्रवंशी सहित अन्य मौजूद रहे।

दानिका द्वारा मगध छोटे उस्ताद कार्यक्रम का आयोजन मगध प्रमंडल के सात जिले के प्रतिभागी होंगे शामिल

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के महत्वपूर्ण सांगीतिक संस्था दानिका संगीत महाविद्यालय के प्रांगण में मगध छोटे उस्ताद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के डायरेक्टर डॉ रविंद्र कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी एवं अन्य लोगों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह के आयोजन से छोटे-छोटे बाल कलाकारों में उत्साहवर्धन का माहौल बन जाता है और वे बचपन से ही संगीत के प्रति संवेदनशील होकर अपने कैरियर को मूर्त रूप देना शुरू कर देते हैं ।आज के मगध छोटे उस्ताद कार्यक्रम में बाल कलाकार श्रेया कुमारी ने गजब की प्रस्तुति दी ।श्रेया ने भक्ति गीत सुनो श्याम बिनती हमारी गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया ।उद्घोषक की भूमिका दानिका की छात्रा अमिषा गायकवाड़ ने निभाई तो तबले पर संगत स्वयं डॉक्टर रविंद्र कुमार ने निभाई और हारमोनियम पर संगत करते हुए शिवांगी सिंह ने श्रेया की हौसला अफजाई की ।डॉ रविंद्र कुमार ने बताया कि मगध प्रमंडल के सात जिले के छोटे-छोटे संगीत के विद्यार्थी इसमें शिरकत करेंगे इस प्लेटफार्म के माध्यम से उनके द्वारा की गई प्रस्तुति को युटुब पर प्रसारित कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा ।मौके पर आशुतोष पांडेय, पूजा पांडेय, अंजली सिंह, मोहित कुमार सिंह, कोमल मिश्रा, पल्लवी, निहारिका अंशु, प्रियांशु, सरोज कुमार आलोक कुमार पाठक विवेक पाठक, आदित्य प्रदीप आर्यन कुमार, जय किशन प्रभात, रविशंकर सहित अन्य उपस्थित थे।

भाजपा नेता के द्वारा किया गया दही चुड़ा भोज का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के मानिकपुर बाजार निवासी भारतीय जनता पार्टी के दिवंगत नेता लाला साव के पुत्र भाजपा नेता राकेश कुमार के द्वारा मकर संक्रांति को लेकर चूड़ा दही भोज का आयोजन किया गया जहां प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता सामाजिक कार्यकताओं व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की इस मौके पर भाजपा नेता राकेश कुमार ने कहा कि हिंदुओं का एक प्रमुख पर्व है, जो पौष मास में सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर मनाया जाता है। इस वर्ष मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी को मनाया जाता है। इस दिन से ऋतु परिवर्तन की शुरूआत भी होती है। मकर संक्रांति के दिन स्नान और दान-पुण्य जैसे कार्यों का विशेष महत्व होता है। इस पर्व पर खिचड़ी बनाने और खाने की परंपरा है, जिसके कारण इसे कई स्थानों पर खिचड़ी पर्व के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव अपने पुत्र शनि से मिलने आते हैं सूर्य और शनि आपसी संबंध के कारण यह पर्व विशेष महत्व रखता है आमतौर पर इसी समय के आसपास शुक्र का उदय भी होता है, जिससे शुभ कार्यों की शुरूआत मानी जाती है। यदि किसी की कुंडली में सूर्य या शनि की स्थिति प्रतिकूल हो, तो इस दिन विशेष पूजा- अर्चना के माध्यम से उसे सुधारने का प्रयास किया जा सकता है। इस मौके पर मानिकपुर पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र कुमार उर्फ भोला केसरी, मानिकपुर पंचायत के पूर्व मुखिया मनोज कुमार अकेला, समाजसेवी झुन शर्मा, प्रकाश पासवान समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे।

जहानाबाद के पूर्व डीएसपी ने की चूड़ा दही भोज पार्टी में शिरकत

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के मानिकपुर बाजार में भारतीय जनता पार्टी के दिवंगत नेता लाल साव के पुत्र राकेश कुमार के द्वारा मकर संक्रांति को लेकर चूड़ा दही की भोज का आयोजन किया। इस मौके पर जहानाबाद की पूर्व डीएसपी प्रभात भूषण श्रीवास्तव ने शिरकत की इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैं बहुत जल्द राजनीतिक दलों में शामिल होकर आम जनमानस के सेवा में अपने आप को समर्पित करूंगा उन्होंने पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में बताया कि हिंदुस्तानी आबाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतन राम मांझी की पार्टी में शामिल होकर अपनी राजनीतिक कैरियर की शुरूआत करूंगा साथ ही उन्होंने कहा कि जहानाबाद जिले के शकूराबाद में आगामी 15 जनवरी को हिंदुस्तानी आबाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतन राम मांझी का आगमन होना है उसी दिन मैं हिंदुस्तानी आबाम मोर्चा का सदस्यता ग्रहण कर आम जनमानस के लिए अपने आप को समर्पित करूंगा।

कुर्था प्रखंड मुख्यालय पर मना प्रो. जयराम प्रसाद के 8 वां परिनिर्वाण दिवस

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल)। स्थानीय प्रखंड मुख्यालय के सहित जगदेव स्मारक स्थल के समीप शोषित समाज दल के राष्ट्रीय संरक्षक पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व अमर शहीद जगदेव प्रसाद के निकटम सहयोगी प्रो० जयराम प्रसाद सिंह का 8 वां परिनिर्वाण दिवस मनाया गया।

इस मौके पर शोषित समाज दल के वरिष्ठ नेता रामनारायण सिंह ने कहा कि प्रो०जयराम प्रसाद का जन्म 1जनवरी 1938 को पटना के पैगंबरपुर गांव में हुआ था और लंबी बीमारी के कारण 13 जनवरी 2017 को उनके पैतृक गाँव पैगम्बरपुर पटना में उनकी मृत्यु हो गयी थी।

वे 40 वर्षों तक शोषित समाज दल में रहकर सिद्धांत और नीति की राजनीति इमानदारी पूर्वक वे मीशा में 1975 में जेल भी गये।

परिनिर्वाण दिवस कि अध्यक्षता शोषित सामज दल के प्रदेश अध्यक्ष उमेश पटेल ने की जबकी मुख्य अतिथि के रूप में शोषित सामज दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामप्रवेश यादव व राजबल्लभ सिंह ने शिरकत की ।इस मौके पर शोषित सामज दल के राष्ट्रीय मंत्री बृजनंदन सिंह, केदारनाथ भास्कर, शोषित सामज दल के राष्ट्रीय महामंत्री टेंगर पासवान, राज्य मंत्री रामबिलास प्रसाद, रामनारायण प्रसाद, सुभाष कुमार, चंदन कपूर, बिनोद अर्जक आदि तमाम शोषित सामज दल व अर्जक संघ के लोग शामिल थे।

श्री चित्रगुप्त परिवार कल्याण समिति पांच एजेंडा में काम करेंगी

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।शहर के ब्राहमणी घाट के समीप श्री चित्रगुप्त परिवार कल्याण समिति के तत्वाधान में बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक की अध्यक्षता रंजीत कुमार सिंह व संचालन सुनील कुमार सिन्हा ने की है। इस मौके पर गया नगर निगम के वार्ड संख्या 39 के पार्षद संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि श्री चित्रगुप्त परिवार कल्याण समिति के सदस्यों के द्वारा पांच एजेंडा तय किया गया है। जिसमें समिति का गठन, प्रतिमा की स्थापना, शिक्षा व विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर करने वाले समाज के बच्चों को सम्मानित करना, आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का उत्थान और समिति के सदस्यों द्वारा घर-घर जाकर लोगों को समिति से जोड़ने का निर्णय लिया गया है। वहीं सर्वप्रथम श्री चित्रगुप्त परिवार कल्याण समिति के सदस्यों ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। उन्होंने बताया कि बैठक में 11 लोगों की कमिटी बनाई गई है। जो आगे समिति का चुनाव कराएंगे ।इस मौके पर कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा, ओमप्रकाश उर्फ मुन्ना बाबू, गणेश कुमार सिन्हा, जितेंद्र कुमार सिन्हा उर्फ जीतू, अंजनी कुमार सिन्हा, राकेश कुमार सिन्हा, दिनेश नंदन सिन्हा, विरेन्द्र कुमार सिन्हा, पंकज कुमार सिन्हा, रमेश कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

शौण्डिक समाज का ऐतिहासिक सम्मेलन संपन्न, मुख्यमंत्री ने दी बड़ी सौगात

प्रातः किरण संवाददाता

पटना/रायपुर । छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शौण्डिक समाज का दो दिवसीय ऐतिहासिक अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में देश-विदेश से बड़ी संख्या में शौण्डिक समाज के लोग शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने समाज के विकास और एकता के लिए अपने शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही उन्होंने समाज की मांग पर जमीन देने की घोषणा की। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, मंत्री रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल मंत्री- छत्तीसगढ़ शासन सहित समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि शौण्डिक समाज का समृद्धिशाली इतिहास रहा है। शौण्डिक समाज के लोग व्यापार और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देकर देश की सेवा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ प्रदेश शौण्डिक समाज के सामाजिक भवन के लिए राजधानी रायपुर में भूमि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने शौण्डिक समाज की पत्रिका छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाचार का विमोचन भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज का दिन बहुत शुभ है ।पिछले साल इसी तिथि को अयोध्याधाम में भगवान रामलला भव्य मंदिर में विराजे थे। छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है। मैं आप सभी को बहुत-बहुत बधाई देता हूँ और अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह में देश भर से और विदेशों से भी छत्तीसगढ़ की धरती पर आए शौण्डिक समाज के प्रतिनिधियों का अभिनंदन करता हूँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि शौण्डिक समाज ने अपनी उद्यमशीलता और कर्मठता से देश-विदेश में अपनी पहचान बनाई है। आज यहां विदेशों से भी प्रतिनिधि पहुंचे हैं वो इस बात का प्रमाण है कि दुनिया के हर कोने में आपने अपनी प्रतिभा की धाक जमाई है। छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज के अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के अंतिम दिन 12 जनवरी को परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें समाज के कई महत्वपूर्ण विषयों विस्तार से चर्चा की गई। झारखंड प्रदेश साउंड्रिंक संघ के मुख्य कार्यक्रम पदाधिकारी उदय साहू ने जो प्रस्ताव दिया था समाज की मजबूती के लिए राजनीतिक सामाजिक और आर्थिक मजबूती छात्रों के लिए छात्रवृत्ति व छात्रावास सामूहिक विवाह के मुद्दों को अपने प्रस्ताव में रखा जिसे राष्ट्रीय सम्मेलन सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। कार्यक्रम प्रभारी उदय साहू ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव सहाय विधानसभा अध्यक्ष मुख्यमंत्री श्रीमान रमन सिंह मंत्री राम विचार नेताम जी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश सोनिक समाज के अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता एवं संयोजक श्याम गुप्ता एवं संरक्षक सुभाष साहू को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया बैठक यह निर्णय लिया गया है कि शौण्डिक समाज अगला राष्ट्रीय सम्मेलन पटना में किया आयोजित किया जाएगा। इस बैठक में इस बैठक में प्रत्येक राज्य के अध्यक्ष, सचिव एवं आमंत्रित सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी उपस्थित रहे।

पतंग उत्सव का आयोजन किया गया

गया। शिक्षाशास्त्र विभाग गया कॉलेज गया में प्रधानाचार्य प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र के दिशा निर्देश पर आज पतंग उत्सव का आयोजन किया गया है ।विभाग अध्यक्ष डॉक्टर धनंजय धीरज ने बताया कि जिस प्रकार से पतंग के अपने विभिन्न रंग होते हैं और वह विभिन्न ऊंचाइयों तक जाते हैं ठीक इसी प्रकार से हमारे विद्यार्थियों का जीवन है प्रत्येक विद्यार्थी अपने आप में विशिष्ट प्रतिभा या रंग संधारित करता है और जीवन में ठीक उसी प्रकार से ऊंचाइयों को पहुंचता है उन्होंने कहा कि परंतु यह आवश्यक है कि हम जीवन में ऊंचाइयों को हासिल करें परंतु अपने धर्म और संस्कृति और अपने मातृभूमि से बिल्कुल उसी तरह जुड़े रहे जैसे पतंग अपने डोर से जुड़ी हुई रहती है विद्यार्थियों में पतंग उत्सव को लेकर खासा उत्साह देखा गया सभी विद्यार्थियों को विभाग की ओर से से पतंग एवं डोर मुहैया कराई गई डॉक्टर धीरज ने कहा कि भारत बहुरंगी संस्कृति एवं बहुभाषी राष्ट्र है यहां के नागरिक आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ रहते हैं विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के नाते हमारा यह धर्म है कि हम सभी धर्म के तीज त्योहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाई एवं विद्यार्थियों के बीच भाईचारे का संदेश प्रचारित प्रसारित करें ताकि जब वह वास्तविक जीवन में एक शिक्षक बनकर आए तो अपने विद्यार्थियों के बीच इसी प्रकार का प्रेम और इसी प्रकार के सभी संस्कृतियों के प्रति आदर का भाव विकसित कर सकें और विश्व बंधुत्व एवं भाईचारे को बनाए रखें डॉ धीरज ने देश में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहार यथा आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना तथा समस्त दक्षिण भारत में पोंगल असम में बिहू बिहार उड़ीसा झारखंड में मनाया जाने वाले मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी हैं ।इस मौके पर शिक्षा शास्त्र विभाग के शिक्षक निखत परवीन डॉक्टर सदरे आलम डॉक्टर अभिषेक कुमार डॉक्टर रानी नीना प्रियदर्शनी अमरेंद्र कुमार एवं कर्मचारी मुजाहिद इमाम अहमद संगीता राय अश्वनी कुमार तज्वर नाज मोहम्मद साबिर एवं विकास उपस्थित थे।

मारपीट के मामले में चार अभियुक्तों को हुई सजा

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे तीन सुनील कुमार सिंह ने मुफस्सिल थाना कांड संख्या -110/16 , सेशन ट्राइल संख्या -219/18 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए तीन महिला समेत चार अभियुक्तों को सजा सुनाई है। एपीपी कामता प्रसाद सिंह ने बताया कि मुफस्सिल थाना कांड संख्या -110/16 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए सभी चार अभियुक्त मो मंसूर आलम, शाहनवाज खातून, शफीहन खातून, प्रवीण खातुन नेहुटी मुफस्सिल को भादंवि धारा 325/149 में तीन साल की सजा और दस हजार रूपए जुमार्ना लगाया है, भादंवि धारा -147 में एक साल की सजा और पांच हजार रुपए जुमार्ना लगाया है एव धारा -323/149 में एक साल की सजा और एक हजार रूपए जुमार्ना लगाया है, सभी सजाएं साथ साथ चलेगी, अधिवक्ता ने बताया कि प्राथमिकी सूचक शमशाद आलम नेहुटी ने 17/06/16 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि अभियुक्तों ने जमीनी विवाद के कारण 17/06/16 को दोपहर में सूचक के भाई नुरैन आलम ,बहन राजीया और राबीया के साथ गाली-गलौच मारपीट करते हुए बुरी तरह से घायल कर दिया, काफी हल्ला गुल्ला होने पर पड़ोसीयो के आने से जान बची।

मां मैत्रायणी योगिनी का मनाया गया 32 वां महानिर्वाण दिवस

प्रातः किरण संवाददाता

बड़हरा। बड़हरा प्रखंड अंतर्गत पूर्वी गुंडी पंचायत के गुड्डी गांव स्थित अवधूत भगवान राम की जन्मस्थली के प्रांगण में मां मैत्रायिणी योगिनी का 32 वॉ महानिर्वाण दिवस अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान क्रीकुंड वाराणसी एवं मां मैत्रायणी योगिनी शाखा गुंडी के सौजन्य से बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। महानिर्वाण दिवस के पूर्व संध्या पर 24 घंटे का अघोरा नाम परो मंत्र का अखंड पाठ कराया गया। निर्माण दिवस के सूर्योदय पर श्री सर्वेश्वरी सेवा संस्थान से जुड़े अलग-अलग संस्थाओं से आए अवधूतों द्वारा माता जी के तैलीय चित्र के पास पूजा अर्चना की गई। अवधूत भगवान राम बाल्यावस्था में जिस कंदरा एंव मंदिर में बैठकर साधना करते थे उस स्थान की पूजा अर्चना की गई ।तत्पश्चात सफल योनि का पाठ कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रम एवं संसाधन मंत्री बिहार सरकार संतोष कुमार सिंह , विशिष्ट अतिथि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार चतुवेर्दी एवं समाजसेविका सोनाली सिंह ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर माता मैत्रायिणी के तैलिय चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर असहाय एवं लाचार लोगों के बीच प्रसाद प्रसाद वितरण किया गया। वही लोगों को भोजन के लिए लंगर चलाया गया। साथ ही असहाय एवं लाचार पुरुष एवं महिलाओं के बीच कंबल वितरण कार्य किया गया इस अवसर पर बाबा केदारनाथ राम अहरौरा छातो मिजार्पुर ,बाबा विकास राम ,रामेश्वर राम मोहनिया अहिनौरा कौशल राम , शैलेंद्र सिंह जगदीशपुर ,कफनिया बाबा इत्यादि संतों ने मां मैत्रयिणी के महानिर्वाण दिवस पर उपस्थित होकर पूजा अर्चना एवं सफल योनी की पाठ किया। इस कार्यक्रम के अवसर पर समाजसेवी सोनाली सिंह द्वारा संस्था में वितरण करने हेतु सौ कंबल प्रदान किया गया । इस अवसर पर मां मैत्रायिणी योगिनी सेकंडरी विद्यालय का 25वां स्थापना दिवस से मनाया गया ।इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रार्थना गीत की प्रस्तुति की गई। मुख्य अतिथि बिहार सरकार श्रम एवं संसाधन मंत्री बिहार सरकार संतोष कुमार सिंह आदि थे।

अगलगी की घटना में लाखों की संपत्ति जलकर हुई खाख

शेरघाटी। प्रखंड क्षेत्र के ढाबा चिड़ैया पंचायत के सोंनडीहा के टोला लालगढ़ में टेंट हाउस के गोदाम में आग लग जाने से लाखों रुपए के संपत्ति जलकर खाक हो गया। घटना रविवार के देर रात्रि तकरीबन 12 बजे की बताई जाती है, घटना के जानकारी मिलते ही शेरघाटी थाने की पुलिस एवं दमकल के दो गाड़ियों ने मौके पर पहुँचकर आग पर काबू पाया उक्त घटना के जानकारी देते हुए शेरघाटी थाने के पुलिस ने बताया कि सोंनडीहा गांव में टेंट हाउस के गोदाम में अचानक आग लग जाने की घटना के बाद गोदान में रखे कुर्सी टेबल, जनरेटर, चांदनी के कपड़ा, बॉस बल्ला, एवं कीमती समान जलकर खाक हो गई। उक्त घटना में लगभग 5 से छह लाख रुपए के संपत्ति जलकर खाक हो गया है, उक्त घटना के बाद पीड़ित टेंट हाउस के मालिक सीताराम यादव ने शेरघाटी थाने में लिखित शिकायत दर्ज करते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है। इधर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है ।इस संबंध में जानकारी देते हुए स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक आग लगी घटना के बाद आसपास के लोगों में दहशत का माहौल पसरा हुआ है वहीं घटना के बाद हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष मनोज मांझी एवं पंचायत के मुखिया सुधी

ट्रक और पिकअप वाहन के टक्कर में ट्रक चालक की स्थिति गंभीर, मेडिकल कॉलेज मधेपुरा रेफर



■ एनएच 106 हरैली और उदा के बीच कसहा पुल के समीप घटी घटना

प्रातः किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। प्रखंड मुख्यालय के हरैली और उदा गांव के बीच कसहा पुल के समीप एनएच 106 पर ट्रक और पिक अप वाहन के आमने-सामने टक्कर से ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से गंभीर रूप से जख्मी चालक को रेफरल अस्पताल हरैली लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद मधेपुरा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

बताया जाता है कि रविवार की मध्य रात्रि हरैली और उदा के बीच एन एच 106 पर मधेपुरा की ओर से उदाकिशुनगंज की तरफ आ रही ट्रक और विपरीत दिशा से जा जा रहे पिक अप वाहन के आमने-सामने जोड़दार टक्कर में दोनों वाहनों के परचक्के उड़ गए। जिसमें ट्रक चालक प्रभाष यादव का बायां पैर स्टैंडिंग में फंस गया। जिसे किसी तरह खींचकर ट्रक से उतारा और स्थानीय लोगों की मदद से रेफलर अस्पताल ले जाया गया। लेकिन स्थिति को गंभीर देख चिकित्सक ने तुरंत उसे मधेपुरा मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया वही पिक अप चालक का इलाज रेफलर अस्पताल में हरैली में चल रहा है। घटना की सूचना लोगों ने थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह को दी। सूचना पाकर घटनास्थल पर पुलिस पहुंच कर दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों की सुरक्षा में चौकीदार की तैनाती कर दिया गया है। थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि ट्रक चालक सुपौल जिले के हरियाहा गांव के शिवनंदन यादव के पुत्र प्रभाष यादव के रूप में की गई। जबकि पिक अप वाहन चालक मुंगेर जिले के असरगंज थाना क्षेत्र के कृति नायक के पुत्र सत्तो नायक के रूप में पहचान की गई। फिलहाल दोनों घायलों का इलाज चल रहा है जो खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में हुई समन्वय-सह-समीक्षात्मक बैठक

■ लंबित एमजेसी, सीडब्लूजेसी एवं एलपीए में नियमानुसार तथ्य विवरणी तैयार कर उच्च न्यायालय को भेजें : डीएम

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा । जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय परिसर स्थित न्यू एनआईसी रूम में समन्वय-सह-समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में विधि शाखा के समीक्षा के क्रम में जिलान्तर्गत विभिन्न विभागों के माननीय उच्च न्यायालय, पटना में लंबित एम जे सी, सी डब्लू जे सी एवं एल पी ए में यथाशीघ्र नियमानुसार तथ्य विवरणी तैयार कर माननीय उच्च न्यायालय, पटना में ओथ दायर करने हेतु निदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम से प्राप्त परिवाद, सीपी ग्राम, आयुक्त कार्यालय से प्राप्त परिवाद एवं जिला जनता दरबार से प्राप्त परिवाद के निष्पादन हेतु निदेश दिया गया। मुख्य सचिव के द्वारा प्रत्येक मंगलवार को विभिन्न विभागों के साथ भी सी के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक की जाती है।

भी सी के पूर्व तैयारी के क्रम में मधेपुरा जिलान्तर्गत विभिन्न विभागों के लंबित मामले की समीक्षा की गई। यथा-ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत अपूर्ण आवास को पूर्ण कराने, कृषि विभाग अंतर्गत आलमनगर प्रखंड के कृषि फार्म के चाहर दिवारी निर्माण को पूर्ण कराने, विद्युत विभाग अंतर्गत प्रधान मंत्री सूर्य हर घर बिजली मुफ्त योजना का प्रचार-प्रसार कराने, राजस्व विभाग अंतर्गत ई-मापी, रैन बसेरा अभियान-2 में प्रगति लाने हेतु निदेश दिया गया।

बैठक में अपर समाहर्त्ता अरूण कुमार सिंह, अपर समाहर्त्ता मुकेश कुमार, अपर समाहर्त्ता वि0 जाँ शिशिर कुमार मिश्र, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, शंकर शरण, जिला परिवहन पदाधिकारी निकिता, सिविल सर्जन, भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, मधेपुरा संतोष कुमार,के साथ साथ अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सनातन संस्कृति के रक्षक थे स्वामी विवेकानंदःडॉ सत्येंद्र प्रजापति

प्रातः किरण संवाददाता

गया। जगजीवन कॉलेज में नेहरू युवा केंद्र और एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा जगजीवन महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर पुष्पांजलि एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर जगजीवन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सत्येंद्र प्रजापति ने स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद युवा क्रांतिकारी के साथ-साथ सनातन संस्कृति के रक्षक थे। उन्होंने देश के युवाओं के प्रेरणा स्रोत बनकर मिशाल पेश किया। मौके पर अंग्रेजी विभाग विभागध्यक्ष डॉ दीनानाथ,राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ सुनील कुमार, स्वयंसेवक सुशांत, दीपक, सूर्य प्रताप, नंदनी, आदित्य मिश्रा, विनायक कुमार, दिव्या, नेहा मोनिका, अनामिका एवं रितिक रौशन उपस्थित थे।

स्वच्छता पर्यवेक्षक व स्वच्छता कर्मी ने सम्मान जनक मानदेय को लेकर सौपेंगे मांगपत्र

प्रातः किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह प्रखर नेता शरद यादव की याद में रविवार को कार्यकताओं ने स्मृति दिवस के रूप में मनाया। कार्यकताओं ने कार्यक्रम में सबसे पहले स्वर्गीय शरद यादव के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें दो मिनट का मौन रखकर कार्यकताओं ने नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। मौके पर पूर्व जिप सदस्य अमलेश राय ने कहा कि शरद जी राष्ट्रवाद के महान नेता थे। उन्होंने देश की राजनीति में अपनी जीवन समर्पित कर दिया। मधेपुरा की धरती पर लगातार दो बार सांसद रहकर विकास की जो गति प्रदान की वह ताउम्र भुला नहीं जा सकता। कार्यक्रम में बसपा नेता रविंद्र कुमार राय ने कहा कि देश के समाजवाद नेता शरद यादव देश के महान नेता थे। जिन्होंने देश की राजनीति को दिशा और दशा देने का काम करते थे।

उन्होंने कभी अपने लिए राजनीति नहीं किया। वे हमेशा गरीबों, दलितों, वंचिततो और शोशिषितों की आवाज बुलंद किया। मधेपुरा की धरती उन्हें हमेशा याद करेगी। कार्यक्रम में राजद प्रखंड अध्यक्ष गजेन्द्र राम, पूर्व राजद प्रखंड अध्यक्ष अयुब अली, महेंद्र यादव, पैक्स अध्यक्ष तुषार कुमार पौदार, प्रीतम आनंद, उमेश सहनी, राजद नेता विवेक यादव, समाजसेवी वसंत झा, दीनबंधु कुमार आदि ने अपने -अपने विचार प्रकट कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मंच संचालन जदयू नेता मनोज कुमार यादव तथा संयोजक छत्री यादव ने किया।

इनर व्हील क्लब आफ गया 101 डे पर कंबल, चूड़ा का किया वितरण

गया।इनर व्हील क्लब आफ गया के बैनर तले 101वी इनर व्हील डे पर बोध गया सुजाता बाईपास भिक्षुक गृह में कंबल और खाने का सामान, चूड़ा तिलकुट इत्यादि का वितरण किया गया है' ज्ञात हो कि वहां ऐसी महिलाएं हैं जो कि अपनी दिमागी याददाश्त खो चुकी हैं, और अपने घर का पता नहीं बतला नहीं पा रही हैं। कुछ ऐसी महिलाएं हैं जिनको उनके परिवार वालों ने घर से निकाल दिया है।भीषण ठंड को देखते हुए इनर व्हील क्लब द्वारा 101 कंबल और चूड़ा तिलकुट इत्यादि का वितरण किया गया है।अलीपुर गांव में जरूरतमंद लोगों के बीच भी यह वितरण किया गया है।सभी ने लोगों ने तहे दिल से इनर व्हील क्लब को शुक्रिया अदा किया है ।पीसी किरण प्रकाश एवं पीसी ऋतु डालमिया के सहयोग से पूरा कार्यक्रम किया गया है 'इस मौके पर प्रेसिडेंट तृप्ति गुप्ता ने कहा हमारे क्लब से हर साल भीषण ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों को कंबल और खाने की सामग्री दी।

मधुबन पंचायत में घर-घर से कूड़ा कलेक्शन वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रातः किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के मधुबन पंचायत में मुखिया पूजा कुमारी, पीओ राजेश कुमार, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राजकिशोर झा और स्वच्छता पर्यवेक्षक मिष्ठु कुमार, मुखिया प्रतिनिधि प्रीतम मंडल, बीड़ीरानपाल मुखिया प्रतिनिधि जय किशोर ठाकुर, रोजगार सेवक देवेश कुमार के द्वारा सामूहिक रूप से घर-घर से कूड़ा कलेक्शन वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ज्ञात हो कि नगरपालिका की तर्ज पर गांव के लोगों का कूड़ा ठेला, ई-रिक्शा के माध्यम से कचरा निस्तारण केंद्र भवन ले जाया जाएगा। मौके पर मुखिया पूजा कुमारी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। इसके अलावा पंचायत को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए लोगों के बीच जागरूकता भी फैलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायत के हर गांव मुहल्ले को पूरी तरह से खुले में शौच मुक्त, पॉलीथिन मुक्त सामुदायिक प्रसाधन भवनों का निर्माण, ठोस व गीला कचरा निस्तारण प्रबंधन कर मॉडल पंचायत बनाने के लिए का संकल्प लिया गया है। फिलहाल जमीन उपलब्धता नहीं होने के कारण ग्राम पंचायत मधुबन में कचरा निस्तारण केंद्र भवन निर्माण नहीं हो पाया है इसलिए मधुबन का कचरा उठाकर बराही आनंदपुर पंचायत के कचरा निस्तारण केंद्र में जमा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव को साफ रखने के लिए यह जरूरी है कि हम कचरे को एक निश्चित स्थान पर रखें।इससे हमें साफ-सफाई तो मिलेगी ही, गांव में बीमारियों से भी लोगों को राहत मिलेगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि कचरा यत्र-तत्र फेंकने से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके कई दुष्प्रभाव होते हैं जो सीधे नहीं दिखते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि अपने घर के आगे और गांव को स्वच्छ रखें, सभी लोग घरों के आगे लगे डस्टबिन का ही प्रयोग करें। हमें कचरे को यत्र-तत्र फेंकने की आदत छोड़नी पड़ेगी। 12 सफाई कर्मियों के द्वारा 1 ई रिक्शा और 12 रिक्शा के माध्यम से घर-घर से कचरा उठाया जाएगा। वही स्वच्छता पर्यवेक्षक मिष्ठु कुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत पंचायत को कूड़ा-कचड़ा मुक्त बनाने के उद्देश्य से रिसोर्स रिकवरी सेन्टर (आरआरसी) का निर्माण कराया गया है।

जहां ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन किया जा सके। उन्होंने कहा कि संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत सरकार जब जनता के लिए इतना कुछ कर रही है तो आम जनता का भी कुछ दायित्व बनता है। कचरा जहां भी बिखरा हुआ मिले सभी को एक जगह जमा करें। इस जमा कचरा का प्रोसेसिग किया जाएगा तथा जैविक खाद का निर्माण कराया जाएगा। इससे गांव व समाज स्वच्छ रहेगा। मौके पर वार्ड सदस्य इंद्रदेव मेहता, धीरेंद्र राम, मुन्ना पंडित, निरंजन मंडल, सहदेव मंडल आदि मौजूद थे।

विद्यालय क्रियान्वयन व प्रबंधन समिति के सचिव के चुनाव में हंगामा किए जाने पर अचानक किया चुनाव स्थगित

प्रातः किरण संवाददाता

चौसा (मधेपुरा)। प्रखंड क्षेत्र के लौआलगान उत्क्रमित मध्य विद्यालय खोपड़िया में सोमवार को विद्यालय सचिव चुनाव को लेकर अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसमें विद्यालय क्रियान्वयन व प्रबंधन समिति के सचिव के चुनाव में हंगामा किए जाने पर अचानक स्थगित किया गया। शेष शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारीयों के मुताबिक अगले तिथियों में चुनाव कराया जाएगा। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रभात कुमार, शिक्षक सौरव कुमार, आशुतोष कुमार, सुनीता कुमारी, सुधा भारती, मोहम्मद ताजुद्दीन, जेडीयू युवा प्रदेश सचिव सुनील निषाद, अभिभावक रुदल सिंह, राधे सिंह, बादल सिंह, सुनील जसवाल, मोहम्मद अजूब, इनारदेव राम, अशोक सिंह, भीमेश्वर सिंह, मनोज सिंह, गनौरी चौधरी आदि मौजूद थे।

अज्ञात अपराधियों ने मुर्गा व्यवसायी को मारी गोली, गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रेफर

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा । बेखौफ अपराधियों ने मुर्गा व्यवसाई को गोली मार दी जिसे गंभीर हालत को देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। वही मामले की तफ्तीश में पुलिस जुट गई है। कर रही अपराधियों की तलाश। मामला जिला मुख्यालय के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉमर्स कॉलेज के समीप की है। दरअसल रविवार की देर शाम बदमाशों ने मुर्गा व्यवसायी को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक की पहचान बुधमा लखराज वार्ड संख्या 12 निवासी मो. मुस्ताक के पुत्र मो. फैजान के रूप में हुई है । घटना के बाद फैजान ने अपने बहनोई मो. आदिल को फोन कर बुलाया,जिसके बाद उसे तत्काल मधेपुरा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। लेकिन स्थिति गंभीर देख उसे जननायक कपूर्री मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। गोली पेट के निचले हिस्से में लगी और दाएं तरफ जांघ में आकर फंस गई थी। जहां ऑपरेशन कर गोली बाहर निकाल दिया गया। हालांकि इंटरनल इंज्यूरी अधिक रहने के कारण बहरहाल उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल से डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया गया है । वहीं घटना की जानकारी मिलते हीं मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंची सदर थाना की पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। बताया जा रहा है कि दो-तीन दिन पूर्व कुछ युवक फैजान की दुकान पर मुर्गा खरीदने पहुंचे थे और इसी दौरान रुपये मांगने के दौरान उनसे विवाद हुआ था जिसके बाद आज एक बाइक पर सवार होकर आये तीन युवकों ने उन्हें गोली मार दी और हथियार लहराते हुए फरार हो गये। इधर इस मामले को लेकर प्रभारी थाना अध्यक्ष इंद्रजीत ताँती ने बताया कि जख्मी के फर्द बयान पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है, बहुत जल्द हीं मामले का खुलासा कर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बिहार राज्य किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय कृषि विपणन नीति के मसौदे की जलाई प्रतियां

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा । संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय व्यापी आह्वान पर सोमवार को जिला मुख्यालय के पश्चिमी बाईपास में शहीद चुल्हाई चौक के निकट बिहार राज्य किसान सभा के कार्यकताओं ने राष्ट्रीय कृषि विपणन नीति के मसौदे की प्रतियां जलाई।।मौके पर किसान सभा के कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसान नेताओं ने इसे तीन कृषि कानून का नया और खतरनाक रूप बताया। नेताओं ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन और उसके कॉरपोरेंट मित्रों की नीतियों ने देश के किसानों पर जबरदस्त हमला बोला है। किसान नेताओं ने कहा कि स्वामीनाथन आयोग के फामूर्ले के तहत एमएसपी को कानून का दर्जा एवं पूर्व में किसान नेताओं के साथ हुए एग्रीमेंट को पूरा करे केन्द्र सरकार। किसान नेताओं ने सभी राज्य सरकारों से इस मसौदे को खारिज करने की मांग की है। किसान नेताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसानों की नहीं कंपनियों की है, इनके कृषि नीति के कारण देश के किसान तबाह और बर्बाद है। कार्यक्रम में बिहार राज्य किसान सभा के प्रांतीय सह संयोजक प्रमोद प्रभाकर, वरीय किसान नेता गणेश मानव, विद्याधर मुखिया, राजेंद्र यादव, रमेश आदि थे।

बिजली विभाग ने चार घरों में किया छापेमारी, चार के खिलाफ दी गई थाने में आवेदन

चौसा (मधेपुरा)। नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड विद्युत प्रशाखा चौसा के सहायक विद्युत कनीय अभियंता राजीव रंजन एवं अन्य अधिकारियों के टीम ने करीब चार अलग-अलग घरों का विद्युत कनेक्शन की जांच की इस दौरान कनेक्शन के बगल से बाईपास विद्युत चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। सहायक विद्युत कन्या अभियंता राजीव रंजन ने बताया कि चौसा पश्चिमी पंचायत के चार लोगों के नाम से थाने में आवेदन दिया है जेई ने बताया कि चौसा पश्चमी के वार्ड संख्या चार के मोहम्मद सिराजुल हक, वार्ड नंबर पांच निवासी मोहम्मद नजीर, वार्ड नंबर 5 निवासी मोहम्मद शाहिद, वार्ड पांच निवासी टुनटुन साह और आजाद मेहता को बाईपास कर बिजली चोरी करने के मामले में चौसा थाने में केस दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है।

शक्ति केन्द्र खाड़ा में मंडल भाजपा ने आयोजित की बैठक, पन्ना प्रमुख बनाने पर दिया गया जोर

नयानगर, उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। आलमनगर विधानसभा के उदाकिशुनगंज दक्षिणी मंडल के खाड़ा शक्ति केन्द्र पर भाजपा ने बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता शक्ति केन्द्र प्रमुख ललित नारायण ठाकुर ने की। खाड़ा में यह बैठक ललित नारायण ठाकुर के निज आवास पर शुक्रवार को आयोजित की गई। इस बैठक में नव मनोनित मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह की शक्ति केन्द्र प्रमुख ललित नारायण ठाकुर एवं बूथ अध्यक्ष मिठ्न ऋषिदेव, प्रमोद पासवान, रंजित कुमार ठाकुर, राजकिशोर राम, रंजू देवी, नागो मेहता ने हार्दिक स्वागत किया। बैठक में मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने सभी बूथ अध्यक्ष को पन्ना प्रमुख बनाने हेतु फार्मेट प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यह बहुत जरूरी है। सभी बूथ अध्यक्ष व शक्ति केन्द्र प्रमुख से आग्रह किया कि मन की बात हो या अन्य कार्यक्रम सभी कार्यक्रम का फोटो नमो एप एवं सरल एप पर समय से अपलोड करें। इस अवसर पर भाजपा नेता सुबोध कुमार चौधरी उर्फ गणगण एवं चंदन कुमार झा ने सभी योजनाओं की जानकारी देते हुए अन्य विषय पर विशेष चर्चा की।

छोटे छोटे कामगार को मिलेगा हर संभव मदद :चन्द्रशेखर यादव

प्रातः किरण संवाददाता

चौसा (मधेपुरा)।प्रखण्ड के बाबा विशु राउत कॉलेज के बगल में लालू पासवान के निजी आवास पर छोटा वाहन कामगार संघ का कार्यालय का उद्घाटन मधेपुरा के बामसेफ वरिष्ठ नेता चन्द्रशेखर यादव ने फीता काट कर किया। इस दौरान उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि यहां की संघ श्रम विभाग बिहार सरकार से निबंधित हो चुका है। अब इस संघ के द्वारा सदस्यों को हक हकूक की लड़ाई लड़ेगे। तथा छोटा वाहन के कामगर को सरकार द्वारा समय समय उनके हितों में मिलने सुविधा के लिये हमेशा संर्घष करते रहेंगे। वहीं उन्होंने कहा यह अधिकार बाबा साहब भीम रॉव अम्बेडकर द्वारा लिखित कानून वर्णित होने के कारण सर जमी लागू हो रहा है। वहीं लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोवर हुसैन ने कहा कि वर्षो से अपेक्षित यह संघ रिजिस्टर का सपना साकार होते नजर आ रहा है। अब छोटे कामगारों को उनका आपेक्षिक श्रमिक को कोई बेईमानी नहीं कर सकता है। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए संघ के सचिव जितेंद्र पासवान ने कहा कि उनके ऊपर दिए गए दायित्व को निर्वहन करने के लिए वह हमेशा तत्व पर रहेंगे। मंच संचालन कर रहे सुबोध सौरभ ने कहा कि संघ से ही शक्ति मिलती है अकेले हम कमजोर महसूस करते हैं इसलिए संघ में आकर अपने अधिकारों और अपनी भागीदारी को सुनिश्चित कर सकते हैं। वहीं मुख्य रूप से मंच संचालन सुबोध सौरभ ने की। मौके पर मुख्य रूप से यूनियन के वरिष्ठ नेता लालू पासवान, पवन पासवान, गंगा पासवान, धर्मेंद्र पासवान, रौशन, पासवान, ज्योतिष पासवान आदि थे।

जीबीएम कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह के तहत एक दिवसीय लघु संगोष्ठी का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

गया। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज के सावित्री महाजन सभागार में कॉलेज की एनएसएस इकाई, सेहत केन्द्र एवं विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी की गया शाखा के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह के अंतर्गत ह्लसमर्थ भारत पर्व एवं भारत का प्रभावशाली इतिहासह्व विषय पर एकदिवसीय लघु संगोष्ठी का आयोजन हुआ है। जिसमें वक्ताओं ने बिंदुवार अपने विचार रखे। संगोष्ठी का शुभारंभ मंचासीन प्रोफेसर इन्चार्ज प्रो अफशां सुरैया, नैक समन्वयक डॉ. शगुफ्ता अंसारी, पीआरओ डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, इस कार्यक्रम संयोजक एनएसएस व सेहत केन्द्र नोडल पदाधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी, विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी के संचालक प्रो. शिवशंकर गुप्ता, संस्था के बिहार-झारखंड संगठक कमलाकांत, नगर संचालक संजय किशोर, डॉ शुचि सिन्हा, प्रीति शेखर, डॉ नुद्रातुन निशा, डॉ फातिमा, डॉ सुरबाला कृष्णा, डॉ सुनीता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन करके एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया है। लघु संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रो. अफशां सुरैया एवं डॉ. शगुफ्ता अंसारी ने स्वामी विवेकानंद को देश के प्रभावशाली महापुरुषों में से एक बताया गया है। डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने स्वामी विवेकानंद की महान जीवनी और मानववादी विचारधाराओं को सभी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके द्वारा सुझाये गये कल्याणकारी आदर्शों पर चलने की आवश्यकता पर बल दिया है। डॉ प्रियंका कुमारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संगोष्ठी की रूपरेखा पर प्रकाश डाला गया है। छात्राओं को स्वामी जी के जीवन मूल्यों को अपने जीवन में उतारने कहा है। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से संजय किशोर ने भारत के गौरवशाली प्रमुख वैज्ञानिकों, स्थापत्य कला, अभियांत्रिकी, योग विद्या, ध्यान, भारतीय जैव विविधता, खजाने, आध्यात्मिक यात्रा, पुनरुत्थान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सविस्तार विचार रखते हुए स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला गया है।

रायभीर पंचायत में लाखों के लागत से बने पंचायत भवन फांक रहा है धूल

प्रिंस कुमार

शंकरपुर (मधेपुरा)। शंकरपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रायभीर पंचायत में बने आरटीपीएस काउंटर का उद्घाटन के बाद कभी ताला नहीं खुला। सरकार की परिकल्पना है कि गांव के लोगों की सरकार गांव में ब्लाक स्तर की सारी सुविधाएं मुहैया हो। इसको लेकर विभिन्न पंचायतों में लाखों की लागत से पंचायत भवन का निर्माण कराया गया है। जहां अब पंचायत सरकार भवन का निर्माण किया जा रहा है। जहां पंचायत भवन, सामुदायिक भवन व मनरेगा भवन सहित अन्य सरकारी भवनों में इसका संचालन किया जाना है। वहां वाई फाई की सुविधा मुहैया दी गई है, ताकि आम लोगों को पंचायत स्तर पर खुले आरटीपीएस काउंटर पर ही जाति, आवासीय, आय, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, दाखिल खारिज सहित भिन्न प्रकार के पेंशन योजनाओं का लाभ मिल सके, लेकिन शंकरपुर प्रखंड के पंचायतों में सिर्फ नाम के लिए आरटीपीएस काउंटर संचालित है। किसी भी ग्रामीण का यहां कोई काम नही होता। काउंटर संचालन के लिए पंचायत में अलग से कार्यालय सहायकों की पदस्थापना की गई, लेकिन कार्यपालक सहायकों की निष्क्रियता व पदाधिकारियों की अनदेखी के कारण रायभीर पंचायतो में संचालित आरटीपीएस काउंटर ठप पड़े हुए है। इसकी जनकारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह भाजपा प्रखंड अध्यक्ष प्रभाष चौपाल ने पत्रकारों को बताया। ग्रामीणों ने बताया कि कभी कभी इसका ताला खुलता है। अधिकांश समय ताला बंद ही रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि उद्घाटन के बाद से कभी भी इसका संचालन नहीं हुआ है। आरटीपीएस वाले भवन के अंदर रखे कुर्सी टेबल व वाईफाई सिस्टम धूल फांक रहा है। इसके बगल में आंगनबाड़ी केंद्र भवन एक परिसर में हैं। चारो तरफ से खुलेदार जगह एवं भवन के अंदर चमचमाती टेल्स लगा हुआ है।

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय
बिहार सरकार
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–74 वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक–22.01.2025 को 12.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति कि तिथि एवं समय : दिनांक–23.01.2025 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक–23.01.2025 को 3.30 बजे अपराह्न से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, भ0नि0वि0, पटना। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित भवन अवर प्रमंडल का कार्यालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. कार्य का विवरणी

क्रम स0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य (ओ0ग्रास)	कार्य समप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Repair and Painting work of J.P Golumbar (Incometax Golumber) Patna on the occarion of 26th Jan-2025 for the year 2024-25.	99545.00	2000-00	500-00	Up to 24 Jan. 2025
2	E/R to statue of Dr B.R Ambedkar sahab on the eve of occasion of 26th Jan.2025 Republic day west patna High court gate Bailey Road Patna, for the year 2024-25.	99562.00	2000-00	500-00	Up to 24 Jan. 2025
3	E/R to National Flag Hosting (Construction Division, Rajya Alpsankhyak Aayog, Electric Division, Mahila Aayog, Residence no.-04 etc) under south Bailey Road Section, Patna on the eve of Republic day (26th Jan.2025) for the year 2024-25.	2 00000.00	4000-00	500-00	Up to 24 Jan. 2025
4	E/R to Flag Hosting in the Campus of Patliputra Division office at Rajbanshi Nagar, Patna on the eve of Republic day (26th Jan.2025) Patna for the year 2024-25.	175000.00	4000-00	500-00	Up to 24 Jan. 2025
5	S/R to flag Hosting on the eve of 26th Jan.2025 at 40 set (IBC) officer's flat at Punaichak, Patna for the year 2024-25.	150000.00	3000-00	500-00	Up to 24 Jan. 2025
6	A/R to Res. No.-5 (Special Vigliance office) on the eve of the flag hosting 26th Jan. 2025 at D.P. Rai path Patna for the year 2024-25.	75000.00	1500-00	500-00	Up to 24 Jan. 2025
7	E/R to Flag Hosting at New Advocate General Office in the East Side Hon'ble High Court Patna on eve of Republic day (26th Jan. 2025) Patna for the year 2024-25.	150000.00	3000-00	500-00	Up to 24 Jan. 2025
8	E/R to National flag Hosting in different Residence MLA, MLC and officer's Residence under Patliputra division, Patna on the eve of Republic day (26th Jan. 2025) at Patna for the year 2024-25.	250000.00	5000-00	500-00	Up to 24 Jan. 2025
9	E/R to flag Hosting in campus of South Bihar Circle at Punaichak Patna for the year 2024-25.	150000.00	3000-00	500-00	Up to 24 Jan. 2025
10	S/R to flag Hosting on the eve of Republic day (26th Jan. 2025) in the campus of 40 set 89-92/40 and 84 set officer's flat at Nehru Path Patna for the year 2024-25	40000.00	800-00	250-00	Up to 24 Jan. 2025
11	E/R to Statue of L.N Mishra Occasion of Birth Anniversary Dated 02.02.2025 west of Patna High Court Gate at South Bailey road, Patna for the year 2024-25.	200000.00	4000-00	500-00	1 week
12	S/R to flag Hosting on the eve of Republic day (26th Jan. 2025) in the campus of K-Block officer's flat at New Punaichak, Patna for the year 2024-25.	150000.00	3000-00	500-00	Up to 24 Jan. 2025

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।
PR- 16890 (B C D) 2024-25
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।
कार्यपालक अभियंता
पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।

बाबर आजम की चमकी किस्मत, इस बल्ले से खेलने पर मिलेंगे 7 करोड़ रुपए

लाहौर, एजेंसी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का 19 फरवरी से आगाज होना है. इससे ठीक पहले पाकिस्तान के दिग्गज खिलाड़ी बाबर आजम ने एक डील साइन की है. रिपोर्ट के मुताबिक बाबर को एक कंपनी के बल्ले से खेलने पर करीब 7 करोड़ रुपए मिलेंगे. बाबर ने चैंपियंस ट्रॉफी से ठीक पहले यह डील साइन की है. इस बार चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन पाकिस्तान और यूएई में होना है. बाबर के साथ-साथ पाक टीम ने भी इसके लिए कमर कस ली है.

पाकिस्तान की एक न्यूज वेबसाइट प्रोपाकिस्तान की खबर के मुताबिक बाबर आजम ने सीए स्पोर्ट्स के साथ करार किया है. वे अब इस कंपनी के लगे स्टीकर वाले बल्ले से खेलते हुए नजर आएंगे. बाबर को इसके लिए कंपनी सालाना करीब 7 करोड़ रुपए देगी. बाबर आजम के बैट को इससे पहले इंग्लैंड की एक कंपनी स्पॉन्सर करती थी. लेकिन उसका करार खत्म हो गया है. लिहाजा अब बाबर सीए स्पोर्ट्स के साथ जुड़ गए हैं.

अभिषेक शर्मा के साथ एयरपोर्ट पर हुई बदतमीजी, छूट गई फ्लाइट

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी अभिषेक शर्मा के साथ दिल्ली एयरपोर्ट पर बदसलूकी हो गई. उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर करके दावा किया है कि एयरलाइन के स्टाफ ने गलत व्यवहार किया है. अभिषेक छुट्टी मनाने के लिए जाने वाले थे. लेकिन एयरपोर्ट पर हुई दिक्कत के बाद उनकी फ्लाइट छूट गई. इसके साथ ही उनकी कोई मदद भी नहीं की गई. अभिषेक को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए चुना गया है. वे भारत-इंग्लैंड सीरीज में खेलते हुए नजर आएंगे.

अभिषेक ने इंस्टाग्राम पर सोमवार सुबह स्टोरी शेयर की. उन्होंने लिखा, दिल्ली एयरपोर्ट पर इंडिगो के साथ मेरा बहुत ही खराब अनुभव रहा. स्टाफ का व्यवहार बर्दाश्त करने जैसा नहीं था. मैं सही काउंटर पर टाइम पर पहुंच गया था ।

ऑस्ट्रेलियन ओपनः

मिशेलसन ने सितसिपास को शुरुआती दौर में बाहर कर किया बड़ा उलटफेर

मेलबर्न, एजेंसी। एलेक्स मिशेलसन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने पूर्व फाइनलिस्ट स्टेफानोस सितसिपास को 7-5, 3-6, 6-2, 6-4 से हराकर टूर्नामेंट की पहली बड़ी जीत दर्ज की। 20 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी ने सटीक खेल दिखाते हुए अपने करियर की पहली टॉप-20 जीत हासिल की और ग्रैंड स्लैम के बड़े मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मिशेलसन ने आक्रामक और रचनात्मक खेल का प्रदर्शन किया, जिससे सितसिपास पूरे मैच के दौरान दबाव में रहे। उनके शानदार ग्राउंड स्ट्रोक और रिस्क लेने की रणनीति ने सितसिपास को उनकी पहली सर्व पर ही लय बनाने का मौका नहीं दिया। मिशेलसन के डाउन-द-लाइन बैकहैंड और फोरहैंड विनर्स ने उनको मुकाबले में बहुत आगे कर दिया। उन्होंने कुल 46 विनर्स मारे, जिसमें 8 ऐस शामिल थे।

मैच के बाद मिशेलसन ने कहा, मैंने खुद को शांत रखने की कोशिश की। मुझे पता था कि यह एक कठिन मुकाबला होगा, और मैं बहुत खुश हूं कि मैं जीत सका। यह सब मानसिकता पर निर्भर करता है। मैंने सही मानसिकता के साथ खेला और अपनी रणनीति को अच्छे से अमल में लाया।

हालांकि, चौथे सेट में खेल में थोड़ा ड्रामा देखने को मिला। 4-2 से आगे होने के बावजूद, मिशेलसन ने तीन लगातार डबल फॉल्ट किए, जिससे उनकी सर्विस टूट गई और सितसिपास ने सेट को 5-5 पर बराबर कर लिया। लेकिन सितसिपास ने भी एक अहम मौके पर डबल फॉल्ट किया, जिससे मिशेलसन को ब्रेक प्वाइंट मिला। मिशेलसन ने इस मौके का फायदा उठाते हुए सेट और मैच अपने नाम किया और दूसरे दौर में जगह बनाई।

इस जीत के साथ मिशेलसन एटीपी लाइव रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 41वें स्थान पर पहुंच गए। यह सितसिपास के खिलाफ उनकी दूसरी जीत थी। इससे पहले उन्होंने पिछले साल टोक्यो में भी सितसिपास को हराया था। लगातार बड़े खिलाड़ियों को हराने के उनके प्रदर्शन से उनकी क्षमता का अंदाजा लगाया जा सकता है। मिशेलसन अब दूसरे दौर में स्पेनिश क्वालिफायर मार्टिन लैंडालूस और ऑस्ट्रेलियन वाइल्ड कार्ड जेम्स मैककैब के बीच विजेता से भिड़ेंगे।

दूसरी ओर, सितसिपास के लिए यह हार एक और बड़ी निराशा साबित हुई। तीन बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनलिस्ट और पूर्व फाइनलिस्ट अब लगातार तीन ग्रैंड स्लैम (विंबलडन, यूएस ओपन और अब ऑस्ट्रेलियन ओपन) के दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। कभी ग्रैंड स्लैम के अंतिम चरणों में नियमित रूप से पहुंचने वाले सितसिपास अब अपनी फॉर्म और भविष्य को लेकर सवालों से घिर गए हैं।

नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिपः

जामवाल का राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में दबदबा कायम, शिव थापा को हराया

नईदिल्ली, एजेंसी। पूर्व युवा विश्व चैंपियन सचिन सिवाच ने हरियाणा के गौरीश पुजानी को लाइटवेट (55 से 60 किलो) वर्ग में हराया। वहीं, लक्ष्य चाहर ने मिजोरम के मालसावम्लुआंगा को लाइट हैवीवेट (75 से 80 किलो) में मात दी। अविनाश जामवार का राष्ट्रीय पुरुष मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी है और उन्होंने सेमीफाइनल में मौजूदा वेल्टरवेट चैंपियन शिव थापा को हरा दिया है। हिमाचल प्रदेश के जामवाल ने इससे पहले 2022 युवा विश्व चैंपियन वंशज कुमार को हराया था। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) ने अपना दबदबा बरकरार रखा और उसके 10 में से आठ मुक्केबाज फाइनल में पहुंच गए। पूर्व युवा विश्व चैंपियन सचिन सिवाच ने हरियाणा के गौरीश पुजानी को लाइटवेट (55 से 60 किलो) वर्ग में हराया। वहीं, लक्ष्य चाहर ने मिजोरम के मालसावम्लुआंगा को लाइट हैवीवेट (75 से 80 किलो) में मात दी। सुपर हैवीवेट (90 और प्लस 90 किलो) वर्ग में उत्तराखंड के नरेंदर ने एसएससीबी के गौरव चौहान को हराया और अब उनका सामना हरियाणा के अंशुल गिल से होगा।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय शुरुआती टीम घोषित

मेलबर्न, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया ने 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 खिलाड़ियों की शुरुआती टीम का ऐलान किया है। यह टूर्नामेंट 19 फरवरी से पाकिस्तान और यूएई में शुरू होगा। ऑलराउंडर मैट शॉर्ट और आरोन हार्डी को टीम में शामिल किया गया है। शॉर्ट ने बिग बैश लीग (बीबीएल) में शानदार प्रदर्शन किया है, जबकि हार्डी एक बढ़िया तेज गेंदबाज ऑलराउंडर हैं। डेविड वॉर्नर के संन्यास के बाद, मैट शॉर्ट ने सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी जगह पक्की कर ली है। जोश हेजलवुड और कप्तान पैट कमिंस, जो श्रीलंका दौरे के लिए टीम में नहीं थे, भी इस बार टीम में हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने भी अपनी जगह बरकरार रखी है।

नाथन एलिस, जिन्होंने होबार्ट हरिकेंस को बीबीएल 14 के फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई, भी टीम में शामिल हैं। हालांकि, जैक फ्रेजर-मैकगर्क को खराब फॉर्म के चलते बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह शॉर्ट को ट्रेविस हेड के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में चुना गया है। कप्तान पैट कमिंस इस टूर्नामेंट में टीम का नेतृत्व करेंगे, लेकिन उनके टखने की चोट के चलते खेलना अभी तय नहीं है। कैमरन ग्रीन (पीठ की सर्जरी) और सीन एबॉट भी टीम का हिस्सा नहीं हैं। चयनकर्ताओं ने टीम में ज्यादा ऑलराउंडरों को शामिल किया है, जिनमें मिच मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस और स्पिन ऑलराउंडर ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन शामिल हैं। एडम जाम्पा मुख्य स्पिनर होंगे, जबकि तेज गेंदबाजी आक्रमण में कमिंस, हेजलवुड और नाथन एलिस होंगे।

चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, यह एक संतुलित और अनुभवी टीम है, जिसमें पिछले वनडे वर्ल्ड कप और अन्य बड़ी सीरीज का अनुभव है। यह टीम हर परिस्थिति में अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम है। ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप बी में रखा गया है, जहां उसके मुकाबले अफगानिस्तान, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका से होंगे। ग्रुप के सभी मैच पाकिस्तान के लाहौर और रावलपिंडी में खेले जाएंगे। सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले के लिए लाहौर या दुबई को चुना गया है। फाइनल 9 मार्च को होगा।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्रारंभिक टीमः

पैट कमिंस (कप्तान), एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा

शेफाली वर्मा ने ठोका तूफानी शतक

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम से बाहर चल रही शेफाली वर्मा का बल्ला रुकने का नाम नहीं ले रहा, उनके बल्ले से रन नॉन-स्टॉप बरस रहे हैं. सीनियर महिलाओं के वनडे चैंलेंजर ट्रॉफी में टीम ष्ठ के खिलाफ तो उन्होंने कहर ही मचा दिया. टीम् से खेलते हुए शेफाली ने इस मुकाबले में शानदार शतक जड़ा. शेफाली ने टूर्नामेंट में अपने पहले शतक की स्क्रिप्ट 60 गेंदों पर लिखी. ये इस टूर्नामेंट में उनका लगातार चौथा फिफ्टी प्लस स्कोर है. इससे पहले वो दो बार नाइन्टीज में आकर आउट हो गईं थी और शतक से चूक गईं थीं ।

चयनकर्ताओं का फैसला गलत नहीं

श्रीलंका टेस्ट सीरीज से बाहर होने पर बोले मैक्सवेल

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल ने कहा कि अगर वह चयनकर्ता होते तो वही फैसला लेते, जो ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने लिया। मैक्सवेल को श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया।

मैक्सवेल ने आखिरी बार 2017 में टेस्ट खेला था। अब वह इस दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया की 16 सदस्यीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। उनकी जगह पहली बार चुने गए ऑलराउंडर कूपर कॉनॉली को टीम में लिया गया है। मैक्सवेल ने इसे पूरी तरह समझने योग्य बताया।

मैक्सवेल के हवाले से कहा, यह बस चयन का मामला है। हमेशा कुछ खिलाड़ी होते हैं जो टीम में जगह चाहते हैं। मैंने कभी नहीं छुपाया कि मैं इस दौरे पर जाना चाहता था, लेकिन मैं उनकी वजहों को पूरी तरह समझ सकता हूं। ऑस्ट्रेलिया पहले ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच चुका है। उनके पास श्रीलंका में दो टेस्ट हैं और अगले कुछ सालों में उपमहाद्वीप के और भी दौरे होंगे। ऐसे में नए खिलाड़ियों को इन परिस्थितियों में खेलने का मौका देना जरूरी है। उन्होंने कूपर कॉनॉली को लेकर कहा, किसी युवा खिलाड़ी के लिए यह अनुभव शानदार होगा। कूपर का पहला टेस्ट दौरा है। अगर मैं चयनकर्ता होता, तो शायद मैं भी यही फैसला लेता। मेलबर्न स्टार्स की ओर से बीबीएल में मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ 52 गेंदों पर 90 रन की धमाकेदार पारी खेलने के बाद मैक्सवेल ने कहा कि वह अपने टेस्ट करियर पर फिलहाल कोई फैसला नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं अभी भविष्य की कोई योजना नहीं बना रहा हूं। मैं फिलहाल अगले मैच की तैयारी पर ध्यान दे रहा हूं। अपनी शानदार पारी के बारे में मैक्सवेल ने कहा, हर चीज मेरे हिसाब से नहीं हो रही थी। शायद हर दूसरी या तीसरी गेंद सही तरीके से खेल पा रहा था। पिच के हालात को देखते हुए मेरा प्लान सिर्फ यह था कि गेंदबाजों पर इतना दबाव बनाऊं कि वह गलतियां करें, चाहे ओवरपिच गेंद डालें या थोड़ी वाइड फेंकें, जिससे मैं अपने शॉट खेल सकूं। उन्होंने यह भी कहा, मुझे लगा कि मैंने कई बार गेंद को सही से हिट नहीं किया और कई बार शॉट्स मिसटाइम हुए। लेकिन मेरा गेम प्लान बहुत सिंपल था - क्रीज पर टिके रहना और सही गेंद का इंतजार करना।

ऑस्ट्रेलियन ओपनः

सिनर-स्वियातेक और गॉफ का जीत के साथ आगाज

अजारेंका-ओस्टापेंको और सितसिपास उलटफेर का शिकार

मेलबर्न, एजेंसी। विश्व रैंकिंग में 42वें स्थान पर काबिज मिचेलसेन पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में डेब्यू करके तीसरे दौर तक पहुंचे लेकिन फ्रेंच ओपन और विम्बलडन में पहले दौर में हार गए और अमेरिकी ओपन में दूसरे दौर तक पहुंचे थे। अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने 2020 की चैम्पियन सोफिया केनिन को सीधे सेटों में 6 . 3, 6 . 3 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपने अभियान की शुरूआत की। गॉफ ने नवंबर में डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीता था और पिछले सप्ताह युनाइटेड कप जीतकर अपनी तैयारियां पुख्ता की। गॉफ का सामना अब ब्रिटेन की जोडी बराज से होगा। अमेरिकी ओपन 2023 चैम्पियन

गॉफ मार्वल से प्रेरित बॉडीसूट और स्कर्ट पहनकर खेल रही हैं।

मिचेलसेन ने किया उलटफेर - वहीं, अमेरिका के ही 20 साल के एलेक्स मिचेलसेन ने 2023 ऑस्ट्रेलियाई ओपन उपविजेता 26 सल के स्टेफानोस सितसिपास को पहले ही दौर में 7-5, 6-3, 2-6, 6-4 से हराकर उलटफेर कर दिया। यह मिचेलसेन के करियर की सबसे बड़ी जीत है। उन्होंने जीत के बाद अपनी मां को शुक्रिया कहा। मिचेलसेन ने तीन वर्ष की उम्र से टेनिस खेलना शुरू किया था। उनकी मां सोंड्रा स्कूल टीचर है जो कॉलेज में टेनिस खेल चुकी थी। जीत के बाद उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि वह देख रहीं होंगी । हम रोज काफी अभ्यास करते थे। बेसलाइन से रोज करीब एक मिलियन बॉल हिट करते थे । वह नहीं होती तो मैं यहां तक कभी नहीं पहुंच पाता। शुक्रिया मां। विश्व रैंकिंग में 42वें स्थान पर काबिज मिचेलसेन पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में डेब्यू करके तीसरे दौर तक पहुंचे लेकिन फ्रेंच ओपन और विम्बलडन में पहले दौर में हार गए और अमेरिकी ओपन में दूसरे दौर तक पहुंचे थे।

इंडिया ओपन बैडमिंटन

इंडिया ओपन में उतरेगा सबसे बड़ा भारतीय दल, सात्विक-चिराग पर रहेगी नजर

नईदिल्ली, एजेंसी। सिंधू अपने विवाह के कारण मलेशिया मास्टर्स से बाहर रहने के बाद वापसी कर रही हैं। हैदराबाद की 29 वर्ष की सिंधू ने सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब जीता था, लेकिन उसमे अधिकांश भारतीय खिलाड़ी ही खेले थे। भारत ने मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में अपना सबसे बड़ा दल उतारा है और नजरें लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर लगी होंगी। दुनिया की पूर्व नंबर एक पुरूष युगल टीम ने 2022 इंडिया ओपन जीता था और 2025 सत्र में पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचकर अच्छी शुरूआत की।

सात्विक-चिराग पर रहेंगी नजरें - पेरिस ओलंपिक की निराशा के बावजूद दोनों पिछले दो साल में भारत के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी रहे हैं । चाइना मास्टर्स 2024 सेमीफाइनल खेल चुके सात्विक और चिराग का सामना पहले दौर में मलेशिया के वेइ चोंग मैन और केइ वुन ती से होगा। उन्हें चीन के ओलंपिक रजत पदक विजेता लियांग वेइकेंग और वांग चांग, पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूइ यिक, डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स रासमुसेन और इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्डियांटो से कड़ी चुनौती मिलेगी।

सिंधू कर रहीं वापसी - इस साल भारत से 21 प्रविष्टियां मिली हैं जिसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू शामिल है। सिंधू अपने विवाह के कारण मलेशिया मास्टर्स से बाहर रहने के बाद वापसी कर रही हैं। हैदराबाद की 29 वर्ष की सिंधू ने सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब जीता था, लेकिन उसमे अधिकांश भारतीय खिलाड़ी ही खेले थे।

सिंधू का पहला मैच अनुपमा से -सिंधू का सामना पहले दौर में अनुपमा उपाध्याय से होगा। वह आगे जापान की तोमोका मियाजाकी से खेल सकती है जिसने उन्हें पिछले साल स्विस ओपन में हराया था। सैयद मोदी खिताब जीतने वाले लक्ष्य सेन मलेशिया में शुरूआती दौर में ही बाहर हो गए थे। यहां तीन साल पहले खिताब जीत चुके लक्ष्य का सामना पहले दौर में चीन के होंग यांग वेंग से होगा।

प्रणय का पहला मैच लि यांग से - पेरिस ओलंपिक प्री क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बाद पांच महीने का ब्रेक लेने वाले एच एस प्रणय मलेशिया में दूसरे दौर में बाहर हो गए थे। यहां पहले दौर में उनका सामना चीनी ताइपै के लि यांग सू से होगा। इसमें जीतने पर उनकी टक्कर इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से हो सकती है। इंदिरा गांधी स्टेडियम में केडी जाधव इंडोर हॉल में होने वाले टूर्नामेंट में ओलंपिक चैम्पियन विक्टर एक्सेलसेन, अन सी यंग और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी शि युकी जैसे धुरंधर दौड़ में हैं।

इतने खिलाड़ी हिस्सा ले रहे - टूर्नामेंट में दुनिया के शीर्ष 20 पुरूष एकल खिलाड़ियों में से 18 और महिला एकल में 14 शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रही हैं। भारतीयों में प्रियांशु राजावतको पहले दौर में छठी वरीयता प्राप्त जापान के कोडाइ नाराओका से जबकि मालविका बंसोड को तीसरी वरीयता प्राप्त चीन की युइ हान से खेलना है। आकर्षि कश्यप का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से होगा। महिला युगल में भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की टक्कर जापान की अरिसा इगाराशी और अयाको साकुरामोतो से होगी। वहीं तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा का सामना ब्रिटेन की चोले कोने और एस्टेले वान लीयुवेन से होगा।

संक्षिप्त खबरें

लॉस एंजिल्स के जंगल की आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर 24 हुयी

लॉस एंजिलिस। लॉस एंजिलिस और उसके आसपास धधक रही जंगल की आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। एबीसी न्यूज ने काउंटी ऑफ लॉस एंजिल्स डिपार्टमेंट ऑफ मेडिकल एग्जामिनर के हवाले से यह खबर दी है। इससे पहले 16 मौतों की सूचना मिली थी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन ने पहले कहा था कि लॉस एंजिल्स की आग से मरने वालों की संख्या बढ़ने की संभावना है क्योंकि कई लोग लापता हैं। कैलिफोर्निया में मंगलवार से कई बार जंगल की आग लगी है, जिसके कारण हजारों लोगों को पलायन करना पड़ा है। न्यूजनेशन ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों के हवाले से शुक्रवार को बताया कि लॉस एंजिल्स पुलिस विभाग ने कैलिफोर्निया में लगी विनाशकारी जंगल की आग में से एक, केनेथ फायर को शुरू करने वाली आगजनी के संदेह में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है।

उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में हल्के विमान दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी क्षेत्र (एनटी) में एक हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार को डार्विन से लगभग 50 किमी दक्षिण-पूर्व में एक मनोरंजक क्षेत्र में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होते समय उस पर 63 वर्षीय पुरुष और 29 वर्षीय महिला सवार थी। एनटी पुलिस, अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं ने रविवार रात एक बयान में कहा कि दुर्घटना की सूचना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10:20 बजे पुलिस को दी गई। आपातकालीन सेवाओं को उस स्थान पर तैनात किया गया जहां 63 वर्षीय पायलट विमान के अंदर मृत पाया गया था।

यमन गैस स्टेशन विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 17 हुई

अदन। यमन के मध्य प्रांत अल-बायदा में एक गैस स्टेशन विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 17 हो गयी है और 74 अन्य घायल हैं, जिनमें से 50 की हालत गंभीर है। हूती नियंत्रण के तहत स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को बताया कि विस्फोट शनिवार को जहेर जिले में हुआ, जहां चिकित्सा एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमें संभावित लापता व्यक्तियों की तलाश में जुटी हुई हैं। इसके अलावा, नागरिक सुरक्षा इकाइयां क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए काम कर रही हैं। इस बीच, हूती-नियंत्रित गृह मंत्रालय ने बताया कि विस्फोट ने चार गैस स्टेशनों और आस-पास की वाणिज्यिक सुविधाओं को प्रभावित किया, जिससे बड़े पैमाने पर सामान की क्षति हुई। अधिकारियों ने घटना के पीछे कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने पहले बताया था कि विस्फोट में 10 लोग मारे गए और 65 से अधिक घायल हो गए। गौरतलब है कि अल-बायदा प्रांत कई वर्षों से हूती नियंत्रण में है।

इजरायली सेना ने लेबनान में हिज्बुल्लाह के ठिकानों पर हमले का किया दावा

यरूशलम। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा कि उसने लेबनानी आंदोलन हिजबुल्लाह के कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया है, साथ ही सीरियाई-लेबनानी सीमा पर उन मार्गों पर भी हमला किया है जिनका इस्तेमाल कथित तौर पर हिजबुल्लाह को हथियारों की तस्करी के लिए किया जाता था। इससे पहले लेबनानी समाचार एजेंसी एनएनए ने बताया था कि इजरायली वायु सेना के विमानों ने दक्षिणी लेबनान में कई हमले किए हैं। सेना ने टेलीग्राम पर कहा, पिछले घंटों में आईडीएफ ने लेबनान में कई हिजबुल्लाह आतंकी ठिकानों पर खुफिया सूचना पर आधारित हमले किए।

लॉस एंजिल्स के जंगल में लगी आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 24 हुई

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी प्रांत कैलिफोर्निया के शहर लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। काउंटी ऑफ लॉस एंजिल्स मेडिकल एक्जामिनर ने रविवार को बताया कि आग के कारण आठ मौतें पैलिसेड्स, 16 मौतें ईटन में हुईं। पैलिसेड्स में लगी आग, जो वर्तमान में लॉस एंजिल्स क्षेत्र में जंगल की सबसे बड़ी सक्रिय आग है, में पिछले मंगलवार से 23,700 एकड़ (लगभग 96 वर्ग किमी) से अधिक क्षेत्र जलकर खाक हो गया है और 5,300 से अधिक संरचनाएं नष्ट कर हो गयी हैं। फिलहाल, आग पर 11 प्रतिशत काबू पा लिया गया है। ईटन में लगी आग में अल्टाडेना और पासाडेना के पास 14,100 एकड़ (लगभग 57.1 वर्ग किमी) से ज्यादा क्षेत्र को जलाकर राख कर दिया है, फिलहाल, इस पर 27 प्रतिशत तक काबू पा लिया गया है।

लेबनान : इजरायली हवाई हमले में तीन की मौत

प्रात : किरण/एजेंसी

बेरूत, 13 जनवरी (वेब वार्ता)। दक्षिणी लेबनान में शेबा फार्म के निकट एक समूह को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में तीन लोगों की मौत हो गई। लेबनान के एक सैन्य सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर सिन्हुआ को बताया कि एक इजरायली ड्रोन ने शेबा शहर के दक्षिण में बस्तरा क्षेत्र में हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइल दागी, जिसके परिणामस्वरूप मौत हुई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, आईडीएफ ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसकी वायु सेना ने इजरायल द्वारा कब्जा किए गए शेबा फार्म क्षेत्र के पास तीन संदिग्धों की पहचान कर उन पर हमला किया। लेबनान के नागरिक सुरक्षा महानिदेशालय ने रविवार को बताया कि उसने लेबनान के खियाम शहर में दो शव, नकौरा शहर में आठ लोगों के शव, बियादाह गांव में दो शव और तायर हरफा गांव से एक शव बरामद किया है। वहीं, इजरायली युद्धक विमानों ने रविवार रात पूर्वी लेबनान में बालबेक शहर के

आसपास के इलाकों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। यह हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच 27 नवंबर, 2024 को युद्ध विराम लागू होने के बाद पहला हमला था। लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने बताया कि बालबेक-हर्मेल जिले के जेंटा शहर में छापेमारी की गई। मगर इस बात की कोई जानकारी नहीं मिली कि इसमें किसी को कोई नुकसान पहुंचा है या नहीं। इस बीच एनएनए के अनुसार दक्षिणी लेबनान में इजरायली युद्धक विमानों ने कई इलाकों को निशाना बनाकर छह हवाई हमले किए। अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्थता से किए गए इस युद्धविराम का उद्देश्य इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच लगभग 14 महीने से चल रही लड़ाई को समाप्त करना था। समझौते की शर्तों में 60 दिनों के भीतर लेबनानी क्षेत्र से इजरायल की वापसी शामिल है, जिसमें लेबनानी सेना लेबनान-इजरायल सीमा पर सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेगी। समझौते में क्षेत्र में हथियारों या आतंकवादियों की किसी भी उपस्थिति पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। युद्ध विराम समझौते के बावजूद इजरायली सेना ने लेबनान में हमले जारी रखे हैं। वहीं इजरायल ने हिजबुल्लाह पर भी युद्ध विराम उल्लंघन का आरोप लगाया है।

गाजा में इजरायल का हवाई हमला, 8 की मौत

सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, सिविल डिफेंस इन गाजा के प्रवक्ता महमूद बसल ने जानकारी देते हुए बताया, गाजा शहर के पश्चिम में अल-शती शरणार्थी शिविर में इजरायली ड्रोन हमले से निशाना बनाकर फिलिस्तीनियों की भीड़ पर हमला किया गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं एक अलग हमले में गाजा शहर के उत्तर-पश्चिम में अल-करामा पड़ोस में हवाई हमले में दो फिलिस्तीनी मारे गए, और गाजा शहर के पूर्व में अल-शुजाइया पड़ोस में इजरायली हमले में दो और मारे गए। इसके अतिरिक्त चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि उत्तरी गाजा के जबालिया शहर में एक युवक की मौत हो गई।

प्रात : किरण/एजेंसी

रामल्लाह। गाजा पट्टी के क्षेत्रों में हुए इजरायली हमलों में आठ फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, सिविल डिफेंस इन गाजा के प्रवक्ता महमूद बसल ने जानकारी देते हुए बताया, ''गाजा शहर के पश्चिम में अल-शती शरणार्थी शिविर में इजरायली ड्रोन हमले से निशाना बनाकर फिलिस्तीनियों की भीड़ पर हमला किया गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई।'' वहीं एक अलग हमले में गाजा शहर के उत्तर-पश्चिम में अल-करामा पड़ोस में हवाई हमले में दो फिलिस्तीनी मारे गए, और गाजा शहर के पूर्व में अल-शुजाइया पड़ोस में इजरायली हमले में दो और मारे गए। इसके अतिरिक्त चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि उत्तरी गाजा के जबालिया शहर में एक युवक की मौत हो गई। जहां प्रत्यक्षदर्शियों ने इस बात की पुष्टि की कि क्षेत्र को निशाना बनाकर इजरायली तोपों से गोलीबारी की गई। फिलिस्तीनी विदेश मंत्रालय ने इजरायल पर आरोप लगाया है कि वह युद्ध

को लंबा करने की कोशिश कर रहा है, जिससे फिलिस्तीनी लोगों को नुकसान पहुंचाया जा सके। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह हिंसा को रोकने और फिलिस्तीनी लोगों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए जल्द ही कदम उठाए।

वहीं संघर्ष के बीच गाजा के निवासियों के लिए समर्थन जुटाने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी चल रही है। फिलिस्तीनी योजना और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्रालय के अवर सचिव महमूद अता ने गाजा के पुनर्निर्माण की योजना की घोषणा की और संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ और विश्व बैंक जैसे अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ समन्वय पर जोर दिया। चल रहे संघर्ष की पृष्ठभूमि में, गाजा के निवासियों के लिए समर्थन जुटाने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी चल रही है। फिलिस्तीनी योजना और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्रालय ने गाजा के पुनर्निर्माण की योजना की घोषणा की, जिसमें संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ और विश्व बैंक जैसे अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ समन्वय पर जोर दिया गया। फिलिस्तीनी योजना एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्रालय के अवर सचिव महमूद अता के अनुसार, फिलिस्तीनी सरकार ने तत्काल मानवीय सहायता और दीर्घकालिक पुनर्निर्माण को प्राथमिकता दी है तथा अगले तीन वर्षों के लिए एक पुनर्प्राप्ति योजना और दस वर्षीय विकास योजना का मसौदा तैयार किया है, जिसके मार्च तक पूरा होने की उम्मीद है। इससे पहले लेबनान के एक सैन्य सूत्र ने कहा कि दक्षिणी लेबनान में शेबा फार्म के पास लोगों के एक समूह को निशाना बनाकर किए गए एक इजरायली हवाई हमले में तीन लोग मारे गए थे।

नाम न बताने की शर्त पर सूत्र ने रविवार को सिन्हुआ को बताया कि एक इजरायली ड्रोन ने शेबा शहर के दक्षिण में बस्तरा क्षेत्र में हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइल दागी, जिसमें लोगों की मौत हुई। इजरायल डिफेंस फोर्सेस (आईडीएफ) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसकी वायु सेना ने इजरायल द्वारा कब्जा किए गए शेबा फार्म क्षेत्र के पास तीन संदिग्धों की पहचान की और उन पर हमला किया।

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में एक और कोयला खदान में हादसा, दो की मौत

प्रात : किरण/एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक और कोयला खदान में हुए हादसे में दो मजूदरों की मौत हो गई। यह हादसा रविवार को हरनाई जिले के खोस्त इलाके की कोयला खदान में हुआ। खदान के अचानक ढह जाने से आठ मजदूर दब गए थे। इनमें से छह को बचा लिया गया। डॉन समाचार पत्र के अनुसार, यह हादसा तब हुआ जब क्वेटा के बाहरी इलाके में संजडी खदान से 11 और शवों की बरामदगी के बाद शेष एक शव को निकालने के लिए खुदाई जारी थी। संजड़ी खदान में 9 जनवरी को शक्तिशाली मीथेन गैस विस्फोट के बाद 12 कोयला खनिक लगभग 4,000 फीट की गहराई में फंस गए थे। 11 पीड़ितों में से 10 मूल रूप से खैबर पख्तूनख्वा के शांगला जिले के और एक स्वात का रहने वाला था।

अधिकारियों के अनुसार, हरनाई जिले के खोस्त कोयला क्षेत्र की हादसाग्रस्त खदान में दरारें आ गई हैं। हादसे में जान गंवाने वाले मजदूरों की पहचान जाहिद और इस्लाहत के रूप में हुई है। दोनों के शव बरामद कर लिए गए हैं। खान एवं खनिज विभाग ने यह खदान बंद कर घटना की जांच के आदेश दिए हैं। पाकिस्तान सेंट्रल माइंस श्रमिक महासंघ के नेताओं ने कोयला खदान हादसों पर चिंता जताई है। उन्होंने सुरक्षा नियमों को लागू करने में सरकार की विफलता की निंदा की।

बाईडेन, नेतन्याहू ने गाजा युद्धविराम वार्ता में प्रगति पर की चर्चा

प्रात : किरण/एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन ने इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ गाजा पट्टी में संभावित युद्धविराम और बंधक रिहाई समझौते के संबंध में दोहा में चल रही वार्ता पर चर्चा की। व्हाइट हाउस ने रविवार को यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा, दोनों नेताओं ने युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के समझौते के लिए दोहा में चल रही बातचीत पर चर्चा की... उन्होंने (बाईडेन) गाजा में युद्धविराम के समझौते की तत्काल आवश्यकता और मानवीय सहायता में वृद्धि के साथ बंधकों की वापसी पर जोर दिया, जो लड़ाई में रोक के कारण संभव हो सके। बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा सर्वसम्मति से समर्थित 27 मई, 2024 की व्यवस्था के आधार पर बातचीत की प्रगति पर चर्चा की। बयान में कहा गया है कि नेतन्याहू ने इजरायल की सुरक्षा और राष्ट्रीय रक्षा के लिए अमेरिका से असाधारण समर्थन के लिए बाईडेन को धन्यवाद दिया।

दक्षिण कोरिया : महाभियोग मुकदमे की पहली सुनवाई में शामिल नहीं होंगे यून सुक योल

प्रात : किरण/एजेंसी

सोल। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल सुरक्षा कारणों से मंगलवार को होने वाली अपने महाभियोग मुकदमे की पहली सुनवाई में शामिल नहीं होंगे, यून के वकील ने रविवार को इसकी पुष्टि की। सिन्हुआ ने साउथ कोरिया के विभिन्न मीडिया आउटलेट्स के हवाले से ये जानकारी दी है। यून के वकील यून गैप-ग्यून के मुताबिक उनकी सुरक्षा और दुर्घटनाओं की आशंका को मद्देनजर रखते हुए ये फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि उच्च-श्रेणी के अधिकारियों के लिए भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) और राष्ट्रीय जांच कार्यालय (एनओआई) राष्ट्रपति को गिरफ्तार करने के लिए प्रयास जारी रखे हुए हैं। वकील ने कहा कि यून के मुकदमे में उपस्थित होने से पहले

सुरक्षा मुद्दों को हल किया जाना चाहिए, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा मुद्दे के हल होने पर यून किसी भी समय उपस्थित रहेंगे। संवैधानिक न्यायालय ने 14 जनवरी को यून के महाभियोग परीक्षण की पहली आधिकारिक सुनवाई का फैसला किया था तथा अगली सुनवाई 16, 21, 23 जनवरी और 4 फरवरी को निर्धारित की गई है। यून के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव 14 दिसंबर, 2024 को नेशनल असेंबली में पारित किया गया था, तथा इसे 180 दिनों तक विचार-विमर्श करने के लिए संवैधानिक न्यायालय को सौंपा गया था। यून जिन्हें जांच एजेंसियों ने विद्रोह के आरोप में संदिग्ध सरगना के रूप में नामित किया था, ने 3 दिसंबर की रात को मार्शल लॉ घोषित कर दिया था, लेकिन कुछ घंटों बाद नेशनल असेंबली ने इसे रद्द कर दिया था। जांचकताओं ने 3 जनवरी को राष्ट्रपति निवास में यून को गिरफ्तार करने का प्रयास किया, लेकिन राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा ने इस प्रयास को विफल कर दिया था। सोल की एक अदालत ने महाभियोग का सामना कर रहे राष्ट्रपति के खिलाफ दूसरा वारंट जारी कर मंगलवार को यून को गिरफ्तार करने के लिए वारंट विस्तार प्रदान किया। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक-योल के समर्थक 12 जनवरी, 2025 को सोल, दक्षिण कोरिया में राष्ट्रपति निवास एकत्रित हुए।

लॉस एंजिल्स के जंगल में आग से सब कुछ तबाह, ताड़ के पेड़ से उठ रहे सवाल

प्रात : किरण/एजेंसी

वॉशिंगटन। लॉस एंजिल्स के जंगल में लगी आग से भारी तबाही मचाई हुई है, जिसमें कई लोगों की जानें और सैकड़ों घर और संपत्तियां जलकर खाक हो गईं। इस विनाशकारी घटना के बाद सोशल मीडिया पर लोग आग लगने के असामान्य पैटर्न और घरों व कारों के जल जाने के बावजूद ताड़ के पेड़ों के बचने पर सवाल उठा रहे हैं। कुछ लोगों का दावा है कि यह आग जानबूझकर लगाई गई है। सोशल मीडिया पर इस थ्योरी को भी बल मिल रहा है कि डायरेक्टेड एनर्जी वेपन का इस्तेमाल कर आग लगाई गई। इसके पीछे उद्देश्य बताया जा रहा है कि नई योजनाओं और शहरों को बसाने के लिए महंगे रिहायशी इलाकों को नष्ट किया जा रहा है। एक अन्य विवादास्पद दावा किया जा रहा है कि कैलिफोर्निया की इंश्योरेंस कंपनियों ने कुछ इलाकों की बीमा पॉलिसियां रद्द कर दी थीं। जिन इलाकों में यह पॉलिसियां रद्द हुईं, वहीं अब आग से प्रभावित इलाके हैं। बीमा कंपनी का कहना है कि जंगल की आग की बढ़ती तीव्रता और आवृत्ति के कारण उन्होंने यह कदम उठाया ताकि वित्तीय संकट से बचा जा सके। कॉन्सपिरेसी थ्योरी के समर्थक ताड़ के पेड़ों की ओर इशारा कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब घर और कारें पूरी तरह जल गईं, तो ताड़ के पेड़ कैसे बचे रहे। हालांकि विशेषज्ञों कहा कहना है कि ताड़ के पेड़ अपनी मोटी छाल और उच्च नमी के कारण आग से बच जाते हैं। साथ ही जंगल की आग आमतौर पर जमीनी स्तर पर ज्यादा फैलती है, जिससे ताड़ के पेड़ों की ऊंचाई पर मौजूद पत्तियां अक्सर बच जाती हैं। फिर भी, कई पेड़ इस आग में जल गए हैं।

हॉलीवुड अभिनेता मेल गिब्सन को भी इस आग से भारी नुकसान उठाना पड़ा है। उनका 15 मिलियन डॉलर का मालिबू स्थित घर आग में जलकर खाक हो गया। गिब्सन ने इस घटना को लेकर कैलिफोर्निया सरकार और गवर्नर गेविन न्यूसोम पर सवाल उठाए हैं। एक साक्षात्कार में गिब्सन ने पूछा कि क्या यह आग जानबूझकर लगाई गई ताकि लोगों को उनकी महंगी प्रॉपर्टी से बेदखल किया जा सके। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आग लगने के दौरान फायर हाइड्रेंट में पानी की अनुपलब्धता एक बड़ी समस्या थी। 7 जनवरी, 2025 को शुरू हुई इस भीषण आग में अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग विस्थापित हो गए हैं।

इमरान-बुशरा से जुड़े अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार केस में फैसला तीसरी बार टला

प्रात : किरण/एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक जवाबदेही अदालत (भ्रष्टाचार रोधी अदालत) ने 19 करोड़ पाउंड (करीब 50 अरब पाकिस्तानी रुपये) के अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ आज अपना फैसला तीसरी बार टाल दिया। जियो न्यूज के अनुसार, इस्लामाबाद स्थित भ्रष्टाचार रोधी अदालत ने अब फैसला सुनाने की नई तारीख 17 जनवरी मुकर्रर की है। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी से संबद्ध इस केस की सुनवाई 18 दिसंबर को पूरी की थी और फैसला 23 दिसंबर तक के लिए सुरक्षित रख लिया था। बाद में उन्होंने फैसला सुनाने की अगली तारीख छह जनवरी तय की थी। राणा छह जनवरी को छुट्टी पर थे, इसलिए फैसला 13 जनवरी के लिए टाल दिया गया था। न्यायाधीश नासिर जावेद ने आज आरोपितों के उपस्थित नहीं होने पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि वह सुबह 8:30 बजे से अदालत में मौजूद थे। अल कादिर ट्रस्ट केस में फैसला ऐसे समय स्थगित हुआ है, जब संघीय सरकार और इमरान खान के नेतृत्व वाली पीटीआई के बीच बातचीत जारी है। देश में राजनीतिक अस्थिरता का माहौल है। इमरान और उनकी पार्टी के कई नेता जेलों में बंद हैं। दिसंबर 2023 में अल कादिर ट्रस्ट मामले में केस दर्ज किया गया। इसमें इमरान खान और बुशरा बीबी और छह अन्य लोगों को आरोपित बनाया गया था।

जंगल की आग : लॉस एंजिल्स के लिए नए जोखिम पैदा कर सकती हैं तेज हवाएं

प्रात : किरण/एजेंसी

लॉस एंजिल्स अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के जंगलों से फैली आग ने लॉस एंजिल्स में तबाही मचा दी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शहर की मुश्किलें अभी और बढ़ सकती हैं। लॉस एंजिल्स क्षेत्र में विनाशकारी जंगल की आग से जूझते हुए अग्निशमन दल को परेशानियों की सामना करना पड़ सकता है। यहां आने वाले दिनों में हवाएं तेज होने की उम्मीद है, जिससे बचाव कार्यों में परेशानी आ सकती है। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि तेज हवाएं और लगातार शुष्क मौसम क्षेत्र में आग के खतरे को बढ़ा रहे हैं। रविवार को उत्तर-पूर्वी हवा की गति 50 मील (लगभग 80 किमी) प्रति घंटे से अधिक हो गई, और आने वाले दिनों में सांता एना की तेज हवाएं भी चलने का अनुमान है। वहीं, लॉस एंजिल्स काउंटी के फायर चीफ एंथनी मार्रोन ने कहा कि ये हवाएं लॉस एंजिल्स काउंटी में आग के खतरे को और बढ़ा देंगी। कैलिफोर्निया के वानिकी और अग्नि सुरक्षा विभाग के अनुसार लॉस एंजिल्स काउंटी में अभी भी तीन जंगलों आग लगी हुई है, जो लगभग 40,300 एकड़ (लगभग 163 वर्ग किमी) को जलाकर राख कर रही है। आग से मरने वालों की संख्या रविवार तक बढ़कर 24 हो गई है। इनमें आठ लोग पैलिसेड्स की आग (सांता मोनिका के पहाड़ों पर) से और 16 लोग ईटन की आग (अल्टाडेना इलाके में) से मारे गए हैं। कैलिफोर्निया के वानिकी और अग्नि सुरक्षा विभाग ने बताया कि दो सबसे बड़ी आगों पर 11 प्रतिशत और 27 प्रतिशत काबू पा लिया गया है। इस आग में 12,300 से अधिक इमारतें नष्ट हो चुकी हैं। वहीं एक लाख से अधिक लोगों को आपदा क्षेत्रों से निकाला गया है। कैलिफोर्निया के गवर्नर के कार्यालय के अनुसार, गवर्नर गेविन न्यूसम ने रविवार को कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड के अतिरिक्त 1,000 सदस्यों को लॉस एंजिल्स में तैनात किया है।

दोस्ती भारत-अफगानिस्तान के इस बढ़ते सहयोग से पाकिस्तान में चिंता की लहर दौड़ गई है।

पाकिस्तान के मंसूबों पर पानी फेर रही भारत और अफगानिस्तान की दोस्ती

प्रात : किरण/एजेंसी

इस्लामाबाद। भारत और अफगानिस्तान के बीच चल रही दोस्ती से पाकिस्तान परेशान हो गया है। खासतौर से तब, जब अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी और भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री के बीच दुबई में बैठक हुई। इस बैठक ने पाकिस्तान के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व को हिलाकर रख दिया है। इस बैठक में द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर गहन चर्चा हुई। भारत-अफगानिस्तान के इस बढ़ते सहयोग से पाकिस्तान में चिंता की लहर दौड़ गई है। इस्लामाबाद में अब उच्चस्तरीय बैठकें हो रही हैं, जहां नीति-निर्धारक अफगानिस्तान के प्रति आक्रामक रुख पर पुनर्विचार कर रहे हैं।

भारत ने हाल ही में अफगानिस्तान में पाकिस्तानी वायु हमले की कड़ी निंदा की थी, जिसमें 46 लोग मारे गए थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। इस घटना के बाद अफगानिस्तान द्वारा भारत को महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और आर्थिक साझेदार बताए जाने से पाकिस्तान की अफगान नीति की आलोचना तेज हो गई है। रणनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि पाकिस्तान के लिए चेतावनी का समय है। उन्होंने बताया

कि तालिबान के कब्जे से पहले भारत अफगानिस्तान में प्रमुख भूमिका निभा चुका है और उसने पुनर्निर्माण परियोजनाओं पर तीन बिलियन डॉलर का निवेश किया था। उन्होंने कहा कि भारत अब अफगान तालिबान के साथ संतुलित और सावधानीपूर्वक काम कर रहा है, जबकि पाकिस्तान का अफगानिस्तान के प्रति दृष्टिकोण अत्यधिक आक्रामक हो गया है। पाकिस्तान अफगान तालिबान पर आरोप लगाता है कि वह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को सुरक्षित पनाहगाह देता है, जबकि काबुल इन आरोपों से इनकार करता आया है। टीटीपी पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों को अंजाम देकर सरकार को गिराने का प्रयास कर रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि कंधार स्थित तालिबान नेतृत्व के साथ सीधे संवाद कर पाकिस्तान इस समस्या का हल निकाल सकता है। पाकिस्तान की मौजूदा नीति, जिसमें संवाद कम और आक्रामकता अधिक है, पर भी सवाल उठ रहे हैं। 2023 में तालिबान द्वारा जारी एक फतवे का जिक्र करते हुए विशेषज्ञों ने सुझाव दिया है कि इस फतवे का उपयोग तालिबान को टीटीपी के खिलाफ कड़े कदम उठाने के लिए मनाने में किया जा सकता है। भारत और अफगानिस्तान की बढ़ती नजदीकियां पाकिस्तान के लिए रणनीतिक चुनौती बनती जा रही हैं। विश्लेषकों का मानना है कि अगर इस्लामाबाद ने अपनी नीति में बदलाव नहीं किया तो यह क्षेत्रीय अस्थिरता को और बढ़ा सकता है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129